वर्ष-31, अंक- 296, पृष्ठ-12 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 03, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार
12 अगस्त 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

**एक नजर**

### गंभीर बनी हुई है मंत्री रामदास सोरेन की स्थिति



**रांची।** झारखंड के स्कूली शिक्षा व निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उनके इलाज में लगी चिकित्सकों की टीमों के संयोजक डॉ केएन सिंह ने बताया कि पिछली बैठक के बाद जो टेस्ट किए गए थे, उनकी रिपोर्ट आ गई है। टेस्ट के हिसाब से मस्तिष्क में हुए रक्तस्त्राव के कारण उनकी स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है, लेकिन स्थिर है। शरीर के अन्य सारे वाइटल पैरामीटरस सामान्य है।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह के कार्यक्रम स्थल का डीसी ने किया निरीक्षण

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री सोमवार शाम स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर मोरहाबादी मैदान में चल रही तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मैदान में किए जा रहे सभी व्यवस्थात्मक कार्यों का जायज़ा लिया और उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मुख्य मंच, परेड ग्राउंड, अतिथि दीर्घा, आम जनता के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सजावट, सुरक्षा प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, चिकित्सीय सुविधा एवं आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों की समीक्षा की।

### गुरुजी के श्राद्धकर्म में होगी वीआइपी और जनता की भारी भीड़

# 9 आइपीएस व 40 डीएसपी सहित रांची के पूर्व डीसी की हुई प्रतिनियुक्ति

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म के दौरान विधि व्यवस्था संभालने के लिए नौ अतिरिक्त आईपीएस अधिकारियों एवं 40 डीएसपी की तैनाती की जा रही है। आईपीएस अधिकारियों को 14 से 16 अगस्त तक रामगढ़ जिले के नेमरा में तैनात किया गया है।

इन आईपीएस अधिकारियों में डीआईजी रेल प्रियदर्शी आलोक, कमांडेंट जैप-7 हजारीबाग किशोर कौशल, संयुक्त निदेशक झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग अंजनी कुमार झा, एसपी विशेष शाखा हृदीप पी जनार्दन सहित रांची के पूर्व डीसी वर्तमान खान निदेशक राहुल सिन्हा को वरीय प्रभारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। उनके साथ रांची के एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वर नाथ अलोक, कांके सीओ अमित भगत, अरगोड़ा सीओ नितिन गुप्ता, बुढ़मू सीओ सचिदानंद कुमार वर्मा, खलारी सीओ प्रणव अंबष्ठ और रांची सदर के कार्यपालक दंडाधिकारी असीम कुमार बाड़ा की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। ये सभी अधिकारी श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान विधि व्यवस्था संभालेंगे। ज्ञात हो कि 16 अगस्त 2025 को दिवंगत शिबू सोरेन का श्राद्धकर्म उनके पैतृक गांव नेमरा में आयोजित होगा। इस दौरान पूरे झारखंड से कई लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने नेमरा पहुंचेंगे। इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजधर्म निभाते हुए अपने 'बाबा' दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म के हर कार्य को पारंपरिक रीति-रिवाज से प्रत्येक दिन पूरा कर रहे हैं। इसमें उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन भी पूरा साथ दे रही हैं।



- 16 अगस्त को रामगढ़ के नेमरा में होगा दिवंगत शिबू सोरेन का श्राद्धकर्म
- ये सभी अधिकारी श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान विधि व्यवस्था संभालेंगे
- रांची जिले से छह अधिकारियों की हुई है प्रतिनियुक्ति



### हिमालयी राज्यों की तरह झारखंड में हुई लैंड स्लाइड की घटना

# हजारीबाग में धंसा बभनबे पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा

- सैकड़ों टन मलबा गिरा, जानमाल की क्षति नहीं
- दहशत में हैं पहाड़ी की तराई में बसे गांव के लोग

**नवीन मेल डेस्क**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में सोमवार को वह घटना घटी, जो सामान्यतः हिमालय की गोद में बसे राज्यों में भारी बारिश के दौरान होती है। कोई सोच भी नहीं सकता था कि हजारीबाग में पहाड़ खिसकने या भूस्खलन (लैंड स्लाइड) की घटना होगी, लेकिन ऐसा हो गया। हजारीबाग पठारी इलाका है, जहां आमतौर पर भूस्खलन जैसी घटना नहीं होती। लेकिन, झारखंड में लगातार हो रही भारी बारिश का असर अब पहाड़ों पर भी दिखने लगा है।

हजारीबाग शहर से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित बभनबे पहाड़ी पर सोमवार को एक बड़ा हिस्सा अचानक खिसककर नीचे आ गया। अच्छी बात यह रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। बभनबे पहाड़ी की तराई में पांच सौ मीटर की दूरी पर बभनबे गांव है। यह गांव घनी आबादी वाला है। सोमवार के इस हादसे के बाद गांव में लोग दहशत में आ गए हैं। जानकारी के अनुसार, मूसलाधार बारिश के बीच बभनबे पहाड़ी का बड़ा हिस्सा खिसककर नीचे आ गया और देखते ही देखते मिट्टी व पत्थरों का सैकड़ों टन मलबा पहाड़ी के नीचे आ गिरा। यहां अक्सर लोग पहाड़ी की तराई में खेती और पशुपालन करते हैं, लेकिन सोमवार को जिस वक्त हादसा हुआ, वहां कोई नहीं था। लोगों का कहना है कि ऐसा दृश्य उन्होंने केवल उत्तराखंड या हिमालयी राज्यों की खबरों और तस्वीरों में देखा था। हजारीबाग में पहाड़ खिसकने की घटना सुनना तो दूर, देखने की कल्पना भी नहीं की थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले कई दिनों से जारी मूसलाधार बारिश ने पहाड़ की मिट्टी को कमजोर कर दिया था। और, इसके चलते चट्टानें दरक कर नीचे आ गईं। पहाड़ के गिरते हुए हिस्से का एक वीडियो भी सामने आया है। हजारीबाग जिला प्रशासन ने घटना के बाद लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।



शेष पेज 11 पर...

#### लोगों की आवाजाही रोकने का आदेश

मुफस्सिल थाना प्रभारी कुणाल किशोर ने एहतियातन प्रभावित इलाके में लोगों की आवाजाही रोकने का आदेश दिया है। हादसे में कोई जनहानि या बड़े पैमाने पर नुकसान नहीं हुआ, लेकिन प्रशासन मानता है कि खतरा पूरी तरह टला नहीं है। आपदा प्रबंधन दल अलर्ट पर है। कुछ साल पहले तक इस पहाड़ी पर पत्थरों का खनन होता रहा है।

#### भूस्खलन के बाद तुरंत स्थान खाली कर दें

यदि कोई व्यक्ति भूस्खलन के आसपास हो, तो उसे तुरंत स्थान खाली कर देना चाहिए। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपने परिवार या पड़ोसियों को सूचित करना चाहिए और भूस्खलन के रास्ते से तुरंत बाहर निकल जाना चाहिए। ध्यान देने वाली बात यह है कि धीमी गति से चलने वाले भूस्खलन में भी काफी शक्ति होती है, जो पत्थरों, पेड़ों और इमारतों को हिला देती है।

#### कई कारणों से होता भूस्खलन

भूस्खलन एक प्राकृतिक आपदा है, जो भूकंप, भारी बारिश, या मानव गतिविधियों के कारण हो सकता है। वर्षा, बर्फ पिघलने, जल स्तर में परिवर्तन, नदी के कटाव, भूजल में परिवर्तन, भूकंप, ज्वालामुखी गतिविधि, मानवीय शेष पेज 11 पर...

## गोड्डा में हिस्ट्रीशीटर नेता सूर्या हांसदा की मुठभेड़ में मौत

- भाजपा और जेएलकेएम के टिकट पर लड़ा था विधानसभा चुनाव

**नवीन मेल डेस्क**



**गोड्डा।** गोड्डा जिले में कई आपराधिक मामलों में आरोपी रहे पूर्व भाजपा नेता सूर्या हांसदा की पुलिस के साथ एक मुठभेड़ में मौत हो गई। यह मुठभेड़ जिले के बोआरीजोर थाना क्षेत्र के जिरली समारी पहाड़ी के पास हुई है। मुठभेड़ के बाद पहाड़ी के पास बड़ी संख्या में पुलिस और प्रशासन के जवान तैनात हैं। किसी को भी वहां जाने की इजाजत नहीं है। वैसे, पहाड़ी के पास बड़ी संख्या में लोग जुट गए हैं। जानकारी के अनुसार, सूर्या हांसदा को रविवार को देवघर से गिरफ्तार किया गया था और पुलिस उसकी निशानदेही पर ललमटिया जंगल में छुपाए गए हथियार बरामद करने गई थी। इसी दौरान उसने पुलिसकर्मी का हथियार छीनकर भागने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में मार गिराया। पुलिस ने सूर्या हांसदा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। गोड्डा के एसपी मुकेश कुमार ने सूर्या हांसदा की मौत की पुष्टि की है। सूर्या हांसदा ललमटिया थाना क्षेत्र के डकैता गांव के निवासी थे। वर्ष 2019 में उसने भाजपा के उम्मीदवार के तौर बोरियो विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था। वर्ष 2024 में भाजपा ने उसे टिकट नहीं दिया था। इसके बाद उसने जेएलकेएम (झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा) के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था। हालांकि, वह चुनाव हार गया था। सूर्या हांसदा पर दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं। बीते 27 मई को ईसीएल (ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि.) की राजमहल परियोजना के पहाड़पुर क्षेत्र में गोलीबारी की वारदात में भी सूर्या की संलिप्तता सामने आई थी। इस गोलीबारी में परियोजना के एक ऑपरेटर घायल हो गया था। पुलिस ने घटना के बाद प्रेस वार्ता में बताया था कि यह वारदात सूर्या हांसदा के इशारे पर अंजाम दी गई थी। साहिबगंज जिले में क्रशर मिल में ट्रक और ट्रक जलाने के मामले में भी सूर्या हांसदा के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। तीन साल पहले पुलिस ने उसे एक आपराधिक मामले में जेल भेजा था। हाल के महीनों में हुई वारदातों में सूर्या का नाम सामने आने के बाद पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लंबे समय से छापेमारी कर रही थी।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

**आज / कल**




## सुप्रीम कोर्ट ने तलाक ए हसन पर मांगी राय

- एनएचआरसी, एनसीडब्ल्यू व एनसीपीसीआर से मांगी गई है राय
- मामले की अगली सुनवाई 19 और 20 नवंबर 2025 को होगी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम समुदाय में प्रचलित तलाक ए हसन, तलाक ए अहसन, तलाक ए किनाया और तलाक ए बाईन जैसी प्रथाओं पर गहन जांच शुरू की है। कोर्ट ने इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) से राय मांगी है। यह कदम तलाक पीड़िता बेनजीर हिना की याचिका के बाद उठाया गया है। मामले की अगली सुनवाई 19 और 20 नवंबर 2025 को होगी। कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा कि तीन तलाक (तलाक-ए-बिदत) को वर्ष 2017 में असंवैधानिक घोषित करने के बावजूद, तलाक-ए-हसन जैसी प्रथाएं अब भी जारी हैं। तलाक-ए-हसन में तीन महीने के अंदर हर महीने एक बार तलाक कहा जाता है, जिससे रिश्ता खत्म हो जाता है। इससे महिलाओं और उनके बच्चों की जिंदगी पर गहरा असर पड़ रहा है। कोर्ट ने इन प्रथाओं के सामाजिक और कानूनी प्रभावों की जांच के लिए आयोगों को नोटिस जारी किया है। सोमवार की सुनवाई में अखिल भारतीय मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इन जनहित याचिकाओं का विरोध किया और कहा कि ये याचिकाएं विचारणीय नहीं हैं।

शेष पेज 11 पर...

## लोकसभा में नया आयकर विधेयक 2025 पास

**संसद का मानसून सत्र**

- कराधान कानून (संशोधन) विधेयक 2025 भी हुआ पारित

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** लोकसभा में सोमवार को विपक्षी सदस्यों द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ नारेबाजी के बीच दो प्रमुख वित्तीय विधेयक - आयकर विधेयक, 2025 और कराधान कानून (संशोधन) विधेयक, 2025 - को पारित किया गया। इन विधेयकों को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया, जिन्होंने सदन से आयकर अधिनियम, 1961 और वित्त अधिनियम, 2025 में संशोधनों पर विचार करने का आग्रह किया। सोमवार की शाम 4:00 बजे लोकसभा की कार्यवाही के दौरान विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच दोनों विधेयकों को ध्वनिमत से पारित किया गया। आयकर विधेयक, 2025 छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेगा। इसमें भाजपा सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली संसदीय चयन समिति की 285 से अधिक सिफारिशों को शामिल किया गया है। संशोधित मसौदा 'कर' भाषा को सरल करता है, कटौतियों को स्पष्ट करता है और प्रावधानों के बीच क्रॉस-रेफरेंसिंग को मजबूत करता है। खासकर यह मकान संपत्ति से आय के आसपास की अस्पष्टताओं को स्पष्ट करता है, जिसमें मानक कटौती और होम लोन पर प्री-कंस्ट्रक्शन ब्याज शामिल हैं। विधेयक में 'पूंजीगत संपत्ति', 'लघु और छोटे उद्यम' और 'लाभार्थी स्वामी' जैसे शब्दों की स्पष्ट परिभाषाएं दी गई हैं। साथ ही, पेंशन योगदान और वैज्ञानिक अनुसंधान व्यय के लिए कर उपचार को संरेखित किया गया है। यह 1 अप्रैल, 2026 से लागू होगा। साथ ही, कराधान कानून (संशोधन) विधेयक, 2025 लक्षित सुधारों को प्रस्तुत करता है। यह एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के ग्राहकों को कर छूट का विस्तार करता है, इसे राष्ट्रीय पेंशन शेष पेज 11 पर...



## बांग्लादेश से हैं सबसे ज्यादा अवैध प्रवासी

- घुसपैठ पर लग रही लगाम, विशेष टास्क फोर्स के जरिए अवैध प्रवासियों पर शिकंजा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान, बांग्लादेश और म्यांमार से आने वाले अवैध प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का फैसला किया है। विभिन्न राज्य सरकारों से मिले आंकड़ों के अनुसार, सबसे ज्यादा अवैध प्रवासी बांग्लादेश से हैं, इसके बाद म्यांमार और पाकिस्तान का स्थान है। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों की संख्या चिंताजनक है और कई इलाकों में उन्होंने जनसंख्या का संतुलन बदल दिया है। एजेंसियों की एक डोजियर रिपोर्ट में इन प्रवासियों के घुसपैठ के तौर-तरीकों और उन रास्तों का जिक्र है, जिनके जरिए वे वर्षों से निर्वासन से बचते रहे हैं। भारत में प्रवेश के मुख्य रास्ते चापली, मालदा, मुर्शिदाबाद, 24 परगना और दिनेशपुर हैं। इस आधार पर इन इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। बांग्लादेश में जारी संकट के चलते घुसपैठ की कोशिशें और बढ़ गई हैं। अवैध प्रवासियों को घुसपैठ में मदद करने वाले दलालों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। इन दलालों का नेटवर्क बेहद बड़ा है, जिनके 50 से 100 एजेंट उन राज्यों में फैले हैं, जहां ये प्रवासी भेजे जाते हैं। दलाल घुसपैठ की व्यवस्था करते हैं, जबकि एजेंट उन्हें काम दिलाने और पहचान पत्र (आधार, वोटर आईडी) उपलब्ध कराने का काम करते हैं।

**इंडिया**

## 1 प्रतिशत वाहन संख्या वाले भारत में हर 4 मिनट पर मौत क्यों ?

विश्व बैंक की 2021 में आई एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार भारत में दुनिया के एक प्रतिशत वाहन हैं लेकिन सड़कों पर वाहन दुर्घटनाओं के चलते विश्वभर में होने वाली मौतों में 11 प्रतिशत मौतें भारत में होती हैं। देश में हर घंटे 53 सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और हर चार मिनट में एक मौत होती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार वर्ष 2022 में कुल 7,00,688 दुर्घटनाएं रिपोर्ट की गईं, जिनमें 4,22,444 लोगों की मृत्यु हुई और 4,28,435 लोग घायल हुए। आंकड़ों के अनुसार, सड़क दुर्घटनाएं अत्यधिक गति, मोबाइल फोन का उपयोग, शराब और नशीली दवाओं का सेवन कर वाहन चलाने, गलत साइड या लेन पर वाहन चलाने, अनुशासनहीनता, लाल बत्ती पार करने, हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करने, वाहनों की स्थिति, मौसम की स्थिति, सड़क की स्थिति आदि जैसे अनेक कारणों से होती हैं। जिस परिवार के लोग मारे जाते हैं या अपंग होते हैं उनका दुःख समझना आसान नहीं पर यह सिर्फ मानव जीवन का नुकसान नहीं होता, बल्कि यह स्वास्थ्य देखभाल, उपचार और बचाव कार्यों पर होने वाले खर्चों में भी वृद्धि करता है। झारखंड की ताजा डरावनी खबरें ऐसी हैं रांची में कार ने स्कूटी को रौंदा, मां-बेटी समेत 3 की मौत,रक्षाबंधन का त्योहार मनाकर पलामू से बोकारो लौट रहा एक परिवार लातेहार में सड़क हादसे का शिकार हो गया. कार हादसे में मां-बेटी की मौत हो गई, जबकि दो बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। ऐसे समाचार आते हैं जाते हैं और फिर सब कुछ सामान्य हो जाता है कभी आप किसी अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में जहां दुर्घटना का इलाज होता है वहां चले जाएं या वैसे परिवारों में जहां पर दुर्घटना के बाद लोगों की क्या स्थिति होती है यह समझने का प्रयास करें तो शायद दूसरों की तो नहीं आपकी अपनी रफ्तार कम हो जाएगी या आपके मन में यह चिंता जरूर होगी कि जो इस परिवार के साथ हो रहा है वह कहीं मेरे साथ ना हो। समाज के पास युवाओं के पास और यहां तक की सरकार के पास भी सभी के पास जवाब है आप किसी से बात करिए सभी एक दूसरे पर दोसा रोपण करेंगे लेकिन जहां सड़क दुर्घटनाएं कम होती है वहां और अगर झारखंड की बात करें तो हम पाएंगे कि झारखंड में मॉनिटरिंग की कमी के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही है और यह तभी रोक सकता है जब हम सामूहिक प्रयास करें सिर्फ सरकार या ट्रैफिक से जुड़े हुए अधिकारियों पर हम सारी जिम्मेदारी नहीं डाल सकते क्योंकि प्रशासन ढीला हो सकता है रांची में ही स्पीडगन लगी लगभग पौना करोड़ की कारें पता नहीं क्या गति नियंत्रित करती है लेकिन रांची के नवीनतम रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर से लेकर किसी भी सड़क पर गति सीमा का लिखा जाना कुछ उसी प्रकार का है जैसे सिगरेट या शराब के डब्बों में वैधानिक चेतावनी लिखी रहती है और बहुत कम लोग उसे पढ़ते हैं या अपने ऊपर लागू करते हैं इन सडकों पर उल्टी दिशा से आने वाली गाडियां विशेषकर बाइक किसी दिन बड़ी दुर्घटना के करक बनेंगे । भारत के कुछ राज्यों सहित विदेशों में इस गति सीमा का अनुपालन बहुत ही सख्ती से किया जाता है और उन पर भी जो कार्रवाई होती है वह लोगों में भय पैदा करती है पर राजधानी रांची की स्थिति यह है की रांची के राजपथ में एक बार में भोजपुरी गाने को लेकर हुए विवाद में फायरिंग हुई कथित वीआइपी के बॉडीगार्ड ने ऐसा किया ! जब खुलेआम शराब या ड्रग्स लेकर वाहन चलाएंगे और पुलिस सिर्फ सीट बेल्ट और हेलमेट चेक करती रहेगी तो ऐसी दुःखद घटनाओं पर रोक नहीं लगाई जा सकती।



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक



## जर्जर सड़क से राहगीर परेशान



**पंडवा।** प्रखंड अंतर्गत छेछौरी ग्राम मे सदाबह नदी के किनारे चिल्हि सड़क कि जर्जर हालत से आमजन परेशान हैं। जगह-जगह बने गड्ढों और उखड़े हुए डामर के कारण राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात में इन गड्ढों में पानी भर जाने से हादसों की संभावना और बढ़ जाती है। सड़क जर्जर इतनी जर्जर है हर रोज सड़क दुर्घटना होती रहती है, लेकिन अब तक किसी का ध्यान नहीं गया और बनाने का प्रयास किया गया है।

### फाइलेरिया दवा सेवन करने को लेकर लोगों को किया जायेगा जागरूक

# 3 लाख लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य : एसडीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए टीम गठित कर कार्यक्रम में 663 स्वास्थ्य कर्मियों को लगाया गया है। जिसमें 2 लाख 91 हजार 85 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर मुख्य रूप से ओम प्रकाश गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी एवं चिकित्सा प्रभारी डॉ. बिनेश कुमार, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, प्रेम मणि सुधांशु, प्रखण्ड लेखा प्रबंधक, धीरेन्द्र कुमार, एमटी एस, दिलीप कुमार एवं दिलीप उरांव, एम पी डब्लू, कुमारी सुमन सिंह, बीटीटी के द्वारा संयुक्त रूप से मौजूद थे। इसके अलावा चिकित्सा प्रभारी सहित कई लोगों ने आईडीए का दवा खाकर लोगों प्रेरित भी किया। चिकित्सा प्रभारी डॉ.बिनेश कुमार ने अभियान



की पूरी जानकारी दी। डॉ बिनेश कुमार ने बताया कि फाइलेरिया एक घातक रोग है,जो मच्छरों के काटने से होता है। जिसे आम भाषा में हाथी पांव भी कहा जाता है। इस बीमारी की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने 2027 तक इसके सम्पूर्ण उन्मूलन का संकल्प लिया है। अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि एक मच्छर आपको जिंदगी भर के लिए विकलांग बना सकता है। इसलिए इसे रोक थाम के लिए फलेरिया की दवा खाना और सफाई पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। फाइलेरिया उन्मूलन के तहत यह विशेष अभियान 10 अगस्त से शुरू हो गया है और 11 अगस्त से लेकर 25 अगस्त तक आंगनबाड़ी सेविका व सहिया घर-घर जाकर लाभुकों को दवा खिलाएंगे। उन्होंने बताया कि अनुमंडल हुसैनाबाद के अंतर्गत कुल तीन लाख तीस हजार 778 आबादी आती है। जिसमें से दो लाख 91 हजार 85 लोगों को दवा देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिये करीब 634 कर्मियों को लगाया गया है। जिसमें सभी आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया व सामाजिक कार्यकर्ता को शामिल किया गया है। इसके लिए 31 केंद्र बनाया गया है। जिसमें 6 ट्रांजिट व 317 टीम के सदस्य दवा वितरण का कार्य कर रहे है। प्रभारी ने स्पष्ट किया कि यह दवा केवल सामान्य लोगों को ही दी जायेगी। गर्भवती महिलाएं,दो साल से कम उम्र के बच्चे व गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जानी है. साथ ही लोगों को दवा सेवन के समय खाली पेट न रहने की जानकारी दी गई।

# बीडीओ ने किया बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड क्षेत्र स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का बीडीओ विनय कुमार ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की उपस्थिति पंजी की जांच की। इस दौरान अनुपस्थित पाए जानेवाले शिक्षिका, आउटसोर्सिंग कर्मी,पार्ट टाइम स्टाफ और रसोईया का एक दिन का वेतन काटा। वहीं वार्डेन चंदा कुमारी को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में छात्राओं को बेहतर सुविधा और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर वार्डेन चंदा कुमारी, एकाउंटेंट अंजली कुमारी समेत कई शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

### पेंशनर समाज का स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह

# बुजुर्गों का सम्मान भारतीय संस्कृति की पहचान : सुधा देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** पेंशनर समाज, सतबरवा द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन पेंशनर भवन के प्रांगण में सोमवार को किया गया। जिसमें वरिष्ठ सदस्य दामोदर मिश्र व रामदेव राम को पुष्पगुच्छ, शॉल एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद सदस्य सुधा देवी ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान भारतीय संस्कृति की पहचान है। विशिष्ट अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरों ने पेंशनर समाज को समाज का पथप्रदर्शक बताते हुए सभी सदस्यों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। अध्यक्ष सुरेश कुमार पाठक ने सभी के सहयोग से समाज के अधूरे कार्य पूर्ण करने का आह्वान किया, जबकि वरिष्ठ समाजसेवी हरिद्वार प्रसाद ने बुजुर्गों के अनुभव से समाज को लाभान्वित होने की




बात कही। संचालन उमेश कुमार पाठक, रेणु एवं धन्यवाद ज्ञापन सचिव दीपक पाठक ने किया। कार्यक्रम में राम लखन सिंह, रघुनाथ यादव, रामस्वरूप पाठक, मनोहर राम सरयू यादव , दीनानाथ प्रसाद,मो. उल्फत अंसारी, उपाध्यक्ष,मो० नसीमुल हक, राजकुमार प्रसाद, राधा मांझी, शिवकुमार मांझी सहित बड़ी संख्या में सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभा के अंत में समाज के वरिष्ठ सदस्य नरेश महतो एवं गुप्तेश्वर सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

# मलय डैम में नहाने के दौरान युवक डूबा, मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** मलय डैम के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित सेरंगदाग के बंजारी टोला घाट पर मलय नदी के दुमुहान में सोमवार के पूर्वाहन एक युवक की पानी में डूबने से मौत होने की सूचना है। ग्रामीणों ने बताया कि एकता गांव के 30 वर्षीय कईल भुईया पिता स्वर्गीय सुधी भुईयां अपने ससुर के साथ बंजारी टोला में मछली खरीदने के लिए नदी के घाट पर गया था। इसी क्रम में युवक नहाने के लिए नदी उतर गया। गहरा पानी होने के कारण युवक उसी में डूब गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद नीलांबर पितांबरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों के सहयोग से नदी के गहरे पानी में डूबे युवक के शव की तलाश समाचार लिखे जाने तक की जा रही है। इधर मृतक के



चार छोटे-छोटे बच्चे तथा पत्नी और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले से रंग दाग एकता तथा बंजारी गांव के लोग नदी पार करके अपने घर बरसात के पहले आना-जाना करते थे। मलय डैम में पानी बढ़ जाने के कारण फिलहाल रास्ता बंद हो गया है।

### विद्यालय समिति के अध्यक्ष ने चाहरदीवारी को लेकर सीओ को दिया आवेदन

# अतिक्रमण मुक्त होंगे विद्यालय के चाहरदीवारी के बाहरी क्षेत्र : सीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय लेस्लीगंज के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जाफर खान द्वारा संयुक्त रूप से सोमवार को आवेदन देकर मध्य विद्यालय के चाहरदीवारी के बाहरी भाग में दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किए गए क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग अंचल अधिकारी से की गई है। मौके पर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि राम विद्यालय लेस्लीगंज में चाहरदीवारी एवं गेट निर्माण का कार्य प्रगति पर है, किंतु विद्यालय के रोड साइड तरफ चाहरदीवारी के सटे विभिन्न दुकानों के कारण चाहरदीवारी का कार्य बाधित हो रहा है। उक्त दुकानों को हटाने के बाद ही निर्माण कार्य संभव है। वहीं चेंबर अध्यक्ष छोटेलाल सोनी ने बताया कि मध्य विद्यालय के चाहरदीवारी के बाहर के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने के बाद ही चाहरदीवारी का कार्य पूर्ण हो सकता है। साथ ही विद्यालय स्वच्छ एवं शुद्ध वातावरण में संचालित हो सकता है।



**क्या कहते हैं अंचलाधिकारी**

मौके पर अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बाजार एवं विद्यालय के अतिक्रमित क्षेत्र को चिन्हित कर लिया गया है। साथ में वरीय पदाधिकारी का अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर निर्देश प्राप्त हो चुका है। संबंधित दुकानदार एक सप्ताह के अंदर दुकान नहीं हटाते हैं तो प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए संबंधित क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।

# मोहम्मदगंज में गरीब रथ का अब तक नहीं मिला ठहराव

**नवीन मेल संवाददाता**

**फुट ओवरब्रिज सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति उदासीनता**

**मोहम्मदगंज।** रेलवे में रेल मार्ग से माल ढुलाई को लेकर रेल पथ और मालगाड़ी के विस्तारीकरण का काम जिस तेजी से चल रहा है, उतनी तेजी यात्री सुविधाओं को लेकर देखने को नहीं मिल रही है। माल ढुलाई की क्षमता विस्तार को लेकर पहले सोननगर-पतरातू थर्ड रेल लाइन फ्रेट कॉरिडोर का निर्माण, इससे पहले दो रेक वाले लौंग होल, इसके बाद तीन रेक वाले 2 किमी लंबी त्रिशूल, फिर तब 4 रेक वाले 3.75 किमी लंबे ब्रम्हास्त्र और अब 6 बॉक्सन के 354 वैगन वाले 7 इंजनों से चालित 4.5 किमी लंबे रूद्रास्त्र नामक मालगाड़ी का सफलतापूर्वक परिचालन सुनिश्चित कर दिए गए हैं। जबकि स्थानीय स्टेशन पर नई दिल्ली-रांची गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित करने के मामले अनदेखी की जा रही है। इस मामले में सांसद विष्णुदयाल राम ने संसद में आवाज उठाई थी लेकिन पहल अबतक पहल नहीं हो पाया। त्अन्य यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी और बोगियों की कमी के कारण भीड़ के बीच कष्टदायक सफर की त्रासदी का अंत नहीं हुआ है। यात्री सुविधाओं के विस्तार और निर्माण के मामले में अबतक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों ऑनलाइन 12.95 करोड़ की विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास के दो साल बाद भी अंतिम रूप नहीं दिया जाना यात्री सुविधाओं के विकास के प्रति शिथिलता रेल प्रबंधन की उदासीनता और अनदेखी का कारण बन गया है। यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर पर्याप्त शेड के अभाव में जहां धूप और बारिश में प्लेटफॉर्म पर ट्रेन का इंतजार कितना कष्टदायक और जोखिम भरा होता है, सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। नये फुट ओवरब्रिज के कछुआ चाल निर्माण से प्लेटफॉर्म नंबर एक से अन्य पर पहुंचना आसान नहीं है। इसी प्रकार प्लेटफॉर्म पर पर्याप्त सीटिंग अरेंजमेंट, शौचालय और पेयजल की भी बेहतर सुविधा उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। इसका उन्हें मलाल है। अव्वल, तो निवर्तमान डीआरएम के आदेश के बावजूद स्टेशन परिसर स्थित प्राचीन काली मंदिर के सौंदर्यीकरण का काम भी अधूरा छोड़ दिया गया है। इससे उनकी धार्मिक भावना आहत हुई है।




### सेवानिवृत्त राजस्व कर्मी का निधन

**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड के बभंडी निवासी एवं सेवानिवृत्त राजस्व कर्मचारी गणेशी राम (90 वर्ष) का उनके आवास पर लंबी बीमारी के बाद सोमवार को निधन हो गया। मृतक के पोता उत्क्रमित मध्य विद्यालय बभंडी के सहायक अध्यापक राजू कुमार ने बताया कि उनके दादा की वृद्धावस्था होने के बावजूद अपने स्तर दवा व सेवा किया जाता रहा। अंततः उन्होंने अपने पैतृक आवास पर अंतिम सांस ली है। उनके निधन से पूरे गांव में शोक की लहर है। बड़ी संख्या में लोगों ने मृतक के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उपस्थित लोगों ने कहा कि गणेशी राम मृदुभाषी, सामाजिक, शालीन एवं हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति बचपन से ही रहे थे। उन्होंने अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार देवरी सोन नदी तट पर किया गया। मौके पर मुखिया जितेंद्र कुमार सिंह, प्रखंड उप प्रमुख पप्पू कुमार पासवान, समाजसेवी अनिल कुमार सिंह, बिनोद कुमार सिंह, सहायक अध्यापक सिकेश कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, मनोज कुमार, वीरेंद्र कुमार सिंह, शशिभूषण सिंह ने आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# कई जनप्रतिनिधियों ने एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** अनुमंडल मैदान स्थित मां दुर्गा मंदिर कमिटी के पदाधिकारियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने सोमवार को अनुमंडलाधिकारी सह आईएएस ओमप्रकाश गुप्ता से औपचारिक मुलाकात कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मुलाकात के दौरान भाजपा नेता एवं मां दुर्गा मंदिर कमिटी के पदधारी पवन लाल अग्रवाल, प्रकाश लाल अग्रवाल, चंदन कुमार सिंह, योगेंद्र सिंह और झामुमो किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष वशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह समेत कई गणमान्य उपस्थित थे। नेताओं ने ओमप्रकाश गुप्ता को बुके भेंट कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस बात पर संतोष जताया कि उन्हें हाल ही में हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी का प्रभार भी सौंपा गया है। उनका कहना था कि इस अतिरिक्त जिम्मेदारी से नगर क्षेत्र के विकास कार्यों में समन्वय और तेजी आने की पूरी संभावना है। मुलाकात के दौरान उपस्थित नेताओं ने आशा व्यक्त की कि गुप्ता अपने प्रशासनिक अनुभव और कार्यकुशलता के बल पर हुसैनाबाद को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाओं से युक्त शहर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर के समुचित विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार कर ठोस कार्ययोजना लागू की जाए, ताकि सड़क, जल निकासी, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और सार्वजनिक सुविधाओं में ठोस सुधार हो सके। नेताओं ने यह भी उम्मीद जताई कि शहर के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए सौंदर्यीकरण की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अनुमंडलाधिकारी श्री गुप्ता के नेतृत्व में हुसैनाबाद नगर पंचायत विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा और लोगों के बीच सकारात्मक बदलाव महसूस किया जा सकेगा।

### झंडोत्तोलन पर आज होगा समय का निर्धारण

**हैदरनगर।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों पर झंडोतोलन के समय निर्धारण को लेकर प्रखंड सभागार में मंगलवार को बैठक आयोजित की गई है। इसे लेकर सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने लिखित सूचना जारी कर बताया कि मंगलवार को विभिन्न विभागों के अधिकारी और संबंधित कर्मियों के साथ बैठक में सभी स्थानों पर झंडोतोलन का समय निर्धारण किया जायेगा। जिसमें हैदरनगर के अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष २० सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति, सभी मुखिया व पंचायत समिति सदस्य, शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक व ग्रामीण बैंक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, विद्युत व सिंचाई विभाग के अभियंता, प्रखंड पशुपालन व शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रभारी खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी, बीटीएम, एटीएम, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक +२ उच्च विद्यालय व कन्या उच्च विद्यालय, सभी जनसेवक, सभी स्तरीय पर्यवेक्षक, राजस्व उपनिरीक्षक व पंचायत सचिव, सभी प्रिन्ट मीडिया व दृश्य मीडिया की उपस्थिति सुनिश्चित कराने को लेकर सार्वजनिक सूचना जारी कर दी गई है। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के महापर्व को ससमय सफल बनाने के लिए प्रखंड सभागार कक्ष में मंगलवार को आहूत इस बैठक में उन्हें अनिवार्य रुप में भाग लेने की अपील की है।

### रंगोली प्रतियोगिता व कार्यशाला का आयोजन

# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान की शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा सोमवार को हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई। इसके तहत 10+2 जनता उच्च विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को नगर प्रबंधक प्रभात कुमार ने सील्ड व मेडल देकर पुरस्कृत किया। इसके अलावा नगर परिषद कार्यालय के सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। जिसमें हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई। कार्यशाला में सभी नप कर्मी, स्वच्छता मित्र, सीआरपी व एसएसजी की महिला समितियों ने भाग लिया। मौके पर जनता उच्च विद्यालय के प्राचार्य अरुण सिंह, भोला राय, अनिल सिंह, दीपक कुमार,सुमित कुमार, रमेश कुमार, रवि चौधरी, मुबारक अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### अभियान | महिला वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# संस्थाओं में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाना लक्ष्य : प्रमुख

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत सशक्त पंचायत नेत्री अभियान विषय पर महिला वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य राज संस्थाओं में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ाना है। सशक्त महिला का सशक्त और प्रगतिशील समाज के निर्माण में सराहनीय योगदान है। महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आत्मविश्वासपूर्वक भाग लेने और अपने-अपने समुदाय से जुड़े मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से उठाने के लिए




एक सशक्त मंच प्रदान करना है। इसके साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, जल और स्वच्छता जैसे प्राथमिक विषयों को प्राथमिकता देकर स्थानीय शासन की गुणवत्ता और समावेशिता को बेहतर बनाना है। कार्यशाला में उपस्थित मास्टर ट्रेनर गुड्डी देवी व सिमा देवी ने बताया कि सभी को समय-समय पर बेहतर प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। इसी कड़ी में कार्यशाला के माध्यम से सभी महिला वार्ड सदस्य को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण सत्र का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर की महिला जनप्रतिनिधियों को योजनाओं, अधिकारों और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी देना है ताकि वे अपने क्षेत्र में अधिक सशक्त और प्रभावी भूमिका निभा सकें। मौके पर मुखिया डब्लू सिंह समेत दर्जनों महिला वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

# भजनियां में दुर्गा पूजा की तैयारियों में जुटे ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भजनियां के ग्रामीण दुर्गापूजा की तैयारी में जुट गए हैं। इसकी रूपरेखा तय करने को लेकर रविवार को ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक सेवानिवृत्त शिक्षक कामता प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पूर्व की कमिटी को ही इस बार भी पूजा अनुष्ठान के संचालन की जिम्मेवारी दी गई। इसबार किसी महिला प्रवचनकर्ता को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पंसस प्रतिनिधि विश्वनाथ मुन्ना चौधरी, धमानुरागी सेवानिवृत्त एसआई बृजनारायण सिंह, उप मुखिया पप्पू प्रजापति के अलावा जितू साव, जवाहर पासवान, रामरेखा मेहता, सुदर्शन शर्मा, मिंटू शर्मा, इंतलेश कुमार सिंह, बृजा चौधरी, बृजबिहारी मेहता,धनंजय चौधरी, संतोष प्रजापति,सुरेश बैठा,उगन चौधरी, मुकेश मेहता, कृष्णा सिंह, सुनील चौधरी, आलोक प्रसाद, सुनील कुमार मेहता, दीपू कुमार, बुधन साव, कृष्णा,अशोक और पिंटू चौधरी सहित अन्य कई ग्रामीण शामिल थे।



# शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीसी

● आरटीई में सीट खाली नहीं रहेगी, साइकिल और अटेंडेंस पर भी सख्त निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने छात्रवृत्ति, पोशाक, किताब, मध्यान्ह भोजन सहित सभी योजनाओं की स्थिति पर सवाल किए और अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया।
डीसी ने साइकिल योजना पर खास जोर देते हुए कहा कि अक्सर स्कूलों में खुले में साइकिल रखने की खबरें आती हैं, जो गलत है। सभी साइकिल सुरक्षित स्थान पर रखें और तय समय पर छात्रों तक पहुंचाएं। डीईओ को डीडब्लूयू के साथ बेहतर तालमेल रखने का भी निर्देश दिया गया। डीईओ ने बताया कि वर्ष 2024-25 का साइकिल वितरण लक्ष्य पूरा हो चुका है।
टीचर्स और छात्रों की अटेंडेंस में ढिलाई पर भी डीसी नाराज दिखीं। उंटारी रोड और तरहसी में कम उपस्थिति की वजह पूछी और बीपीओ व बीईईओ को उपस्थिति बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने का आदेश दिया। ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज करने को अनिवार्य बताया।
आरटीई के तहत इस साल कई सीटें खाली रहने पर डीसी ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि नवंबर से ही नए सत्र के लिए आरटीई प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी और व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि एक भी सीट खाली न रहे। इसके लिए बीआरपी, सीआरपी और प्रखंड स्तर के सभी कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी।
बैठक में कस्तूरबा विद्यालय नामांकन, समग्र शिक्षा अभियान, डिजिटल शिक्षा, स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, किचन गार्डन, मध्याह्न भोजन और मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में चयन प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। मौके पर डीडीसी जावेद हुसैन, सहायक समाहर्ता हिमांशु कुमार, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, डीईओ, डीएसई, बीपीओ और विभिन्न विद्यालयों के वार्डन मौजूद थे।

# आइसा ने जीएलए कॉलेज में शुरू किया हेल्प डेस्क, छात्रों की समस्याएं होंगी तुरंत हल

● नामांकन से परीक्षा तक: हर प्रशासनिक दिक्कत के लिए मिलेगा एक ही जगह समाधान

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने सोमवार को जीएलए कॉलेज परिसर में छात्रों की शैक्षणिक और प्रशासनिक समस्याओं के निवारण के लिए हेल्प डेस्क की शुरुआत की। उद्घाटन मौके पर बड़ी संख्या में छात्र और आइसा कार्यकर्ता मौजूद थे।
यह हेल्प डेस्क आइसा नेताओं अभय सिंह दांगी, कॉलेज अध्यक्ष सोनू शर्मा और अनु लाल बाबू के नेतृत्व में संचालित होगा। इसका मकसद है कि किसी भी छात्र को फॉर्म भरने, नामांकन, परीक्षा संबंधी जानकारी या अन्य प्रशासनिक कार्य में भटकना न पड़े। आइसा का कहना है कि कई बार सही जानकारी के अभाव में छात्रों का कीमती समय और ऊर्जा बर्बाद होती है। हेल्प डेस्क के जरिए छात्र अपनी समस्याएं सीधे रख सकेंगे और तुरंत मार्गदर्शन पा सकेंगे।
जिला सचिव गौतम दांगी ने कहा कि आइसा हमेशा छात्रों के अधिकारों और हितों के लिए संघर्षरत रहा है। यह हेल्प डेस्क सिर्फ जानकारी देने का माध्यम नहीं, बल्कि छात्रों की आवाज कॉलेज प्रशासन तक पहुंचाने का सेतु भी बनेगा।" उन्होंने छात्रों से इस सुविधा का पूरा लाभ उठाने की अपील की।
शुरुआत के दिन ही कई छात्रों ने हेल्प डेस्क से संपर्क कर अपनी समस्याएं साझा कीं। एक छात्र ने कहा कि पहले छोटी-छोटी जानकारी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था, अब सब कुछ एक ही जगह मिल रहा है। आइसा का यह प्रयास तब तक जारी रहेगा जब तक कॉलेज के छात्रों की मुख्य समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता।

# ट्रैफिक पुलिस के साथ मारपीट करने के आरोप में एसआईएसएफ जवान गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक पुलिस अधिकारी और जवानों के साथ मारपीट करने के आरोप में एसआईएसफ जवान गोविंद कुमार चंद्रवंशी को शहर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर हिरासत में भेज दिया है। जवान चैनपुर थाने का नेनुआ गांव का रहने वाला है। बताते चलें कि रविवार की रात 8 बजे एसआईएसफ का जवान कोयल नदी पुल के पास ट्रक चालक के साथ झगड़ा कर रहा था। मौके पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद और अन्य जवान पहुंचे तो जवान ने एसआईएसफ जवान ने उनके साथ भी हाथापाई कर मारपीट पर उतारू हो गया। जवान घटना के वक्त शराब के नशे में धुत था। जब शहर थाना पुलिस उसे पड़कर थाने में लेकर आई तो वहां भी उसने शराब के नशे में पुलिसकर्मियों के साथ बदतमीजी की और गालियां दी। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस के आवेदन पर जवान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। जवान ने पूछताछ के क्रम में खुद को झारखंड पुलिस का जवान होने तथा जमशेदपुर के किसी थाने में पद स्थापित होने की बात कही हालांकि जब उसके बारे में जानकारी गई तो पता चला कि वह राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल का जवान है और वर्तमान में जमशेदपुर में पदस्थापित है। इस संबंध में जानकारी लेने पर शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल राजभर ने बताया कि संबंधित जवान के कमांडेंट को मामले की जानकारी दी गई है, साथ ही पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट तथा दुर्व्यवहार कर सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# अखंड भारत संकल्प दिवस प्रत्येक प्रखंड में मनाया जाएगा : विहिप

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद की बैठक बजरंग दल तत्वाधान में की गयी। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के द्वारा अखंड भारत संकल्प दिवस को पूरे जिला में आयोजित करने की योजना बनी है। इस आशय की जानकारी सेवा टोली सदस्य सह पलामू जिला पालक दामोदर मिश्र, जिला मंत्री अमित तिवारी और बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा दिया है। यह कार्यक्रम प्रत्येक प्रखंड और जिला मुख्यालय में अनिवार्य रूप से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विभाजन के विभीषिका को याद करते हुए अखंड भारत के संकल्प को पुनः दोहराया जाएगा। जिला मुख्यालय में गीता भवन स्थित जिला कार्यालय से तिरंगा और भगवा झंडा के साथ एक शोभा यात्रा, संध्या 04.30 बजे निकाली जाएगी, जो शहीद भगत सिंह चौक होते हुए भारत माता चौक (पूर्ववर्ती साहित्य समाज चौक) पहुंचेगी। वहां भारत माता की पूजा अर्चना और आरती कर अखंड भारत के संकल्प को दोहराया जाएगा। तत्पश्चात शोभा यात्रा उसी मार्ग से वापस गीता भवन पहुंच करसंपन्न होगी। इस कार्यक्रम में नगर के सभी राष्ट्रवादी नागरिक और विशेषकर युवा वर्ग सादरआमंत्रित हैं।

# मुखिया निलंबित उप मुखिया को सौंपा कार्यभार



**मेदिनीनगर।** पंचायत सगुना, प्रखंड पाटन की निर्वाचित मुखिया मंजू देवी को पंचायती राज विभाग, झारखंड, रांची के आदेश के तहत निलंबित कर दिया गया है। इसके बाद झारखंड पंचायती राज अधिनियम, 2001 की धारा 73(क)(ii)(3) के प्रावधान के अनुसार उप मुखिया फूला देवी को मुखिया की सभी शक्तियां, कार्यों का निष्पादन और कर्तव्यों का निर्वहन करने का प्रभार सौंपा गया है। जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त पलामू द्वारा जारी पत्र में निर्देश दिया गया है कि संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने स्तर से आदेश निर्गत कर उप मुखिया को कार्यभार ग्रहण कराएं और इसकी सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं।

## खबरें लातेहार और चतरा की

### कांग्रेस का संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम का आयोजन

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, लातेहार प्रभारी पूर्व राज्यसभा सांसद माननीय धीरज प्रसाद साहू, माननीय विधायक रामचंद्र सिंह के निदेर्शानुसार पर बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के केचकी पंचायत और पोखरी कला बेतला पंचायत में रविवार को संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत अध्यक्ष समेत पंचायत कमिटी की विस्तार एवं नियुक्ति पत्र का वितरण किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पुत्र विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम समेत बरवाडीह पर्यवेक्षक विश्वनाथ पासवान शामिल हुए। इस संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता का अध्यक्षता में किया गया। जिसमें बरवाडीह प्रखंड के मंडल अध्यक्ष सुरेश मिश्रा तमाम कांग्रेसी नेता शामिल हुए। वहीं पोखरी कला के पंचायत अध्यक्ष फिरोज अंसारी, बेतला पंचायत के संजय सिंह, केचकी पंचायत के संजय सिंह बने कांग्रेस पार्टी के पंचायत अध्यक्ष, एलीस एक्का उपाध्यक्ष सिकंदर अंसारी, उपाध्यक्ष अजमतुला अंसारी महासचिव, साथ ही बेतला महासचिव रनविजय सिंह, वजीर अंसारी, रंजन कुमार के साथ साथ महासचिव और सदस्य बनाया गया। सभी चयनित पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष महासचिव ने कहा कि हमलोग को जो जिम्मेवारी दिया गया, उससे हमलोग इमानदारी के साथ कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का करेंगे काम।

### उपायुक्त ने की कई विभागों की समीक्षा बैठक कहा- लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाएं



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में जिला भू-अर्जन, परिवहन, राजस्व, राजस्व संग्रहण, अभिलेखागार, खनन, निबंधन एवं उत्पाद से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें उक्त सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं संबंधित शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की। इसके अतिरिक्त भूमि-मापी से संबंधित लंबित मामलों, राजस्व शाखा के द्वारा विभिन्न कार्यालय पत्रांक से मांगे गए प्रतिवेदनों की प्रगति, जीएम भूमि के जीआईएस मैपींग हेतु लंबित प्रकरणों एवं लंबित जाति, आय, आवासीय एवं ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्रों की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाएं, निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करें और जनहित से जुड़े कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने कहा कि भूमि हस्तांतरण, प्रमाण पत्र निर्गत एवं दाखिल-खारिज जैसे कार्य सीधे जनता के जीवन और अधिकारों से जुड़े होते हैं, इनकी प्राथमिकता के साथ निष्पादन किया जाए। अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से जुड़े कार्यों की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की और समस्याओं एवं अड़चनों से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने इन समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# आजसू नेताओं ने अस्पताल में सतीश कुमार का लिया हालचाल



● कार्डिक रिम्स में चल रहा इलाज, चिकित्सकों ने पेसमेकर लगाने का दिया सुझाव

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रांची स्थित सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कार्डिक रिम्स में भर्ती आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार से मिलने रविवार को पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर और केंद्रीय सचिव इम्तियाज अहमद नजमी पहुंचे। दोनों नेताओं ने चिकित्सकों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी ली और इलाज संबंधी राय-मशविरा किया।
चिकित्सकों ने सतीश कुमार के लिए पेसमेकर लगाने का प्रस्ताव रखा है। फिलहाल वे हृदय रोग विभाग के एचओडी डॉ. प्रवीण कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में उपचाराधीन हैं। पार्टी नेताओं ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# दिशोम गुरु को समर्पित सांस्कृतिक पाठशाला में गूंजी शिबू सोरेन की संघर्षगाथा

● महाजनी शोषण से आदिवासी अस्मिता तक—79वीं कड़ी में याद किए गए झारखंड आंदोलन के पुरोधा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** इप्टा द्वारा संचालित सांस्कृतिक पाठशाला की 79वीं कड़ी सोमवार को पूरी तरह दिशोम गुरु शिबू सोरेन को समर्पित रही। अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव के.डी. सिंह ने कहा— "इतिहास उन्हीं को सलाम करता है, जिन्होंने अपना जीवन समाज को बेहतर बनाने में लगा दिया। शिबू सोरेन न केवल आदिवासियों के, बल्कि पूरे झारखंड के लिए क्रांति की मशाल थे।"
कार्यक्रम की अध्यक्षता के.डी. सिंह और वरिष्ठ छात्र नेता व रंगकर्मी धनंजय शुक्ला ने संयुक्त रूप से की।
प्रगतिशील लेखक संघ के जिला अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने याद दिलाया कि शिबू सोरेन ने महाजनी शोषण और शराब के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत की थी, जो आगे चलकर क्षेत्रीय और आदिवासी अस्मिता की लड़ाई में बदल गया।
इप्टा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह ने बताया कि गुरुजी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। आदिवासी संस्कृति में हड़िया और दारू आम मानी जाती है, लेकिन वे इसके कट्टर विरोधी थे। वे शाकाहार के समर्थक थे और राजनीतिक जीवन की शुरुआत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से की थी।
ललन प्रजापति ने 'धान कटनी आंदोलन' का जिक्र करते हुए कहा— "गुरुजी का नारा था— जमीन हमारी है तो धान भी हमारा है।" इस आंदोलन में जरूरत पड़ने पर वे हथियारों के इस्तेमाल से भी नहीं हिचकते थे।
गोविंद प्रसाद ने बताया कि महज 13 साल की उम्र में शिबू सोरेन ने अपने पिता की हत्या देखी, जो महाजनी शोषण का शिकार हुए थे। उस दौर में महाजन 500 प्रतिशत तक सूद वसूलते थे। इस अन्याय के खिलाफ गुरुजी गाँव-गाँव जाकर लोगों को संगठित करते और आंदोलन खड़ा करते।
कुलदीप राम ने कहा कि गुरुजी का आंदोलन सिर्फ आदिवासियों का नहीं, बल्कि झारखंड के सभी मूलवासियों का था। उन्होंने एक घटना सुनाई, जब गिरफ्तारी के दौरान उनके साथी झगड़ु पंडित ने पुलिस को थप्पड़ मारकर खुद भी गिरफ्तारी दी ताकि जेल में गुरुजी की जान सुरक्षित रहे।
अध्यक्षीय संबोधन में धनंजय शुक्ला ने कहा कि शिबू सोरेन झारखंड के लिए एक अमूल्य निधि थे, जिन्होंने आठ बार संसद में राज्य का प्रतिनिधित्व किया। आलोचनाओं के बावजूद, जो भी उनके करीब गया, वह उनका समर्थक बन गया।
कार्यक्रम का संचालन के.डी. सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन रवि शंकर ने दिया। अंत में एक मिनट का मौन रखकर गुरुजी को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर कई सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जीएलए कॉलेज में एनएसयूआई की नई टीम का गठन

# छात्र हितों के लिए सक्रिय रहने का संकल्प, पदाधिकारियों को बधाइयां

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) ने जीएलए कॉलेज में संगठन की नई इकाई का गठन किया और विभिन्न पदों के लिए जिम्मेदारियां बांटीं। इस मौके पर पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने और छात्र हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।
नवगठित इकाई में रिषु राज दुबे को अध्यक्ष बनाया गया, जबकि उपाध्यक्ष पद का दायित्व उत्सव तिवारी और हर्ष तिवारी को सौंपा गया। महासचिव के रूप में मोहित राज, राहुल शर्मा और शशिकांत को मनोनीत किया गया। सचिव पद पर उत्कर्ष रंजन, खुशी कुमारी, अपूर्वा, प्रीतम कुमार और कमरान हुसैन को नियुक्त किया गया। सोशल मीडिया प्रबंधन की जिम्मेदारी राज वर्मा को दी गई। कार्यक्रम के दौरान कई छात्रों ने एनएसयूआई की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने कहा कि नई टीम कॉलेज के छात्रों की समस्याओं के समाधान, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और छात्र अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार काम करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि टीम छात्रों की आवाज को मजबूती से उठाएगी और कॉलेज में सकारात्मक माहौल स्थापित करेगी।
इस अवसर पर एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, विश्वविद्यालय अध्यक्ष आशीष कुमार ठाकुर, पलामू जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी समेत कई नेताओं ने नई जिम्मेदारियां संभालने वाले पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# पलामू में 'उन्नति' की शुरुआत आदिवासी परिवारों को मिला हक

● डीसी समीरा एस ने पीवीटीजी समुदाय को बांटे जरूरी दस्तावेज, पायलट प्रोजेक्ट सफल तो अन्य पंचायतों में भी लागू

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिले की उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की पहल पर सोमवार को 'उन्नति दूरस्थ आदिवासी योजना' का शुभारंभ हुआ। रामगढ़ के उलडंडा और नवाडीह पंचायत में दीप प्रज्वलन के साथ इस अभियान की शुरुआत की गई। डीसी, डीडीसी, स्थानीय मुखिया और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।
दोनों पंचायतों में पीवीटीजी समुदाय के बीच जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पेंशन स्वीकृति, स्थानीय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, पीएम जनमन आवास, जॉब कार्ड और वन पट्टा जैसे दस्तावेज बांटे गए। कई बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया।
डीसी ने कहा, "आज हम आपके हक और अधिकार लेकर आपके द्वार आए हैं। इन दस्तावेजों को संभालकर रखें, क्योंकि इनके जरिए आप कई सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।" उन्होंने आश्वासन दिया कि उलडंडा में मोबाइल नेटवर्क स्थापित करने की योजना बनाई जाएगी।
अभियान फिलहाल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हुआ है। सफलता मिलने पर इसे अन्य पंचायतों में भी लागू किया जाएगा। जिन लाभुकों के दस्तावेज छूट गए हैं, वे ब्लॉक कार्यालय से बनवा सकते हैं। इससे पहले लाभुकों का सर्वे कर सभी आवेदनों को संकलित किया जा चुका था।
कार्यक्रम में डीडीसी जावेद हुसैन, सहायक समाहर्ता हिमांशु कुमार, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, रामगढ़ बीडीओ, चैनपुर सीओ, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## श्रीराधावंशीधर मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह



**श्री बंशीधर नगर।** प्रयागराज से पधारे कथावाचक जगदगुरु रामानुजाचार्य श्री मुक्तिनाथ स्वामीजी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा कलियुग के प्रभाव से उत्पन्न पीड़ा, संताप और जीवन में व्याप्त अंधकार को दूर कर दिव्य प्रकाश देने का सरल और सहज माध्यम है। 18 पुराणों में सर्वोत्तम होने के कारण श्रीमद्भागवत पुराण को वेदों का सार और भक्ति मार्ग का परम ग्रंथ कहा गया है। उन्होंने यह बातें श्रीराधावंशीधर मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के प्रथम दिवस के प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित यह ग्रंथ भगवान श्रीकृष्ण की लीला, भक्तों की महिमा और भक्ति के सर्वोच्च महत्व का अद्वितीय प्रमाण है। परम रसिक शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन में सुनाया था। कहा जाता है कि भागवत कथा का श्रवण मात्र पापों को नष्ट कर देता है और मन को भगवान प्रेम से भर देता है। श्री वंशीधर जी के स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा कि त्रिभंगी मुद्रा में श्री वंशीधर जी का स्वरूप अद्भुत और अलौकिक है। उस मौके पर बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

## नेमरा पहुंचे धीरज, गुरुजी की स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेंट की तस्वीर

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के मीडिया पैनलिस्ट सह केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे सोमवार को झारखंड की राजनीति और आदिवासी आंदोलन के प्रणेता, दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। वहां उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर गुरुजी की एक विशेष तस्वीर उन्हें भेंट की। यह तस्वीर गुरुजी के जीवन संघर्ष, किसानों के हक की लड़ाई और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह तस्वीर गुरुजी के स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप भेंट की गई। धीरज दुबे ने इस अवसर पर भावुक होते हुए कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का पूरा जीवन गरीब, किसान और वंचित वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि गुरुजी ने अपने जीवन में कभी अपने लिए नहीं, बल्कि झारखंड और यहां के लोगों के लिए संघर्ष किया। उनका सपना एक ऐसा राज्य था जहां हर गरीब को सम्मान और अधिकार मिले। उन्होंने आगे कहा कि गुरुजी का आकस्मिक निधन पूरे राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका जाना न सिर्फ झामुमो के लिए बल्कि पूरे झारखंड के लिए एक गहरा शोक है। धीरज दुबे ने कहा कि गुरुजी के विचार और संघर्ष आज भी प्रेरणा देते हैं, और उनकी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके अधूरे सपनों को पूरा करें।

## झंडोत्तोलन हेतु समय सारिणी निर्धारित

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने प्रखंड के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पदाधिकारियों के बीच बैठक कर 15 अगस्त के शुभ अवसर पर झंडोत्तोलन हेतु समय सारिणी निर्धारित किया गया। जिसमें प्रखंड मुख्यालय कांडी 8: 30,बजे ,कांडी थाना 8:45 बजे, बीआरसी भवन कांडी 8:55 बजे, राजकीय कृत उच्च विद्यालय कांडी पल्स टू 9:05 बजे, हरिहरपुर ओपी 9:15 बजे, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांडी 9:20 बजे, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय कांडी 9:25 बजे, उत्क्रमित उच्च विद्यालय डुमरसोता 9:35 बजे, सभी पंचायत सचिवालय 9:40 बजे, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक कांडी 9:45 बजे, भारतीय स्टेट बैंक कांडी 9:50 बजे, यूनियन बैंक कांडी 9:55 बजे, राजकीय कृत शंकर प्रताप देव उच्च विद्यालय हरिहरपुर 10:00 बजे, प्रखंड पशुपालन केन्द्र कांडी 10:05 बजे, सोन भद्र आदर्श महाविद्यालय कांडी 10:10 बजे, लक्ष्मी चंद्रवंशी कन्या उच्च विद्यालय कांडी 10:20 बजे, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय कांडी 10:30 बजे, समय का निर्धारित किया गया। बैठक में उपस्थित, कांडी एस आई रविशंकर मिश्रा, कांडी प्रमुख नारायण यादव, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय वार्डेन आर उषा, बाल विकास परियोजना पर्यवेक्षिका,राणा तबस्सुम, बीपीओ बीरेंद्र प्रसाद, प्रधानाध्यापक निरंजन साहू, कांडी मुखिया विजय राम, कांडी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अनूप पासवान, सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## नीलांबर-पीतांबर फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन

**भवनाथपुर।** प्रखंड के कैलान पंचायत स्थित शिवाजी खेल मैदान में ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में सोमवार को नीलांबर-पीतांबर फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट का उद्घाटन युवा समाजसेवी एवं जेएमएम नेता दीपक प्रताप देव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मारकर किया। मौके पर दीपक प्रताप देव ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जीवन में जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे टूनार्मेंट से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है और जहां भी जरूरत होगी, वे खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देंगे। उद्घाटन मैच श्री बंशीधर नगर स्पोर्टिंग क्लब अधौरा और कांडी की टीम के बीच खेला गया, जिसमें कांडी की टीम ने 2-0 से जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। निर्णायक की भूमिका शक्ति सिंह ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन राजमोहन यादव एवं राजकिशोर सिंह ने किया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि रामप्रताप यादव, पूर्व मुखिया राजकिशोर यादव, वरुण बिहारी यादव, विमलेश यादव, जेएमएम नेता मुक्तेश्वर पांडेय, मनोज यादव, शैलेंद्र यादव, दीपक वर्मा, दीपू गुप्ता, मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह, संतोष दुबे, क्लब अध्यक्ष अनिल यादव, उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव, सचिव आलोक यादव, उप सचिव रंजीत पटेल, कोषाध्यक्ष विशाल पटेल, उप कोषाध्यक्ष बीरबल यादव, धमेंद्र यादव, मीडिया प्रभारी फुलेंद्र यादव, संरक्षक संजय यादव, नगीना यादव, राजमोहन यादव, सूर्यदेव यादव, उमेश यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## खरौंधी प्रखंड में 227 विद्यार्थियों को बीच साइकिल वितरित

**खरौंधी (गढ़वा)।** वर्ष 2025-26 के तहत खरौंधी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में सोमवार को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी कल्याण पदाधिकारी विनोद पासवान, राजी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, पीएम श्री मध्य विद्यालय अरंगी के प्रधानाध्यापक सतेंद्र दास सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के तहत कुल 227 विद्यार्थियों को साइकिल दी गई। जिसमें 107 बालक एवं 120 बालिकाएं शामिल थीं। इसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय लामी के 17 विद्यार्थी, हुसरू के 40, बैतरी के 42, बजमरवा के 86, पिपरी के 28 तथा कोसलीबार के 14 विद्यार्थियों को साइकिल मिली। वितरण के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार राम, अरविंद प्रसाद, अरविंद साह, मो. जमाल अंसारी, सुनील ठाकुर, शिव जी केशरी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने अन्नराज डैम स्थित घटनास्थल का किया दौरा, परिजनों को ढाढस बंधाया

# अन्नराज डैम को घोषित किया नो स्विमिंग जोन

- अगले आदेश तक वोटिंग पर भी रहेगा प्रतिबंध
- मत्स्य विभाग एवं लघु सिंचाई विभाग इस प्रतिबंध का करवायेंगे अनुपालन, बोर्ड और संकेतक भी लगाने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** अन्नराज डैम में सहीजना के किशोर युवक के डूबने की घटना के बाद सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। शव बाहर आने पर उन्होंने स्वयं घटनास्थल का दौरा किया और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने दुर्घटना को बेहद दुखदपूर्ण बताया शोक व्यक्त किया। उन्होंने इस दौरान जिला मत्स्य पदाधिकारी एवं लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता को स्पष्ट हिदायत दी कि जब हर वर्ष यहां इस प्रकार की घटनाएं होती हैं तो उन्होंने एहतियातन प्रबंध-उपाय क्यों नहीं किये। उन्होंने कहा कि यह डैम कोई स्विमिंग पूल नहीं है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की तैराकी या स्नान करना अब से प्रतिबंधित रहेगा। इतने गहरे जलाशय में उतरने से अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसलिए मत्स्यजीवी समितियों के कुशल तैराक/ गोताखोरों के अलावा इस जलाशय में किसी के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी, विशेषकर जो पर्यटक या दूसरे इलाकों से लोग वहां घूमने आते हैं उनको स्विमिंग जैसी गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यह जलाशय लघु सिंचाई विभाग की संपत्ति है, इसमें मछली पालन हेतु अधिकार मत्स्य विभाग को मिले हैं, इसलिए जब उक्त विभाग इसका व्यावसायिक उपयोग कर रहा है तो यहां हो रही दुर्घटनाओं की जिम्मेदारी भी संबंधित विभाग को ही लेना होगा। उन्होंने जिला मत्स्य पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे लघु सिंचाई विभाग से समन्वय स्थापित कर या स्वयं अपने स्तर से यहां पर पानी गहरा होने या इसी प्रकार के अन्य संकेतक और चेतावनी बोर्ड अविलंब लगवाएं। साथ ही यह भी लिखें कि यह क्षेत्र या जलाशय नो स्विमिंग जोन के तहत निषिद्ध घोषित किया गया है, इसमें उतरना, तैरना, नहाना आदि प्रतिबंधित और दंडनीय है और जो इस प्रतिबंध का उल्लंघन करें उस पर अपने स्तर से या मत्स्य जीवी समितियों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर जुमार्ना लगाने का उपाय खोजें । उन्होंने निर्देश दिया कि वे यहां पर कम से कम एक गोताखोर या एक गार्ड,जल प्रहरी की स्थाई प्रतिनियुक्ति करना भी सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के सभी गहरे जलाशयों के खतरनाक पॉइंट्स पर सेल्फी लेने या हुड़दंग करने वालों पर नजर रखने के लिए सभी थाना प्रभारियों को भी निर्देश दिए हैं।

## 18 घंटे बाद तालाब से मिला शव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** मेराल के मकुना टोला में रविवार को तालाब में नहाने गए अशोक सिंह को आहर में डूब जाने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद दूसरे दिन सोमवार को 18 घंटे के बाद शव को गहरे पानी से निकाला गया। जानकारी के अनुसार माकूना वार्ड नंबर 3 की वार्ड सदस्य फूलमती देवी का पति अशोक सिंह उम्र करीब 40 वर्ष रविवार को शाम करीब 4 बजे मवेशी चराने के दौरान गर्मी से बचने के लिए तालाब में नहाने गए थे लेकिन वापस नहीं लौट सके। थाना द्वारा इसकी सूचना एनडीआरएफ की टीम को दी गई। सोमवार को भी स्थानीय लोग टायर तथा अन्य उपकरण के सहारे गहरे तालाब में उतरकर अशोक सिंह का खोजबीन करते रहे इसी दौरान दिन में करीब 11:30 बजे उसके डेड बॉडी को तालाब से बाहर निकाल लिया गया। इस दरमियान थाना प्रभारी विष्णु कांत भी घटनास्थल पर जमे रहे लेकिन एनडीआरएफ की टीम तब तक नहीं पहुंच सकी। अशोक की मौत के बाद घर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। अशोक का खोज करने वालों में निजाम अंसारी शंकर सिंह मुख्तार अंसारी बालेश्वर सिंह प्रदीप सिंह मुमताज अंसारी जयकुमार सिंह महेंद्र सिंह रशीद अंसारी सनोज कुमार आदि लोगों ने कड़ी परिश्रम की। पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अशोक का शव को सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है।

## सरकारी जमीन पर भू माफियाओं का कब्जा



**कांडी।** संवाददाता कांडी प्रखंड मुख्यालय अवस्थित एफसीआइ चावल गोदाम के पास सरकारी भूमि को दबंग भू माफियाओं द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसका खाता संख्या 01 प्लौट संख्या 17 है जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना अंचलाधिकारी राकेश सहाय को दिया। इस संबंध में अंचलाधिकारी ने बताया कि उक्त सरकारी भूमि को 24 घंटे के अंदर अतिक्रमण मुक्त करते हुए आरोपी के उपर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। विदित है कि कांडी प्रखंड में सरकारी भूमि पर हजारों ऐसे लोग हैं जो झुगी झोपड़ी एवं पान गुमटी एवं पक्की मकान बना कर अपना अपना कब्जा किए हुए हैं।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर बैठक

**भवनाथपुर।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर बुधवार को प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख शोभा देवी की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें सर्वसम्मति से झंडोतोलन से प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 8.45बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे 9.30, वन क्षेत्र कार्यालय 9.35 पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय 9.40, थाना परिसर 9.45 कपूर्री चौक 9.55, उच्च विद्यालय 10, बुनियादी विद्यालय 10.05, प्रखंड शिक्षाप्रसार कार्यालय10.15, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय 10.20, कस्तूरबा विद्यालय 10.30 सभी पंचायत सचिवालय में 9.30 मे झंडा तोलन किया जाएगा। मौके पर सभी प्रखंडकर्मी एवं अंचल कर्मी तथा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक व जनप्रतिनिधि और विभिन्न राजनीतिक पाटी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बीडीओ से मिलकर की शिकायत



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** समाजसेवी अजय वर्मा ने बीडीओ प्रशांत कुमार को आवेदन देकर निर्धारित मूल्य से अधिक रेट पर खाद बिक्री का शिकायत की है। आवेदन में उल्लेख किया है कि केतार प्रखंड के किसान समृद्धि केंद्र संचालकों द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित मुल्य से ज्यादा पैसा लेकर डीएपी और यूरिया खाद का वितरण किसानों के बीच किया जा रहा है। अधिक मुल्य पर खाद मिलने से किसानों के उपर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। जिस कारण किसान अपने फसलों में मानक के अनुरूप खाद नहीं डाल पाए रहें हैं। इसका असर भदई फसलों के पैदावार पर पड़ेगा। उन्होंने बीडीओ से इसका जांच कर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इस संबंध में बीडीओ प्रशांत कुमार ने कहा कि सभी दुकानों का स्टॉक पंजी कि जांच कराई जायेगी। गड़बड़ी मिलने पर सम्बंधित दुकानों पर कारवाई किया जायेगा।

## पहले आने वाले 60 छात्रों का होगा निःशुल्क नामांकन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** किस्मती कॉलेज ऑफ फामेर्सी एंड नर्सिंग मेराल, गढ़वा, झारखंड में 79वीं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यह निर्णय लिया गया है कि पहले आने वाले 60 छात्र-छात्राओं का निः शुल्क नामांकन लिया जाएगा। जिससे गढ़वा एवं आसपास के जिलों के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति एवं पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राएं जो पैसों की कमी के कारण अपनी पढ़ाई नहीं पूरी कर पाते हैं वैसे छात्र-छात्राओं के लिए किस्मती कॉलेज आफ फामेर्सी एंड नर्सिंग का यह निर्णय मिल का पत्थर साबित होगा। उक्त बाते प्रेसवार्ता के माध्यम से संस्थान के सचिव वीरेंद्र प्रसाद ने जानकारी दी, संस्थान अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। संस्थान में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार भी मुहैया कराई जाएगी। संस्थान के निदेशक लव कुमार सिंह ने कहा कि हमारी संस्था गरीब असहाय लोगों के प्रति हमेशा से उनके उत्थान के लिए काम करते आई है, आगे भी यह कार्य जारी रहेगा। उक्त अवसर पर संस्थान के उप प्राचार्य विकास कुमार मिश्रा उपस्थित थे।

## एम के इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने राइफल शूटिंग में दिखाया दम



**श्री बंशीधर नगर।** राइफल शूटिंग में एम के इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में स्कूल के कुल 21 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें 17 लड़के और 4 लड़कियां शामिल थीं। इस प्रतियोगिता में युवक वर्ग में आयुष राज और बालिका वर्ग में वंशिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में स्कूल के अध्यक्ष डॉ. अभिमन्यु सिंह, डायरेक्टर मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर प्रीति सिंह, मैनेजर शिवम सिंह और प्रिंसिपल डॉ. रॉय रोज उपस्थित रहे।

## जमशेदपुर में डॉ. असजद अंसारी हुए सम्मानित

**गढ़वा।** जमशेदपुर के होटल एनएच हिल्स में लायंस क्लब इंटरनेशनल 322(ए) सत्र 2024-25 के लिए आयोजित अवार्ड समारोह में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम ने अपनी सेवाओं और सामाजिक कार्यों के दम पर इतिहास रच दिया। क्लब के अध्यक्ष डॉ. असजद अंसारी और पूरी टीम को कई महत्वपूर्ण श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए। क्लब को परमानेंट प्रोजेक्ट हेल्थ कैंप के लिए सम्मानित किया गया, जो हर माह की पहली तारीख को गढ़वा के मिलाप मेडिकल सेंटर में आयोजित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, क्लब को आउटस्टैंडिंग परफॉरमेंस अवार्ड, मेम्बरशिप ग्रोथ एप्रिसिएशन अवार्ड, सर्विस रिपोटिंग अवार्ड, और बैनर प्रेजेंटेशन में जिला स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। सबसे गौरवपूर्ण क्षण तब आया जब क्लब अध्यक्ष डॉ. असजद अंसारी को बेस्ट प्रेसिडेंट का अवार्ड प्रदान किया गया। साथ ही उन्हें एमजेएफ उपाधि से भी नवाजा गया, जिसे जिलापाल ला. सीमा वाजपेयी ने स्वयं प्रदान किया।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारी जोरों पर

**रमना।** स्वतंत्रता दिवस के तैयारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय भागोडीह में जोर सोर से चल रहा है। इसी क्रम में सोमवार को विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए वर्ग स्तर पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तीसरे स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुरुषकृत किया जायेगा। इस कार्यक्रम के आयोजन के बारे में प्रधान शिक्षक राकेश पाण्डेय ने बताया की इस विद्यालय में कुल 910 बच्चे है जिनके लिए कार्यक्रम एक दिन में कर पाना संभव नहीं है, इसी के मद्देनजर विद्यार्थियों के लिए खेल कूद प्रतियोगिता कराया जा रहा है। मेरा विद्यालय निपुण और मैं भी निपुण कार्यक्रम के.आर.पी चंद्रदेव सिंह ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय के वर्ग वर्ग 2 के बच्चों बच्चों को उनकी अभियोग्यता का जांच किया। इस संबंध में उन्होंने बताया कि रमन प्रखंड अंतर्गत चार विद्यालयों का इस अभियान के तहत जांच करना है जिसमें दो विद्यालयों का जांच पूरा हो चुका है और दो विद्यालयों का जांच बाकी है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय में बच्चों के पठन-पाठन का संचालन व्यवस्था का ज्याजा लेना है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार, सदस्य भगवान यादव, और सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## रासलीला मंचन का शुभारंभ



**श्री बंशीधर नगर।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर प्रथम दिवस के द्वितीय सत्र में रासलीला मंचन कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार एवं श्री वंशीधर मंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं राधाकृष्ण भगवान की झांकी की आरती उतार कर किया। वृंदावन के पं गोविंद शर्मा और ओमप्रकाश शर्मा की रास मंडली द्वारा रासलीला का मंचन किया जा रहा है। उस मौके पर श्री वंशीधर मंदिर के प्रधान पुजारी चंद्रशेखर तिवारी, आचार्य सत्यनारायण मिश्र, व्यवस्थापक सुरेश विश्वकर्मा, नंदू लाल को पट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर ट्रस्ट के सलाहकार अधिवक्ता राजेश कुमार पांडेय, प्रबंधक सुजीत कुमार अग्रवाल, नंदू लाल, वीरेंद्र प्रसाद, सुरेश विश्वकर्मा, मिक्की जायसवाल, संतोष कुमार, विद्याभाष्कर समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के सलाहकार धीरेंद्र चौबे ने किया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**ई-अतिअल्पकालीन् पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अतिअल्पकालीन् पुनर्निविदा संख्या– 15/RII/2025-26/RWD/CHATRA दिनांक– 11.08.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/54/ 2024-25 | चतरा | आरा | अहुरी | नीमटॉड़ से इन्दरवाँ कुआँ तक PCC पथ एवं गार्डवाल निर्माण | 69,32,400.00 | उन्हत्तर लाख बत्तीस हजार चार सौ मात्र | 06 माह | तृतीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 13.08.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 20.08.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.08.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 359341 Rural Work Department (25-26)_D


## कार्यक्रम

### रंका वन विभाग ने मनाया 76वां वन महोत्सव

# पर्यावरण को संरक्षित रखना हम सब का दायित्वः सत्येंद्र तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** रंका प्रखंड के सिरोही खुर्द पंचायत में वन विभाग के द्वारा वन महोत्सव मनाया गया। जिसका मुख्य अतिथि रंका गढ़वा के भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी थे। सिरोही खुर्द के पंचायत के लोग और विद्यालय के बच्चों के द्वारा स्वागत गान गाकर स्वागत किया। मौके पर दक्षिणी पूर्व जिला परिषद सदस्य उमा देवी ने वन महोत्सव पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पर्यावरण को संरक्षण देना आज के प्रवेश में हम सभी के लिए अति आवश्यक है। पर्यावरण से ही हम और आप स्वस्थ रह सकते हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम मेल टोपनो एवं वन विभाग के डीएफओ भी वन महोत्सव पर पर्यावरण संरक्षण के लेकर लोगों को संबोधित किया। मौके पर विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित रखना हम सभी का दायित्व है। एक पेड़ लगाना 20 पुत्र के बाराबर होमता है। वर्षा एवं ऋतु का परिवर्तन होना यह सब पर्यावरण पर ही निर्भर करता है। इसलिए हम सभी लोगों को संकल्पित होकर एवं आप विद्यालय के बच्चे अपने घर जाकर अपने मां पिता को जरूर यह संदेश दे कि वृक्ष जरूर लगाए और पर्यावरण को संरक्षित करें। इस मौके पर विधायक, प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला टोपनो, दक्षिणी जिला परिषद पूर्व सदस्या उमा देवी ने भी फलदार वृक्ष लगाएं और उसे संरक्षित करने का वचन दिया। मौके पर उपस्थित उत्तरी पूर्व जिला परिषद सदस्य मुरारी यादव, दक्षिणी भाजपा महामंत्री मनोज कुमार ठाकुर, जिला विधायक प्रतिनिधि रिंकू तिवारी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि संतोष तिवारी, रंका विधायक प्रतिनिधि रवि कुमार उर्फ चप्पू उपेंद्र चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, उत्तरी महामंत्री रविंद्र शाह, बलराम यादव, लाल बिहारी यादव, सीताराम सिंह, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता सह पूर्व सिरोई कला पंचायत के उप मुखिया नवल कुमार ठाकुर समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## डंडई में नये अंचला अधिकारी ने किया पदभार ग्रहण

**डंडई।** अंचल कार्यालय में सोमवार को अंचला अधिकारी के रूप में जयशंकर पांडेय ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान पूर्व प्रभारी अंचलाधिकारी देवलाल करमाली ने प्रभार देते हुए नए अंचलाधिकारी का स्वागत किया। पदभार ग्रहण किए अंचलाधिकारी जयशंकर पांडेय ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता आंचल से जुड़ी समस्याओं को त्वरित समाधान करना है। आंचल से जुड़ी लोगों की समस्याओं को निस्वार्थ भाव से सुलझाया जाएगा। किसी भी समस्याओं को त्वरित निदान के लिए प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने अंचल क्षेत्र के लोगों से अपील किया है कि अपनी समस्याएं लेकर व्यक्ति स्वयं अंचल कार्यालय आएंगे। किसी भी बिचौलिया और दलाल के चक्कर में ना पड़ेंगे।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**प्राचार्य का कार्यालय- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा**
Email Id-principalitisimariya@gmail.com

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतापपुर एवं हंटरगंज चतरा में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना।**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, राँची द्वारा SCVT से मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतापपुर एवं हंटरगंज चतरा में 2nd Round of Online Counselling के तहत शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन हेतु तिथियों में संशोधन किया गया है जिसकी विवरणी निम्नवत है–

01. संशोधित तिथि विवरणी :–

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | Choice filling of Trade (s) and/or ITI (s) | 02.08..2025 से 10.08.2025 तक |
| 02 | Seat Allotment and Downloading Provisional Seat Allotment Letter | 13.08..2025 से 28.08.2025 तक |
| 03 | Admission in the Concern ITI | 13.08..2025 से 28.08.2025 तक |

02. 2nd Round of Online Counselling संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा / Download किया जा सकता हैं।

03. किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी ITI Webportal से प्राप्त किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मो0 नम्बर–7870647337 / 9798015794 / 9661568235 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

नोटः– ऑनलाईन नामांकन संबंधी किसी भी प्रकार की सहायता के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा मे सम्पर्क कर सकते है।

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया,
चतरा

PR 359305 Labour Employment and Traning (25-26)_D

# चंदवा के लाधुप चौक पर पिकअप वाहन ने मासूम को रौंदा, मौत

- रांची-मेदिनीनगर मार्ग पर लाधुप में हुआ हादसा
- ग्रामीणों ने करीब डेढ़ घंटे जाम रखा एनएच

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित चंदवा थाना क्षेत्र के लाधूप चौक के समीप तेज रफ़्तार सवारी पिकअप वाहन ने चार वर्षीय मासूम नवाब राय, पिता यूनुस राय को रौंद डाला। इस हादसे में मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पिकअप वैन वहां से भाग निकला। उक्त सवारी वाहन को बिजुपाड़ा के समीप चालक ने वाहन खड़ा कर भाग निकला। वहीं घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने बच्चे के शव के साथ करीब डेढ़ घंटे तक लाधुप के समीप एनएच जाम कर दिया। सूचना पाकर पुनि सह थाना प्रभारी रंधीर कुमार सिंह सदल बल घटना स्थल पर पहुंचे। जामकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया परंतु जामकर्ता बड़े अधिकारी को बुलाने की मांग कर रहे थे। जिसके बाद चंदवा बीडीओ चंदन प्रसाद घटनास्थल पर पहुंचे जमकर्ताओं से वार्ता की। सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। इधर घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटनास्थल पर पुलिस इंस्पेक्टर रंधीर कुमार, चंदवा बीडीओ चंदन प्रसाद, झामुमो लोहरदगा जिलाध्यक्ष मो मौजम्मिल के अलावे झामुमो नेता मो इस्तियाक उर्फ पप्पन खान, मो. काजू, धन्नू खान, मो जियाउल राय समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### आधार कार्ड को लेकर शिविर का आयोजन

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के बारियातु पंचायत भवन में आधार कार्ड बनाने व शुद्धिकरण को लेकर सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन आंगनबाड़ी सेविकाओं के नेतृत्व में किया गया। आंगनबाड़ी सेविका ने बताया कि शिविर में आधार कार्ड में सुधार व नया आधार कार्ड तथा पुराने आधार कार्ड को अपडेट किया जा रहा है। लोगों के आधार में त्रुटि के कारण कई समस्याएं उत्पन्न हो रही थी। ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए उच्च अधिकारी के निर्देश पर शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में लगभग 35 लोगों का आधार सुधिकारण हो चुका है। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका सीमा कुमारी, शाबरा खातून, लखमा तिर्की, निमि चौरिया, ममता कुमारी, चंचला कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

### भाजपाइयों ने निकला तिरंगा यात्रा

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय से सोमवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह के नेतृत्व तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। जहां भाजपा मंडल अध्यक्ष लव सिंह, जिप सदस्य रमेश राम और भाजपा कार्यकतार्ओं ने तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे के साथ यात्रा की शुरूआत की। सर्व प्रथम हाई स्कूल मैदान से लेकर मुख्य पथ बाजार टांड होते पेट्रोल पंप तक यात्रा निकली गई, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के कार्यकर्त्ता व समाजसेवीयों ने भाग लिया। मौके पर प्रभारी संतोष यादव ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लिए सभी के दिलों में राष्ट्रभक्ति होनी चाहिए। किसी भी स्थिति में हमें अपने देश का साथ रहना चाहिए, तिरंगा हमारा देश की आन बान और शान का प्रतीक हैं। सभी नागरिक अपने घरों में तिरंगा झंडा लगाएं और सम्मान के साथ 15 अगस्त की शाम को उतार भी दें। मौके पर सतेंद्र सिंह, किशोर प्रसाद, बिनोद यादव, संजय यादव, संतोष ठाकुर सहित काफी संख्या मे भाजपाई शामिल थे।

### महुआडांड़ में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ

**महुआडांड़ (लातेहार)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलने वाले एमडीए-आईडीए कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी श्री विपिन कुमार दुबे ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान आमजन से अपील की गई कि 2 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन अवश्य करना चाहिए। दवा का वितरण सेविका और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमित खलखो, हामी पंचायत के मुखिया प्रदीप बड़ाइक, स्वास्थ्य केंद्र के एमपीडब्ल्यू एवं पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर आशीष कुमार व डब्लू एच ओ के मजहर इकबाल उपस्थित रहे। 10 अगस्त को 127 आंगनबाड़ी केंद्रों पर बूथ के माध्यम से दवा वितरण किया गया तथा 11 से 25 अगस्त तक सेविका घर-घर जाकर दवा का सेवन कराएंगी।

### बारियातू में पंचायत विकास सूचकांक (पीएआई) कार्यशाला आयोजित

**बारियातू (लातेहार)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को बीडीओ अमित कुमार पासवान, प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य रमेश राम और उपप्रमुख निशा शाहदेव की उपस्थिति में निदेशक पंचायत राज झारखंड, रांची के पत्रांक-1608 दिनांक 23.07.2025 एवं उपीआईसीओएन आईटीडी के पत्रांक 575 दिनांक 02.08.2025 के आलोक में एक दिवसीय पंचायत विकास सूचकांक (पीएआई) कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को स्थानीय स्तर पर लागू करने और पंचायतों के समग्र विकास के लिए पीएआई के नौ विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें गरीबीमुक्त एवं बेहतर आजीविका, स्वस्थ पंचायत, बाल-अनुकूल पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ और हरित पंचायत, आत्मनिर्भर पंचायत, सामाजिक न्याय संगत पंचायत, सुशासन युक्त पंचायत और महिला अनुकूल पंचायत शामिल हैं। पीएआई देश भर की दो लाख पचास हजार से अधिक ग्राम पंचायतों की प्रगति मापने का एक परिवर्तनकारी उपकरण है, जो वैश्विक लक्ष्यों को ग्रामीण वास्तविकताओं से जोड़ता है। कार्यशाला में बीपीओ केतन गुप्ता, आवास कोर्डिनेटर शशि कुजूर, प्रखंड कर्मी, अंचल कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि एवं अन्य विभागीय कर्मी उपस्थित थे।

### शिक्षा विभाग की लापरवाही से मध्याह्न भोजन में अनियमित्ता

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत मंझगांवा पंचायत में संचालित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पूणार्डीह, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय उमाढांकी तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय इचाक में मध्याह्न भोजन में घोर अनियमितता बरती जा रही है। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पूणार्डीह में 18 नामांकित बच्चे हैं। जिसमें 8 बच्चे ही उपस्थित थे। विद्यालय में बच्चों को मध्याह्न भोजन में खिचड़ी और केला दिया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि विद्यालय में बच्चे की उपस्थिति कम होने से अंडा देने में घाटा लगता है। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय उमाढांकी में मध्याह्न भोजन में सोयाबीन, आलू का सब्जी और चावल दिया गया। जबकि मीनू के अनुसार सोमवार को दाल, चावल, अंडा या फल देना है। प्रभारी अध्यापक ने बताया कि प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह छुट्टी में है। जो आदेश करेंगे वहीं करेंगे। जबकि उत्क्रमित मध्य विद्यालय इचाक में बच्चों को मध्याह्न भोजन में चावल, अंडा तथा आलू का सब्जी (झोर) दिया गया। जबकि दाल देना है। प्रधानाध्यक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मध्याह्न भोजन का संचालन माता समिति के द्वारा किया जाता है। हमलोग सिर्फ मोनेटरिंग करते हैं। वहीं विद्यालय की रसोइया ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष के द्वारा जो दिया जाएगा, वहीं हमलोग बनाएंगे। इस संबंध में शिक्षा विभाग के बीपीओ नीरज कुमार सिंह ने पूछे जाने पर बताया कि विद्यालय बच्चों का मध्याह्न भोजन मीनू के अनुसार देना था, जांच कर करवाई की जाएगी।

## डीसी ने की शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक, कहा-

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना प्रशासन की प्राथमिकता

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समग्र शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, ई-विद्यावाहिनी में शिक्षकों की उपस्थिति, पोशाक, छात्रवृत्ति, पोषण वाटिका, विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण, विद्यालय में खाद्यान्न की प्रत्येक माह की ससमय उपलब्धता, पोषण वाटिका (किचन गार्डेन) की स्थापना, विद्यालयों में कार्यरत रसोईया समेत जिला स्तर पर शिक्षा विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर निर्देशित किया गया कि जिले में बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पौष्टिक मिड डे मील देने को प्राथमिकता बताते हुए इस पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार की ओर से विद्यालय स्तर पर चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं को मिले। इसके लिए शिक्षा विभाग के सभी कर्मी सजगता के साथ काम करना सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त ने पोशाक एवं छात्रवृति योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि पोशाक एवं छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति के बारे जानकारी लिया। उपायुक्त ने कहा कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति के साथ-साथ शिक्षकों की उपस्थिति की लगातार मॉनिटरिंग की जरूरत है। उन्होंने सभी प्रखंडों में ई-विद्या वाहिनी से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की बात कही। उपायुक्त ने एमआईसी कोऑर्डिनेटर को सभी तरह का डाटा शत प्रतिशत सही प्रविष्टि करने का निर्देश दिया। वहीं कार्य में तेजी लाते हुए सुधारात्मक प्रगति का निर्देश दिया। स्कूल में बच्चों का नामांकन, बच्चों की उपस्थिति, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने संबंधित जानकारी लेते हुए सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों का निरन्तर निरीक्षण कर विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शौचालय एवं पीने की पानी समेत विभिन्न बिन्दुओं का निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें।

### सीपीआई के बैठक में राज्य सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा

**चतरा।** सोमवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद की बैठक चतरा जिला मुख्यालय स्थित आरके महतो हॉस्पिटल में कॉमरेड बनवारी साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 24, 25 व 26 तारीख को होने वाले राज्य सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि 24 तारीख ओपन सेशन में चतरा जिले से लगभग 200 की संख्या में लोग भाग लेंगे। साथ ही राज्य सम्मेलन में भाग लेने वाले चतरा जिला से प्रतिनिधि तय किए गए, जिसमें कॉमरेड अर्जुन कुमार, कॉमरेड गयानाथ पाण्डेय, कॉमरेड डोमन भुईयां, कॉमरेड जवाहर विश्वकर्मा, कॉमरेड अरविंद शर्मा, कॉमरेड रामकिशोर यादव, कॉमरेड रहमतुल्लाह, कॉमरेड दशरथ ठाकुर, कॉमरेड नर्मदेश्वर सिंह, कॉमरेड विष्णु प्रसाद, कॉमरेड सुरेंद्र दास विशेष रूप से भाग लेंगे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी निचले स्तर से संगठन बनाने का निर्णय लेते हुए अनुषंगिक इकाई महिला मोर्चा, नौजवान सभा, किसान सभा संगठन बनाने के साथ ब्रांच, प्रखंड और जिला संगठन को मजबूत करने की बात कही गई। संगठन को लेकर सिमरिया में 17 अगस्त को, हंटरगंज में 02 सितंबर, प्रतापपुर में 03 सितंबर व टण्डवा में 09 सितंबर को प्रखंड मुख्यालय में बैठक किया जाएगा।

### बरवाडीह अमडीहा बाजार में नवयुवक संघ फुटबॉल क्लब का प्रेरणादायक मैच आयोजित

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह के अमडीहा बाजार स्थित खेल मैदान में नवयुवक संघ फुटबॉल क्लब द्वारा रविवार को एक प्रेरणादायक फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह के पुत्र और युथ कांग्रेस के स्टेट कोर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह ने किया। विजय बहादुर सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी अत्यंत आवश्यक है क्योंकि खेल से न केवल शरीर बल्कि मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने युवाओं को हार-जीत से सीख लेकर मेहनत करते रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नौकरी के अवसर भी प्रदान करती है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी और युवा उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम निर्धारण को लेकर बैठक

# सुबह 6 बजे से दोपहर 3 बजे तक भारी वाहनों का नो एंट्री का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ (लातेहार)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों एवं विभागीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रखंड अंतर्गत सरकारी, गैर सरकारी संस्था एवं राजनीतिक दल कार्यालय पर झंडोतोलन कार्यक्रम की समय-सारिणी निर्धारित की गई। पूर्व झंडा तोलन कार्यक्रम समय निर्धारण के तहत ही इस बार भी सर्व सम्मति से झंडा तोलन का समय निर्धारित की गई। जिसके अनुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में सुबह 7:45 बजे, प्रखंड कार्यालय एवं सभी पंचायत मुख्यालय में 8 बजे, सभी बैंक, अस्पताल, सीसीएल एवं पोस्ट ऑफिस में 8:15 बजे, पशु चिकित्सा कार्यालय में 8:25 बजे, पेंशनर समाज में 8:30 बजे, झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय में 8:35 बजे, राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में 8:40 बजे, शहीद चौक, मुरपा मोड़ पर 8:50 बजे, भाजपा कार्यालय में 9 बजे, कांग्रेस कार्यालय में 9:05 बजे, थाना बालूमाथ में 9:15 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9:20 बजे, सभी सरकारी/गैर सरकारी स्कूल (10+2 को छोड़कर) में 9:25 बजे, हिन्द भारती कार्यालय में 9:30 बजे, बीआरसी कार्यालय में 9:35 बजे, सीसीएल बालूमाथ में 9:40 बजे, जिला परिषद कार्यालय में 9:45 बजे, रूरल वेलफेयर सोसाइटी कार्यालय में 9:50 बजे, उच्च विद्यालय (10+2) में 10:05 बजे झंडोतोलन किया जाएगा। प्रखंड कार्यालय में झंडोतोलन के उपरांत पूर्वाह्न 08:10 बजे वीर शहीद नीलाम्बर-पिताम्बर स्मारक स्थल पर माल्यार्पण करने का निर्णय लिया गया।

### पिकअप पलटने से 20 मजदूर घायल

**लातेहार।** सिकनी-रिचुघूटा मार्ग पर स्थित केंदवाही नदी के पुल पर रविवार को एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। यह वाहन रेलवे के कार्यस्थल पर जा रहे लगभग 35 से 40 मजदूरों को ले जा रहा था। हादसे में कई मजदूर घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप का गुल्ला टूटने से चालक का वाहन पर नियंत्रण खत्म हो गया, जिससे यह दुर्घटना हुई। हादसे में कई मजदूरों के हाथ-पैर टूट गए, जबकि करीब 20 मजदूरों को आंतरिक चोटें आई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रवक्ता सुशील कुमार यादव मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल दो मजदूरों को तत्काल अपनी मदद से सदर अस्पताल, लातेहार भिजवाया।

### प्रांतीय यादव महासभा का प्रखंड इकाई की बैठक

**बारियातू।** प्रखंड मुख्ययालय स्थित प्रांतीय यादव महासभा प्रखंड इकाई की आवश्यक बैठक लवकुश यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रुप से चर्चा की गई कि आगामी 16 अगस्त को जिला मुख्यालय लातेहार के टाउन हॉल स्थित श्री कृष्ण जन्मआष्ट्मी महोत्सव भव्य रुप से मनाने की निर्णय लिया गया। साथ ही कमेटी का गठन भी किया गया। जिसमें सर्वसमिति से प्रखंड प्रभारी लवकुश यादव प्रखंड सह प्रभारी राजन यादव, पंचायत प्रभारी निरंजन यादव, पंचयात सह प्रभारी संजय यादव को सर्वसम्मति से चुना गया। वहीं पंचायतवार भी चुनाव किया गया, जिसमे बालूभांग पंचायत से उगदेव यादव, संतोष यादव, विकास यादव, साल्वे से भुनेश्वर यादव, मंटू यादव, टोंटी से सुनील यादव, मुकेश यादव, शिबला से महेश यादव, राहुल यादव, कुलेश्वर यादव, डाढ़ा से महेंद्र यादव, जगदीश यादव, अमरवाडीह से बिंदेश्वर यादव, सकेंद्र यादव, नमधारी यादव, गोनिया पंचायत से निर्मल यादव, द्वारिका यादव, एवं फूलसु से उमेश यादव, पंचम यादव चयनित किया गया। बैठक में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष संजय यादव, कुलदीप यादव, विकास यादव, दशरथ यादव सहित काफी संख्या में यादव समाज के लोग शामिल थे।

### हर घर तिरंगा को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि फार्म हाउस में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकतार्ओं की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष देवकुमार सिंह व संचालन प्रखंड महामंत्री शिवकुमार राणा ने किया। बैठक में विशेष रुप से हर घर तिरंगा के प्रभारी बिंदेश्वरी यादव एवं जिला महामंत्री मृत्युंजय सिंह उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम को बेहतर तरीके से सफल बनाना है इसके लिए सभी कार्यकतार्ओं को तैयार रहना होगा। प्रखंड के 12 पंचायतों में कार्यकतार्ओं को पार्टी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज उलब्ध कराया गया है। ताकि सभी घरों में तिरंगा लहराता दिखे। मौके पर राजेंद्र राम, राम कुमार सिंह, कैलाश सिंह, कमलेश सिंह, गणेशाराम, इंद्रदेव सिंह, रामाधार राम, भोला सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### झंडोतोलन को लेकर समय सारणी निर्धारित

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में झंडोतोलन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने सोमवार को बैठक की। जिसमें 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के झंडोतोलन को लेकर समयसारणी का निर्धारण करते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर में सुबह 9:15 बजे, थाना परिसर में 9:45, स्वास्थ्य विभाग में 9:50, पल्स टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में 10, कस्तूरबा विद्यालय में 10:15, सभी पंचायत भवन में 9:35 बजे झंडोतोलन का समय निर्धारण किया गया। बैठक में जिला परिषद सदस्य अनिता देवी, प्रमुख अनिता यादव, विधायक प्रतिनिधि कपिल कुमार कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, बीपीओ बिनोद कुमार गुप्ता, मुखिया सरिता देवी, निर्मला देवी, रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी, सतेंद्र कुमार वर्मा, पार्वती देवी, आवास कोड़ीनेटर नाजिर अख्तर आदि मौजूद थे।

### महुआडांड़ पशु चिकित्सा केंद्र से बीमार बकरियों का वितरण, लाभुकों में नाराजगी

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड में पशु धन योजना के तहत 8 अगस्त को पशु चिकित्सा केंद्र महुआडांड़ से पांच लाभुकों को पांच युनिट बकरी वितरित की गई। एक युनिट में चार बकरियां और एक बकरा शामिल है। लाभुकों को 75 प्रतिशत अनुदानित बकरियां दी गईं। हालांकि, वितरण की गई बकरियों की गुणवत्ता और वजन मानक के अनुसार नहीं होने की शिकायत मिली है। परहाटोली पंचायत के गांव नगर प्रतापपुर के लाभुक कमला देवी ने बताया कि उन्हें 25 सौ रुपये लिए गए थे, परंतु दो वर्ष पहले भरे गए फार्म के बावजूद बीमार बकरियां मिली हैं, जिनमें से एक मरने के कगार पर है। नगरप्रतापुर की कमलेश्वरी देवी ने कहा कि जो नस्ल इस क्षेत्र के लिए उपयुक्त है, वह नहीं दिया गया और दूसरी नस्ल की बकरियां मिली हैं, जो यहां जीवित नहीं रह पाएंगी।


**समाहरणालय, गढ़वा**
**(प्रधानमंत्री आवास योजना कोषांग)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सरकार के प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना सं0–1016, दिनांक–01.03.2017 एवं ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक– 2300(अनु0) राँची दिनांक–23.06.2022 के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत प्रखण्ड समन्वयक, प्रखण्ड स्तरीय लेखापाल–सह–कंप्यूटर ऑपरेटर एवं जिला स्तरीय लेखापाल–सह– कंप्यूटर ऑपरेटर के स्वीकृत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु दिनांक 11.08.2025 को दक्षता परीक्षा आयोजित की गयी थी। परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों का परीक्षा फल तैयार कर गढ़वा जिले के वेबसाईट **garhwa.nic.in** पर दिनांक–12.08.2025 को जारी कर दिया जाएगा।

प्रखण्ड समन्वयक पद के दक्षता परीक्षा में उतीर्ण सभी उम्मीदवारों के मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन दिनांक 13.08.2025 को पूर्वाहन् 10:00 बजे से नये समाहरणालय भवन, कल्याणपुर, गढ़वा के **NIC** में किया जाएगा। अतः प्रखण्ड समन्वयक पद के दक्षता परीक्षा में उतीर्ण सभी उम्मीदवार अपने सभी संबंधित मूल प्रमाण पत्रों के साथ ससमय **NIC** गढ़वा में उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

प्रखण्ड स्तरीय लेखापाल–सह–कंप्यूटर ऑपरेटर एवं जिला स्तरीय लेखापाल–सह–कंप्यूटर ऑपरेटर के दक्षता परीक्षा में उतीर्ण उम्मीदवारों का टंकण परीक्षा एवं मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन दिनांक 13.08.2025 को **NIC** गढ़वा में किया जाएगा। सर्वप्रथम दोनो पदों हेतु दक्षता परीक्षा में उतीर्ण उम्मीदवारों की पूर्वाहन् 10:00 बजे टंकण परीक्षा आयोजित की जाएगी। तत्पश्चात् टंकण परीक्षा में उतीर्ण उम्मीदवारों के मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया जाएगा। अतः प्रखण्ड स्तरीय लेखापाल–सह–कंप्यूटर ऑपरेटर एवं जिला स्तरीय लेखापाल–सह– कंप्यूटर ऑपरेटर के दक्षता परीक्षा में उतीर्ण सभी उम्मीदवार अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 13.08.2025 को ससमय **NIC** गढ़वा में टंकण परीक्षा एवं मूल प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

मूल प्रमाण पत्रों के सत्यापन/ टंकण परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र सत्यापन/टंकण परीक्षा हेतु पुनः अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा एवं उनके किसी प्रकार के दावा पर विचार नहीं किया जाएगा।

उपायुक्त,
गढ़वा

**PR 359344 (Rural Development)25-26*D**



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**प्राचार्य का कार्यालय– औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा**
**Email** Id-principalitisimariya@gmail.com

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया एवं किशनपुर(LWE) चतरा में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना।**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, राँची द्वारा NCVT से मान्यता प्राप्त राज्य के सभी सरकारी (LWE सहित), निजी पी0पी0पी0, सी0एस0आर0 एवं टी0एस0पी0 मोड पर संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 2nd Round of Online Counselling के तहत शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन हेतु तिथियों में संशोधन किया गया है जिसकी विवरणी निम्नवत है–

**01. संशोधित तिथि विवरणी:–**

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | Choice filling of Trade (s) and/or ITI (s) | 02.08..2025 से 10.08.2025 तक |
| 02 | Seat Allotment and Downloading Provisional Seat Allotment Letter | 13.08..2025 से 28.08.2025 तक |
| 03 | Admission in the Concern ITI | 13.08..2025 से 28.08.2025 तक |

**02.** 2nd Round of Online Counselling संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड **ITI Webportal** (https://iti.jharkhand.gov.in) के **Download Section** के **Notification Tab** में देखा/ **Download** किया जा सकता हैं।

**03.** किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी **ITI Webportal** से प्राप्त किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मो0 नम्बर–**7870647337 / 9798015794 / 9661568235** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**नोट:– ऑनलाईन नामांकन संबंधी किसी भी प्रकार की सहायता के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा मे सम्पर्क कर सकते है।**

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया,
चतरा

**PR 359306 (Labour Employment and Traning)25-26*D**


## मुस्कान क्लब रक्सी द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन

# खेल के क्षेत्र में भी अपना भविष्य बना सकते हैं खिलाड़ी : जुनैद

- देवी मंडप महुआमिलान को हरा सरना क्लब ने जीता उद्घाटन मैच

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत सरना खेल मैदान में सोमवार को मां का आशीर्वाद बेटा का मुस्कान क्लब रक्सी के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो नेता जुनैद अनवर, झामुमो जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा, जमीरा मुखिया दुर्गावती देवी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। टूर्नामेंट के उद्घाटन के अवसर पर अतिथियों ने दिवंगत दिशोम गुरु शिबु सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात राष्ट्रगान व फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल को किक मारकर फाइनल मैच का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन के उपरांत टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सरना क्लब मथानियाटांड़ बनाम देवी मंडप महुआमिलान के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी शूट में देवी मंडप महुआमिलान को हराकर सरना क्लब मथानियाटांड़ की टीम विजयी रही। वहीं उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जुनैद अनवर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण प्रतिभा को उभरने का एक अवसर प्राप्त होता है। आज खेल के क्षेत्र में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो ग्रामीण क्षेत्रों से निकलकर अपना भविष्य बनाने का किया है और साथ ही राष्ट्रीय-अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपने इलाके का नाम रौशन कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि खेल से शारिरिक व मानसिक विकास होता है इसके साथ आप इस क्षेत्र में अपना भविष्य भी बना सकते हैं। वंही शितमोहन मुंडा ने कहा कि रक्सी फुटबॉल क्लब के द्वारा बीते कई वर्षों से लगातार यहां फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

इसके लिए रक्सी क्लब के सदस्य बधाई के पात्र हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना से खेल खेलने की बात कही। मौके पर झामुमो नेता साजिद खान उर्फ धन्नू, ब्रह्मदेव प्रजापति, डब्लु प्रजापति, कुंवर अजीत लाल नाथ शाहदेव, कुशेश्वर यादव, शंकर उंराव, कुश यादव, उप मुखिया ललिता देवी, मनीलाल यादव, शिवशंकर प्रजापति, धीरज प्रजापति, रंजीत गिरी, अंजली देवी, प्रमिला देवी, समिति के अध्यक्ष नितेश प्रजापति, सचिव युगेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष सोनू गिरी समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

# गुरुजी के जाने से मानो पूरा झारखंड शोक में डूब गया है : धीरज प्रसाद साहू

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य के दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पैतृक गांव नेमरा पहुंचे पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया।
मौके पर श्री साहू ने कहा की गुरुजी सदैव झारखंड एवं झारखंड वासियों के हितों की लड़ाई लड़े हैं उनके जाने से मानो पूरा झारखंड शोक में डूब गया है। उनके द्वारा किए गए कार्यों को झारखंड वासी कभी नहीं भूल पाएंगे।
दूसरे शब्दों में कहूं तो झारखंड की जनता के दिल में गुरुजी के प्रति प्यार और सम्मान सदैव बना रहेगा। गुरुजी ने युवा अवस्था से ही अपना सब कुछ झारखंड वासियों के लिए समर्पित कर दिया। स्वयं कष्ट में रहकर भी झारखंड अलग राज्य के आंदोलन को प्रखर बनाकर हमें झारखंड जैसा सुंदर राज्य दिया। इस दुख की घड़ी में हम सभी गुरु जी के पूरे परिवार के साथ खड़े हैं और हम सब मिलकर आने वाले समय में गुरु जी के अधूरे सपनों को पूरा करने का हर संभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर झारखण्ड कांग्रेस के प्रदेश अध्ययन केशव महतो कमलेश उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस पर पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बानो।** भगवान बिरसा मुंडा खेल समिति, बानो के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पाँच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को धूमधाम से किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि बानो प्रमुख सुधीर डांग, जिला परिषद सदस्य बीरजो कंडुलना, थाना प्रभारी सोनू कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल लुगुन तथा भाजपा प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी सोनू कुमार ने कहा कि बानो के मैदान में बड़े स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहजनक है।

## गणशोत्सव घूम धाम से मनाने का निर्णय



**भंडरा।** नवयुवक संघ गणेश पूजा समिति भंडरा का एक अहम बैठक आनन्द कुमार दुबे की अध्यक्षता में गणेश पूजा स्थल भंडरा के पास रविवार संध्या 7:00 बजे हुई जिसमें 27 अगस्त 2025 से प्रारंभ होने वाले तीन दिवसीय गणशोत्सव घूम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया । तथा पुराने कमिटी को भंग कर नए कमिटी का गठन किया गया जिसमे सर्वसम्मति से श्रीकांत गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया साथ ही समिति का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष- विवेक यादव, शुभम साहु, अमित लहेरी, सचिव- चन्दन लहेरी, सहसचिव- विशल सोनी, सुरज साहु, आशिष यादव, कोषाध्यक्ष- अमर साहु, सहकोषाध्यक्ष- पंकज यादव, राजेश भगत, संगठन मंत्री- उज्जवल गुप्ता, शुभम प्रोहित, सुमित लहेरी, मनिष यादव, रोहित लहेरी, व्यवस्था प्रमुख- सन्याल यादव, अक्षय गुप्ता, सुरज ठाकुर, को बनाया गया बैठक में भारी संख्या में सरना सनातन समाज के भक्तजन उपस्थित थे।

## बाइक व साइकल की टक्कर में एक की मौत

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के कंडरा के समीप बाइक व साइकिल की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गया। तथा दूसरा व्यक्ति घायल है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है की मन्हे निवासी 57 वर्षिय कैलू उरांव कोराम्बे स्थित पुराना घर से साइकल से मन्हे जा रहा था। उसी समय विपरीत दिशा से अलौदी निवासी 22 वर्षीय बसिया उरांव अपना मोटरसाइकिल बीआर 4 पी 7500 से आलौदी से घाघरा जा रहा था। उसी दौरान लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर कण्डरा के पास दोनो मे टक्कर हो गया। जिससे साइकल सवार कैलू उरांव और मोटरसाइकिल सवार बसिया उरांव दोनों घायल हो गये.घटना की सूचना थाना प्रभारी वारिश हुसैन को मिलते ही उनके निर्देश पर एसआई मनीष कुमार महतो दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच घटना की जानकारी लेते हुए दोनों घायलों को इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों के द्वारा जांच कर कैलू उरांव को मृत घोषित कर दिया गया. घायल बसिया उरांव का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में चल रहा है.वही कैलू उरांव का शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा पुलिस अग्रतर करवाई में जुट गई है।

## समिति की पहल पर मरीज को मिला रक्त



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की ओर युवा बढ़ा रहे हैं अपना पांव शहर हो या गांव । जय श्री राम समिति की कार्यों को देखते हुए शहर से लेकर गांव तक युवा पीढ़ी मानवता का परिचय देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। किसी भी आफत में समिति के युवा हमेशा खड़े होकर अपना मानवता का परिचय देते हैं। वही बूटी झखरा के समिति सदस्य मुकेश महली की पत्नी जयंती देवी का सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती थी। इलाज के दौरान डॉक्टर द्वारा खून की कमी बताई गई। बूटी झखरा जय श्रीराम समिति के सदस्य मुकेश महली ने तत्काल पहल करते हुए जिला कमेटी से संपर्क किया। जिला कमेटी त्वरित पहल करते हुए ब्लॉक मोड़ के सदस्य अभिषेक महतो (मोंटी) से संपर्क किया। मोंटी ने सनातनी एकता का परिचय देते हुए तुरंत सदर अस्पताल पहुंचे और ब्लड डोनेट कर संगठन की मजबूती का परिचय दिया। वही समिति के मुकेश महली जो सेनहा प्रखंड के बूटी गांव के हैं उन्होंने कहा कि आज मुझे पता चला कि संगठन से जुड़ने से हमें कहीं कठिनाई नहीं होती है इसके लिए मैं समिति को हृदय से सम्मान करता हूं। मौके पर जिला महामंत्री प्रदीप साहू अभिषेक महतो (मोंटी) रिशु कुमार मुकेश महली राजमहली के साथ और भी लोग मौजूद थे ।

## स्वतंत्रता दिवस पर झंडोतोलन का समय सारणी तय किया गया

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में स्वतंत्रता दिवस पर झंडोतोलन करने को लेकर प्रमुख फुलझरी देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया.आयोजित बैठक में प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में स्वंतत्रता दिवस के अवसर पर झंडोतोलन करने के लिये समय निर्धारित किया गया.वही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेन्हा में प्रातः 8:30 बजे,स्वास्थ्य केंद्र में प्रातः 8:40 बजे,प्रखंड संसाधन केंद्र में प्रातः 8:50 बजे,प्रखंड कार्यालय में 9:10 बजे,थाना परिसर में 9:30 बजे और कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 10:00 स्वतंत्रता दिवस पर झंडोतोलन करने का समय सारणी निर्धारित किया गया है.मौके पर प्रखंड विमास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू,बीपीआरओ सुजीत उरांव, महावीर असुर,प्रधानाध्यापिका रेणु मिश्रा,बीपीओ प्रकाश रंजन समेत अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## लोहरदगा में आज निकलेगा भव्य तिरंगा यात्रा, वीर सपूतों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर और 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में, शहीदों और हमारे वीर सैनिकों के अदम्य साहस व पराक्रम को नमन करने हेतु लोहरदगा में 12 अगस्त, मंगलवार को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा लोहरदग्गा के ललित नारायण स्टेडियम में पूर्वाह्न 10:30 बजे होगी। तत्पश्चात बरवाटोली ,मिशन चौक भाया राणा चौक अपर बाजार, गुदरी थाना टोली ,बाड़ू मोड़, सोमवार बाजार पावरगंज चौक से मैना बगीचा होते हुए जूरिया बीएस कॉलेज मोड़ होते हुए श्रद्धेय कार्तिक उरांव माल्यार्पण कर तिरंगा यात्रा की समाप्ति की जाएगी। हर घर तिरंगा यात्रा के अंतर्गत जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता, मोर्चा, मंडल, जिला, प्रदेश , राष्ट्रीय संगठन के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि , गणमान्य, आमजन सभी सादर आमंत्रित हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु, बाल्मीकि कुमार ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति और एकता का प्रतीक होगी। उन्होंने जिले के सभी सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और प्रबुद्ध नागरिकों से आग्रह किया कि वे समय पर एकत्रित होकर इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हों और इसे सफल बनाएं।
उन्होंने कहा कि यह यात्रा न केवल हमारे शहीदों के बलिदान को स्मरण करेगी, बल्कि नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को भी प्रज्वलित करेगी।

# चोरी की बाइक और हथियार के साथ तीन युवक गिरफ्तार, एक फरार

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** अजय उद्यान-राजा बंगला जुरिया रोड पर रविवार रात गश्ती के दौरान पुलिस ने तीन संदिग्ध युवकों को चोरी की बाइक, हथियार और अन्य सामान के साथ धर दबोचा, जबकि एक युवक मौके से फरार हो गया। रात करीब 9:45 बजे गश्ती दल ने विपरीत दिशा से आ रही लाल-काले रंग की बजाज पल्सर बाइक (150 सीसी) को रोकने का इशारा किया। पुलिस को देखते ही चारों युवक बाइक छोड़कर भागने लगे। पीछा करने पर तीन युवक पकड़े गए और एक मोबाइल फेंककर भाग निकला। पुलिस ने उनके पास से चोरी की मोटरसाइकिल, तीन अन्य बाइकों की चाबियां, चार मोबाइल, दो बड़े चाकू और गांजा पीने का चिलम बरामद किया। जांच में पता चला कि बरामद बाइक रांची के अड़गोरा थाना क्षेत्र से करीब डेढ़ माह पहले चोरी की गई थी। आरोपियों ने बाइक का असली नंबर प्लेट हटाकर फर्जी नंबर प्लेट लगाया था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इमरोज़ अंसारी (20, निवासी करगे, थाना नरकोपी, रांची), आरिफ़ अंसारी (19, निवासी मस्जिद टोला, थाना कैरो, लोहरदगा) और इरफ़ान अंसारी (18, निवासी नागजुआ, थाना कैरो, लोहरदगा) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, इनमें से दो के खिलाफ पहले भी चोरी और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। लोहरदगा थाना में कांड संख्या 143/25, दिनांक 10.08.25, धारा 317(5)/336(3)/338/340 (2)/339/3(5) BNS 2023 के तहत मामला दर्ज कर तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापामारी दल में थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर, पु.अ.नि. रवि रंजन कुमार, स.अ.नि. अमरनाथ पांडेय, स.अ.नि. चंद्रदीप मेहता, स.अ.नि. रमेश कुमार तिवारी, हवलदार जनेश्वर साहार, चा.पु. मुकेश कुमार शर्मा, चा.पु. सत्यकिशोर कुमार शामिल थे।

## दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

● ग्राम सभा के अधिकार और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी गई

नवीन मेल संवाददाता



**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सोमवार को दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों और पारंपरिक नेताओं को पेसा अधिनियम 1996 के अंतर्गत ग्राम सभा के अधिकार और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार की ओर से आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं की भूमिका को सशक्त करना और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को उनकी संवैधानिक शक्तियों से परिचित कराना था।
प्रशिक्षण का विधिवत शुभारम्भ प्रमुख बरिया देवी व बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने दीप प्रज्वालित कर किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ने प्रतिभागियों को पेसा कानून के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा न केवल निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेती है, बल्कि खनन, भूमि उपयोग, जल, जंगल और जमीन से जुड़े मसलों पर भी उसकी राय सर्वोपरि होती है। साथ ही, पारंपरिक सामाजिक व्यवस्थाओं की रक्षा और निगरानी में भी ग्राम सभा की अहम भूमिका होती है। बीडीओ ने निर्देश दिया कि सभी मास्टर ट्रेनर अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर पेसा अधिनियम से संबंधित जानकारी का प्रचार-प्रसार करें ताकि गांव-गांव में जागरूकता फैले और ग्रामीण अपने अधिकारों को जान सकें। प्रशिक्षण में प्रखंड के प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, ग्राम मुंडा सहित बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## फुटबॉल मैच देखने आए जवान की बाइक हुई चोरी

**लोहरदगा।** स्थानीय समाहरणालय मैदान में आयोजित शहीद वीर बुधु भगत फुटबॉल टूर्नामेंट में मैच देखने आए गृह रक्षा वाहिनी के जवान अनिल उरांव की पैशन प्रो मोटरसाइकिल अज्ञात चोर ले उड़े। इस संबंध में अनिल उरांव ने बताया कि, लाल और काले रंग की पैशन प्रो बाइक नंबर जेएच 01सी 1969 से वह फुटबॉल मैच देखने आया था। मैच खत्म होने के बाद जब अपनी बाइक के पास पहुंचा तो बाइक गायब मिला। देर शाम तक बाइक ढूंढने के बावजूद बाइक नहीं मिली। अज्ञात चोर उसके बाइक चोरी कर फरार हो गए। घटना को लेकर सदर थाना में पीड़ित जवान अनिल उरांव ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज करा कर न्याय की गुहार लगाया है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश ने स्वदेशी हथियारों का दिखाया दम : रवि गुप्ता

**केरसई।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा केरसई मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा डिवाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल से इंदिरा चौक होते हुए केरसई बाजार परिसर तक निकली। इसमें डिवाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चे एवं भाजपा कार्यकर्ता "भारत माता की जय", "वंदे मातरम" और "इंकलाब जिंदाबाद" के नारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा कर रहे थे।तिरंगा यात्रा के पश्चात जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से भारत के वीर सैनिकों के शौर्य और बलिदान को याद किया जाता है।केरसई प्रखंड प्रभारी रवि गुप्ता ने कहा कि इस बार तिरंगा यात्रा पूर्ण रूप से वीर सैनिकों के नाम है, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में अपने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तान के दांत खट्टे किए। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर द्वारा भारत में स्वदेशी निर्मित हथियारों का प्रदर्शन कर पूरे विश्व में भारत का सिर ऊंचा किया और यह साबित कर दिया कि भारत किसी भी मामले में किसी भी देश से कम नहीं है।मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय जनता पार्टी द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।


### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

हरिहरगंज थाना कांड सं0–165/2021, दिनांक–18.12.2021 धारा–457/380 भा0 द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त अनिल पासवान, उम्र करीब–37 वर्ष, पे0 स्व0 परीखा पासवान, साकिन–उपरी डुमरी थाना–अम्बा, जिला– औरंगाबाद, बिहार के संबंध में सूचना/ जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कश्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, छतरपुर :– 9431706241,8797744205
थाना प्रभारी, हरिहरगंज :– 9431706260

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR.NO.359355 Police(25-26):D



### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

तरहसी थाना कांड सं0–81/2021 दिनांक–29.09.2021 धारा–25(1–ए) 26/35 आर्म्स एक्ट तथा 17 सी0एल0ए0एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त उमेश सिंह खेरवार उर्फ नगीना जी उर्फ डॉक्टर जी, पिता स्व0 राजमणि सिंह, ग्राम–झिलंगी, थाना–डंडई, जिला– गढ़वा के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, (पांकी) लेस्लीगंज :– 9523355003
थाना प्रभारी, तरहसी :– 9430774070

PR 359349 Police (25-26)_D

पुलिस अधीक्षक, पलामू


## राहुल गांधी का वोट चोरी के लगाए आरोप का दिखाया गया वीडियो

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के "वोट चोरी" संबंधी वक्तव्य और आंकड़ों को वीडियो माध्यम से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने की, जबकि संचालन जिला संगठन प्रभारी एवं विधायक भूषण बड़ा तथा कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोंगाडी की उपस्थिति में हुआ।वीडियो में राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के अंश दिखाए, जिसमें उन्होंने 2024 के लोकसभा, मध्यप्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र चुनावों में कथित "वोट चोरी" के तथ्य रखे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव आयोग की मिलीभगत से फर्जी मतदाता, डुप्लिकेट नाम, फर्जी पते और फॉर्म-6 के दुरुपयोग के जरिए नतीजों को प्रभावित किया। बेंगलुरु सेंट्रल के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र का उदाहरण देते हुए उन्होंने दावा किया कि 1,00,250 फर्जी वोट दर्ज हुए, जिससे कांग्रेस 32 हजार वोट से हार गई। राहुल गांधी ने कहा कि इसी तरह कम अंतर वाली कई सीटों पर गड़बड़ी से भाजपा को जीत मिली। उन्होंने चुनाव आयोग से डिजिटल वोटर लिस्ट और सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने की मांग की तथा आरोप लगाया कि बिहार में भी नए तरीके से वोट काटे जा रहे हैं।

## लोहरदगा-रांची मेमो ट्रेन में बिना टिकट यात्रियों का कब्जा



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा-रांची मेमो ट्रेन में बिना टिकट यात्रा करने वालों का बोलबाला है। ये लोग न केवल ट्रेन में चढ़ते हैं बल्कि सीटों पर कब्जा भी जमाकर रखते हैं, जिससे टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को खड़े होकर सफर करना पड़ता है। जानकारी के मुताबिक, बिना टिकट यात्रा करने वालों में अधिकतर लोहरदगा, ईरगांव, आकाशी, नगजुआ, नरकोपी और टांगरबंसली के दैनिक मजदूर होते हैं, जो प्रतिदिन मजदूरी के लिए रांची आते-जाते हैं। टिकटधारी यात्री अशोक कुमार ने बताया, "हम रोज़ टिकट लेकर सफर करते हैं, लेकिन सीट पर हमेशा बिना टिकट वाले बैठे मिलते हैं। आवाज़ उठाने पर उल्टा बहस और धक्का-मुक्की होती है।" महिला यात्री ममता देवी ने कहा, "बिना टिकट वाले ग्रुप में आते हैं और महिलाओं के लिए आरक्षित सीट पर भी कब्जा कर लेते हैं।" स्थानीय यात्रियों का कहना है कि इस स्थिति के लिए रेलवे खुद जिम्मेदार है, क्योंकि रांची-लोहरदगा पैसेंजर ट्रेन में शायद ही कभी टिकट जांच होती है। टिकट जांच की कमी के कारण इन बिना टिकट यात्रियों का मनोबल बढ़ा हुआ है और वे खुलेआम नियमों की अनदेखी करते हैं।

### एनएसयूआई ने कॉलेज प्रशासन की मनमानी पर खोला मोर्चा

## सीट बैरियर खत्म करने को लेकर छात्र करेंगे एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला एनएसयूआई ने बीएस कॉलेज प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए नामांकन प्रक्रिया में हो रही मनमानी का विरोध किया है। जिला अध्यक्ष मन्नोवर आलम के नेतृत्व में हुई बैठक में छात्रों के अधिकारों को लेकर बड़ा निर्णय लिया गया।
बैठक में बताया गया कि विश्वविद्यालय की ओर से किसी भी विषय में नामांकन सीट की कोई सीमा तय नहीं की गई है, इसके बावजूद कॉलेज प्रशासन ने हिंदी, इतिहास, राजनीतिक शास्त्र, भूगोल, कुरुख, नागपुरी, उर्दू और आर्थिक शास्त्र जैसे सभी विषयों में सीमित सीट निर्धारित कर दी है। इस निर्णय के कारण नामांकन फॉर्म भरने वाले 100% में से केवल 40% छात्रों का ही प्रवेश हो पाया है, जबकि बाकी विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में है। प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने इस पर नाराज़गी जताते हुए कहा, "जब विश्वविद्यालय ने कोई बैरियर तय नहीं किया है, तो कॉलेज प्रशासन किस अधिकार से छात्रों के सपनों पर ताला लगा रहा है? यह शिक्षा के अधिकार का खुला उल्लंघन है और एनएसयूआई इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।" वहीं जिला अध्यक्ष मन्नोवर आलम ने कहा, इस समस्या को लेकर एनएसयूआई ने पूर्व में तीन दिन पहले ही कॉलेज प्रशासन को अवगत करा चुकी है इसके बावजूद अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है इसलिए आकर्षित छात्र-छात्राओं के साथ कल दिनांक 12 अगस्त को एनएसयूआई के बैनर तले एकदिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी। इसके बावजूद कॉलेज प्रशासन ने तुरंत सीट बैरियर हटाकर सभी योग्य छात्रों को नामांकन का अवसर नहीं दिया, तो विवश होकर कॉलेज में तालाबंदी भी करने का निर्णय लिया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में छात्र-छात्राओं को न्याय दिलाने के लिए जन आंदोलन चलाया जाएगा। एनएसयूआई ने स्पष्ट कर दिया है कि यह लड़ाई केवल सीटों की नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य और अधिकारों की है।


### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

तरहसी थाना कांड सं0–35/2025, दिनांक–02.05.20285 धारा–191(2)/191(3) /190/109/132/ 61 (2) एवं 27 (ii)/35 आर्म्स एक्ट तथा 17 सी0एल0ए0एक्ट के प्राथमिकी अभिय 1.शशिकांत जी उर्फ सुदेश जी उर्फ आरिफ जी, पिता–हिरा सिंह, साकिन–केदल, 2. मुखदेव यादव उर्फ तुफानी जी, पिता–स्व0 जगेश्वर यादव, साकिन–मिटार, दोनों थाना–मनातू जिला–पलामू, 3. उमेश सिंह खेरवार उर्फ नगीना जी उर्फ डॉक्टर जी, पिता–स्व0 राजमुणि सिंह, ग्राम–झिलंगी, थाना–डंडई, जिला–गढ़वा के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, (पांकी) लेस्लीगंज :– 9523355003
थाना प्रभारी, तरहसी :– 9430774070

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 359351 (Police)25-26*D

## भालू के हमले से गंभीर रूप से घायल हुई महिला

**डुमरी।** सुबह शौच के लिए घर से बाहर गई एक 49 वर्षीय महिला पर जंगली भालू ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। यह घटना डुमरी थाना क्षेत्र के खेतली पंचायत अंतर्गत सिरमी गांव में हुई। जानकारी के अनुसार, सिरमी गांव की रहने वाली विरसो देवी सुबह करीब 5 बजे सिरमी से अंबाटोली जाने वाले रास्ते के पास शौच के लिए गई थीं। इसी दौरान पीछे से आए एक जंगली भालू ने उन पर अचानक हमला कर दिया। हमला इतना भयानक था कि विरसो देवी के सिर की चमड़ी उखड़ गई, उनकी बाएं आंख बाहर निकल आई, और उनके गले और बगल कांख में भी गंभीर चोटें आईं।घटना के बाद, परिजनों और ग्रामीणों ने उपमुखिया जवाहर कवर की मदद से आनन-फानन में महिला को डुमरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद, उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया है।

### गुमला में जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक

# सभी विभागों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश

- आयुष्मान, जल जीवन मिशन, अबुआ आवास, शिक्षा, आपदा प्रबंधन और सामाजिक योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में जिलास्तरीय समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं की अद्यतन प्रगति और चुनौतियों की विस्तृत जानकारी साझा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को आपसी समन्वय और समयबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रखंड और पंचायत स्तर पर भी नियमित बैठकें आयोजित कर कार्यों की प्रगति पर नजर रखी जाए। उन्होंने समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर त्वरित कार्रवाई के माध्यम



### स्वास्थ्य विभाग पर विशेष जोर

- आयुष्मान आरोग्य मंदिर का नियमित निरीक्षण, बिजली और पानी की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश।
- निर्माण कार्य 15वें वित्त की राशि से पूर्ण करने को कहा।
- आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु विशेष कैंप और जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश।
- छूटे हुए लोगों की सिकल सेल जांच पूर्ण करने को कहा।

### आपदा प्रबंधन

- बारिश से प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर आश्रय देने के निर्देश।
- फील्ड वर्कर्स को सक्रिय रहकर जनता की मदद करने और आपदा से बचाव हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा।
- शिक्षा विभाग
- एनपीसीआई मैपिंग में आ रही समस्या के समाधान हेतु एलडीएम से समन्वय स्थापित करने के निर्देश।
- जन शिकायत निवारण और अन्य योजनाएं
- प्रखंड स्तरीय जन शिकायत निवारण दिवस पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश।

## लापता युवक का शव आम के पेड़ में लटकता, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के बीमरला टोंकाटोली में एक 23 वर्षीय युवक का शव आम के पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान सुमित तिर्की के रूप में हुई, परिजनों ने बताया कि सुमित शनिवार से घर से लापता था, जिसके बाद से उसके परिजन लगातार उसकी खोजबीन कर रहे थे। रविवार की शाम, एक चरवाहा जब जानवरों को चरा रहा था, तो उसने जमगई टोंगरी के पास एक आम के पेड़ से शव को लटके देखा। चरवाहे ने तुरंत गांव वालों को इस बात की जानकारी दी। गांववालों ने इसकी सूचना गांव के चौकीदार के जरिए पुलिस को दी। सूचना मिलने पर घाघरा पुलिस अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया है। वही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बालक वर्ग में कोलेबिरा कदमडांड़ व बालिका वर्ग में रामपुर ने जीता खिताब

**कोलेबिरा।** कोम्बाकेरा के बसंत टांड़ मैदान में आयोजित स्वर्गीय मुनेश्वर सिंह स्मृति चार दिवसीय पुरुष-महिला फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 (सीजन-5) का समापन रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। बालक वर्ग के फाइनल में कोलेबिरा कदमडांड़ ने दोनिया (उड़ीसा) को 1-0 से हराकर चैंपियन का ताज अपने नाम किया, जबकि बालिका वर्ग में रामपुर की टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया।प्रतियोगिता का आयोजन कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के सहयोग से किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया, कांग्रेस जिला महासचिव फुलकेरिया डांग, कांग्रेस पश्चिम मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष जोसेफ सोरेंग और कांग्रेस युवा विधानसभा अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फुटबॉल को किक मारकर फाइनल का शुभारंभ किया।

## आफत की बारिश से तबाही, कई गरीबों के आशियाने हुए जमींदोज

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड में जारी लगातार मूसलधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। गरीबों के कई कच्चे मकान ढह गए, तो कई घरों में बारिश का पानी घुस जाने से लोग बेघर होने के कगार पर पहुंच गए हैं।

सोमवार को डूडीया पंचायत के सरगांव गांव निवासी रफीक मीर का मिट्टी का मकान ढहकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ। वहीं, दक्षिणी भरनो पंचायत के भरनो बस्ती निवासी अहिल्या देवी का मिट्टी का मकान भी गिरकर मलबे



में बदल गया। इसके अलावा कई अन्य ग्रामीणों के आशियाने बारिश के कहर से ढह गए हैं, जिससे उनके सामने गंभीर आवासीय संकट उत्पन्न हो गया है।

लगातार हो रही तेज बारिश से पारस नदी, तालाब, कुएं, डोभा, चुआं और दाड़ी उफान पर हैं। अधिकांश कुओं में पानी का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ गया है। किसानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है — सब्जियों सहित कई फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। केवल धान की रोपाई समय पर पूरी करने वाले किसान ही कुछ राहत महसूस कर रहे हैं।

## केलाघाघ पावर हाउस के पास बारिश के पानी से बना नदी, जनप्रतिनिधि मौन

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहर के केलाघाघ रोड स्थित पावर हाउस के पास बरसात का पानी सड़क पर इस कदर भर गया है कि वह नदी का रूप ले चुकी है। सड़क पर पानी और कीचड़ के कारण लोगों का पैदल चलना तो दूर, वाहनों का गुजरना भी मुश्किल हो गया है। पानी की अधिक मात्रा जमा होने से सड़क की पुरानी सतह पूरी तरह ढक गई है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा हर समय बना रहता है। स्थानीय लोग रोज़ भय और परेशानी के बीच सफर करने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है, सालों से यही स्थिति बनी हुई है, लेकिन स्थायी समाधान आज तक नहीं हो पाया।नाली और पुलिया होने के बावजूद उनका रखरखाव नहीं किया जाता, नालियां हमेशा जाम रहती हैं और कई जगह टूट चुकी हैं। नतीजतन, यहां तालाब जैसी स्थिति बनी रहती है। लाखों रुपये का राजस्व वसूलने वाली नगर परिषद इस पर ध्यान नहीं दे रही, और सिमडेगा के जनप्रतिनिधि भी मौन साधे बैठे हैं। हैरानी की बात है कि इसी जगह पर 22 सितंबर से दुर्गा पूजा का आयोजन होना है, और हर साल शांति समिति की बैठक में समस्या उठाए जाने के बावजूद हल नहीं निकलता। लापरवाही का आलम यह है कि पर्यटन स्थल केलाघाघ जाने वाला यह मुख्य मार्ग आज दयनीय हालत में है, और जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है। इधर सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया के सदर मोहम्मद ग्यास ने भी कहा कि कई बार इस मामले को लेकर आवाज उठाई गई, कई बार नगर परिषद सिमडेगा से मांग की गई ,लेकिन अभी तक किसी प्रकार से कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई जिसकी वजह से लोगों में नाराजगी है।

## उन्नति का पहिया, छात्र-छात्राओं के बीच 139 साइकिलों का किया गया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** स्कूली बच्चों का मार्ग सुगम बनाने के लिए झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना "उन्नति का पहिया" के तहत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सिसई के निर्देश अनुरूप 11अगस्त 2025 को पूर्वाह्न 11 बजे वर्तमान शैक्षणिक वर्ष 2025 - 26 के कक्षा आठवीं के एसटी, एससी, ओबीसी एवं माइनॉरिटी श्रेणी के तीन विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के बीच मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि सह कुदरा पंचायत मुखिया प्रकाश उरांव एवं नगर पंचायत मुखिया रवि उरांव ने कुल 139 साइकिलों का वितरण किया। जिसमें राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोड़ेदाग - 59 , राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवनाथपुर - 41, एवं राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय लठदाग - 39 छात्र एवं छात्राओं को साइकिल दी गई।

विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव ने



कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से बच्चे शिक्षा ग्रहण करने विद्यालय आते हैं विद्यालय आने जाने में बच्चों को बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिसके कारण बच्चे विद्यालय से ड्रॉपआउट कर लेते हैं इससे उनका शिक्षा पूर्ण नहीं हो पाता है और इस कारण उनका बौद्धिक विकास भी नहीं हो पाता है साथ माता पिता के सपने अधूरे रह जाते हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार ने इस महत्वकांक्षी योजना "उन्नति का पहिया" को संचालित कर रही है।

वहीं साइकिल मिलने पर सभी बच्चे बहुत उत्साहित नजर आ रहे थे उनके चेहरे पर खुशियां झलक रही थी। बच्चों ने कहा कि हमें विद्यालय आने जाने में काफी कठिनाई होती थी पैदल ही विद्यालय जाना पड़ता था इसके वजह से हमेशा विद्यालय के लिए लेट हो जाते थे और कभी कभी तो विद्यालय ही नहीं जा पाते थे। जिसके कारण हमारी पढ़ाई बाधित हो रही थी। साइकिल मिलने से हमे बहुत खुशी मिली है इसके लिए हम राज्य सरकार को बहुत बहुत धन्यवाद करते हैं और आभार व्यक्त करते हैं अब हम नियमित रूप से विद्यालय जाएंगे तथा पूरा मन लगा कर पढ़ाई करेंगे।

मौके पर प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी शैलेश प्रसाद यादव, तीनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापक ,जेएमएम कार्यकर्ता उमर फारुख सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जिले में 42 यूनिट रक्त एकत्रित



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों में 28 जुलाई से 11 अगस्त 2025 तक जिला रक्त केंद्र, गुमला के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवधि में आयोजित शिविरों के अंतर्गत 28 जुलाई को भरनो में 05 यूनिट, 29 जुलाई को सदर में 05 यूनिट, 30 जुलाई को बिशुनपुर में 05 यूनिट, 31 जुलाई को पालकोट में 03 यूनिट, 1 अगस्त को सिसई में 05 यूनिट इन सभी शिविरों के माध्यम से कुल 42 यूनिट रक्त संकलित हुआ।

## प्रसिद्ध देवाकी बाबा धाम मंदिर परिसर में जिला परिषद से बना रहे किचन शेड में गुणवत्ता पर सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा (गुमला)।** गुमला जिले घाघरा में स्थित प्रसिद्ध देवाकी बाबा धाम मंदिर के किचन शेड निर्माण कार्य में घोर अनियमितता का ममला प्रकाश मे आया है यहाँ वाल लिंटन अभी ही झुक गया है। इसे देखकर आकलन किया जा सकता है कि कार्य किस प्रकार किया जा रहा है संवेदक और अभियंता दोनों की मिलीभगत से खुलेआम घटिया सामाग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिसका नतीजा यह है कि किचन शेड का लिंटन अभी ही झुक गया। निर्माण कार्य जिला परिषद कोष से कराया जा रहा है।



निर्माण में खराब मसाला, बिम् में बारह की जगह दस एम एम का सरिया लगाया जा रहा है। फाउंडेशन को तीन फीट नीचे से निकालना था जिसे दो तरफ से ही निकाल कर दो तरफ ओपन फाउंडेशन ढाल लिया गया है।

सरकारी योजनाओं का उद्देश्य जनता को लाभ पहुंचाना होता है ना की खराब गुणवत्ता का काम जिला परिषद द्वारा बनाए जा रहे हैं किचन शेड में गुणवत्ता की कमी है और इंजीनियरों द्वारा इसका निरीक्षण नहीं किया जा रहा है या एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है क्योंकि सरकारी योजना का उद्देश्य जनता को लाभ पहुंचाना होता है ना ही की खराब और गुणवत्ता रहित काम कार्यस्थल का ज्यादा लेने नहीं पहुंचते इंजीनियर जिससे संवेदक को भ्रष्टाचार करने में बड़ी आसानी होती है वही लोगों का कहना है कि अभियंता कभी निर्माण स्थल पर दिखाई ही नहीं देते है। अभियंता द्वारा निगरानी, एवं मॉनिटरिंग नहीं करने के कारण ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यह सुप्रसिद्ध देवाकी बाबा धाम मंदिर जिला और राज्य के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है।, ऐसे में यहां निर्माण कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान ग्रामीण समस्याओं पर भी हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** गुमला जिला कांग्रेस महासचिव सह भरनो प्रखंड प्रभारी एवं पर्यवेक्षक गंगा उरांव ने कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत भरनो प्रखंड के दक्षिणी मंडल क्षेत्र के करंज, बटकुरी, टंगराटोली, करौंदाजोर, चितागुटू, डोम्बा, डुड़िया, बंगरू, तुरीआम्बा समेत कई गांवों का दौरा किया।

दौरे के दौरान पंचायत अध्यक्षों और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के उद्देश्यों को विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही पंचायत समिति के विस्तार और मजबूती को लेकर भी चर्चा की गई। इस मौके पर चितागुटू गांव के ग्रामीणों ने सरना मोड़ से आंगनबाड़ी केंद्र तक लगभग 1500 फीट सड़क के बारिश में कीचड़ में तब्दील हो जाने की समस्या रखी, जिससे आमजन को आने-जाने में भारी दिक्कत होती है। इस पर युवा नेता जुगल उरांव ने समस्या को क्षेत्र के सांसद और विधायक तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

भ्रमण कार्यक्रम में जुगल उरांव, बसंत उरांव, कैलाश उरांव, रामधारी सिंह, राजकुमार उरांव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गुमला में कल भव्य तिरंगा यात्रा

**गुमला।** देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर और 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में, शहीदों और हमारे वीर सैनिकों के अदम्य साहस व पराक्रम को नमन करने हेतु गुमला में 13 अगस्त, बुधवार को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा गुमला के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के गेट नंबर-1 से प्रारंभ होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति और एकता का प्रतीक होगी। उन्होंने जिले के सभी सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और प्रबुद्ध नागरिकों से आग्रह किया कि वे 13 अगस्त की सुबह 9:00 बजे शहीद अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा स्थल पर एकत्रित होकर इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हों और इसे सफल बनाएं।

## डॉ. दीपक प्रसाद का राष्ट्रीय चयन, बीएचयू में विषयक कार्यशाला में होंगे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** झारखंड के सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक शोधकर्ता, रंग निर्देशक, नाट्य समीक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. दीपक प्रसाद का चयन देश के चुनिंदा शिक्षाविदों एवं शोधकर्ताओं में एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला के लिए हुआ है। यह कार्यशाला 18 से 22 अगस्त 2025 तक काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी में ऑफ़लाइन मोड में आयोजित होगी। कार्यशाला का विषय है— अनुसंधान नैतिकता एवं शैक्षणिक ईमानदारी डिजिटल उपकरणों का उपयोग। इसका आयोजन इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर टीचर एजुकेशन, बीएचयू के तत्वावधान में एवं इन्फॉर्मेशन एंड लाइब्रेरी नेटवर्क सेंटर (गांधीनगर, गुजरात) के सहयोग से किया जा रहा है। झारखंड के लिए गौरव का डॉ. प्रसाद का चयन झारखंड के लिए सम्मान की बात है। वर्तमान में वे कार्तिक उरांव महाविद्यालय, गुमला के शिक्षा संकाय में परफॉर्मिंग आर्ट के सहायक आचार्य के रूप में कार्यरत हैं। शिक्षा, रंगमंच, समाज और शोध के संगम पर कार्य करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं।

### घाघरा प्रखंड में जनशिकायत निवारण शिविर

## 13 में से 11 शिकायतों का मौके पर हुआ समाधान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** घाघरा प्रखंड में आज साप्ताहिक जनशिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुँचे। शिविर के दौरान कुल 13 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें वृद्धा पेंशन (5), जन्म प्रमाण पत्र (2), आवास (1), दिव्यांग पेंशन (3), मईया सम्मान योजना (1) और मृत्यु प्रमाण पत्र (1) शामिल थीं। प्रशासनिक अधिकारियों ने शिविर में तत्परता और संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करते हुए 11 शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कर दिया। शेष 2 शिकायतें इन-प्रॉसेस श्रेणी में रखी गईं, जिनका शीघ्र निपटारा किया जाएगा। विशेष रूप से, किसी भी शिकायत को जिला स्तर पर अग्रसारित करने की आवश्यकता नहीं पड़ी, जिससे स्थानीय स्तर पर समाधान की प्रशासनिक क्षमता स्पष्ट हुई। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि जनशिकायत निवारण शिविरों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निपटारा करना है। ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को दूर-दराज के कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलती है और समय व संसाधनों की बचत होती है।

## दो दिवसीय युथ सम्मेलन में छह सौ से अधिक युवाओं ने लिया भाग

**नवीन मेल संवाददाता**

**पालकोट (गुमला)।** प्रखंड पालकोट के करौन्दाबेड़ा स्थित चर्च परिसर में भिखारिएट स्तरीय दो दिवसीय युथ सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें भिखारिएट के अंतर्गत आने वाली चारों पल्ली देवगांव, सुन्दरपुर, लौवाकेरा एवं करौन्दाबेड़ा से छह सौ से अधिक ख्रीस्तीय युवाओं ने भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य विषय था "वर्तमान परिस्थिति में आदिवासी युवाः आज और कल"।

मुख्य वक्ता फा. जोन खेस (डॉन बोस्को, कोलेबिरा, जामटोली) ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें जीवन की बुरी आदतों को त्यागकर अपने जीवन, परिवार, समाज, कलीसिया और देश के



उत्थान में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

युवाओं को मिली प्रेरणा और दिशा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री भूषण बाड़ा के प्रतिनिधि व प्रखंड युवा कांग्रेस समिति के अध्यक्ष रोहित एक्का उपस्थित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में आदिवासी युवाओं की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज कई युवा मुख्यधारा से भटक रहे हैं और अपने परिवार एवं समाज के मार्गदर्शन के अनुरूप जीवन में आचरण नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया आप देश के कर्णधार हैं। अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए एक ठोस लक्ष्य तय करें और कड़ी मेहनत करें, क्योंकि कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है।"

साथ ही उन्होंने जीवन की कठिनाइयों का सामना ईश्वर पर विश्वास, माता-पिता और गुरुजनों की आज्ञापालन तथा उनके बताए मार्ग पर चलकर करने की बात कही। सम्मेलन में धार्मिक एवं सामाजिक नेतृत्व की भागीदारी इस अवसर पर युथ डायरेक्टर फा. एरिक इंदवार, फा. प्रभु दास तिर्की, फा. रोशन केरकेट्टा, फा. विनोद मिंज, फा. जोन केरकेट्टा, निमरोद एक्का, अंजलीनता बाड़ा समेत अनेक सिस्टर गण और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**कार्यालय,**
**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,**
**पलामू, मेदिनीनगर (जिला नजारत शाखा)**

**शुद्धि पत्र 359030**

जिला नजारत शाखा, पलामू द्वारा 15 अगस्त/26 जनवरी, विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों के आगमन पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित समारोह में आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति टेन्ट, अल्पाहार एवं अन्य व्यवस्था करने के निमित निविदा खोलने की तिथि 14.08.2025 को निर्धारित है के शर्त संख्या– 09 में " **न्यूनतम निर्वाचन दर**" अंकित हो गया है जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए इसके जगह पर उपरोक्त सामग्री के क्रस हेतु "**अधिकतम विधान सभा आम चुनाव 2024 में निर्धारित दर**" मान्य होगा।

शेष सभी नियम एवं शर्त यथावत रहेगा।

नजारत उप समाहर्त्ता,
पलामू।

PR.NO.359300 District(25-26):D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"कोई भी कार्य करने से पहले उसका परिणाम सोच लेना हितकर होता है, क्योंकि हमारी आने वाली पीढ़ी उसी का अनुसरण करती है।" - छत्रपति शिवाजी महाराज जी

## संपादकीय

# फिटनेस व टहलने का विकल्प

भारत में सभी प्रांतों में अलग अलग तरह के भोजन की परंपरा है और प्रायः एक स्थान से दूसरी कर्मस्थली में भी लोग वैसा ही भोजन प्रमुखता से लेना पसंद करते हैं जिससे कई बार समस्याएं भी होती हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि लोगों को गरिष्ठ भोजन तो पसंद है पर यह किसी को ध्यान में नहीं है कि पहले सारे काम स्वयं किए जाते थे और लंबी दूरी की कष्टकारी यात्रा सामान्य सी बात थी जिसके स्थान पर आज हर काम के लिए मशीन और यात्रा के लिए वाहन की आदत हमें मोटापे का शिकार बना रही है।टहलना सबसे आसान व्यायामों में से एक है, लेकिन सभी प्रकार की सैर (टहलना) समान रूप से प्रभावी नहीं होतीं। सोशल मीडिया पर खासी चर्चित 'जापानी वॉकिंग' (अंतराल या इंटरवल वॉकिंग ट्रेनिंग) नामक एक विधि, एक साधारण सैर या यहां तक कि एक दिन में 8,000 या उससे अधिक कदम मध्यम गति से चलने की तुलना में अधिक लाभप्रद है। इस रणनीति की शुरुआत दो दशक पहले जापान के शिंशु यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट स्कूल ऑफ मेडिसिन के व्यायाम विज्ञानी हिरोशी नाज के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन से हुई थी। यह देश दुनिया की सबसे बुजुर्ग आबादी वाले देशों में से एक है, और डॉ. नोज को उम्मीद थी कि शीर्ष एथलीटों द्वारा आजमाई जाने वाली अंतराल-प्रशिक्षण तकनीकों को बुजुर्गों पर लागू करके वह उनके स्वास्थ्य में सुधार ला सकते हैं और देश की चिकित्सा लागत को कम कर सकते हैं। इंटरवल वॉकिंग व्यायाम का एक रूप है, जिसमें बारी-बारी से तेजी और आराम से टहलना शामिल है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सैन फ्रांसिस्को में प्राथमिक देखभाल खेल चिकित्सा के प्रमुख डॉ. कार्लिन सेंटर ने बताया कि उच्च तीव्रता अंतराल के बेहद पारंपरिक रूपों की तुलना में, सामान्य इंटरवल वॉकिंग कई लोगों के लिए अधिक सुलभ है, विशेष रूप से उन लोगों के लिए, जिन्होंने कुछ समय से व्यायाम नहीं किया है या जो चोटों से उबर रहे हैं।इसके लिए आपको बस आरामदायक जूते, चलने के लिए सुरक्षित जगह और एक टाइमर की आवश्यकता है। डॉ. नाज धीमे अंतरालों की तुलना में तेज अंतरालों के दौरान लंबे कदम उठाने की सलाह देते हैं। वह आपकी बांहों को भी सक्रिय रखने, उन्हें कोहनियों से मोड़ने और हर कदम पर उन्हें जोर से हिलाने का सुझाव देते हैं, ताकि लंबे कदमों के दौरान सही मुद्रा बनाए रखने में मदद मिले। शोध के परिणाम बताते हैं कि सत्रों को दिन में तीन बार लगभग 10-10 मिनट के खंडों में विभाजित करना भी उतना ही प्रभावी हो सकता है। अगर आप कुछ समय से सक्रिय नहीं रहे हैं, तो धीमी गति से शुरुआत करें और धीरे-धीरे आगे बढ़ें। अगर तीन मिनट बहुत ज्यादा लग रहे हों, तो एक मिनट से शुरुआत करें और धीरे-धीरे आगे बढ़ें। समय के साथ, जैसे-जैसे आपकी फिटनेस में सुधार होगा, आप संभवतः तेज मुकाबलों के दौरान खुद को अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित कर सकेंगे। सबसे आसान है हर भोजन के बाद कम से कम सौ कदम पैदल चलना।

*सोशल मीडिया पर खासी चर्चित 'जापानी वॉकिंग' (अंतराल या इंटरवल वॉकिंग ट्रेनिंग) नामक एक विधि, एक साधारण सैर या यहां तक कि एक दिन में 8,000 या उससे अधिक कदम मध्यम गति से चलने की तुलना में अधिक लाभप्रद है।*

# पुस्तकालयों को उन्नत बनाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग




जीवन विकास का मुख्य आधार शिक्षा और उस शिक्षा की मुख्य आधारशिला पुस्तकालय होते है, शिक्षा को सक्षम बनाने में विकसित पुस्तकालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। विश्वभर में पुस्तकालयों ने बेहतर विकास किया है, अब ई-पुस्तकें और सभी प्रकार के ई-साहित्य इंटरनेट के द्वारा हर जगह आसानी से उपलब्ध हो जाते है। डिजिटल व वर्चुअल पुस्तकालयों की मांग लगातार बढ़ रही है। हमारे देश के अनेक उच्च शिक्षा संस्थान, महंगे निजी शिक्षा संस्थान भी पुस्तकालयों को बेहतर ढंग से विकसित कर पाठकों को सर्वश्रेष्ठ सेवा उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। सरकार भी शिक्षा और पुस्तकालयों के विकास के लिए सहायता कर रही है, फिर भी जनसंख्या और आवश्यकतानुरूप उन्नत पुस्तकालयों के मामले में हम काफी पिछड़े हुए है। आज के आधुनिक युग में तकनीकी रूप से बेहद नवीनतम संसाधनों का उपयोग पुस्तकालयों में किया जा रहा है, ताकि पाठकों को बेहतर सुविधाओं का लाभ कम समय में सहज मिल सकें। अभी एआई क्रांति शुरू हुई है, जिसने पुस्तकालयों को भी प्रभावित किया है, अर्थात कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग पुस्तकालयों को उन्नत बनाने में हो रहा है। देश में पुस्तकालय विज्ञान क्षेत्र के पितामह कहलानेवाले पद्मश्री डॉ. एस आर रंगनाथनजी की जयंती 12 अगस्त को "राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस" के रूप में मनाई जाती है। पुस्तकालयों का बेहतर विकास, सेवासुविधा और प्रत्येक पाठक और पुस्तक तक सहज पहुंच पुस्तकालय के न्यायसंगत नीति का निर्धार है। पद्मश्री डॉ. एस. आर. रंगनाथनजी द्वारा दिए गए पुस्तकालय विज्ञान के पाँच नियमों का कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा बेहतर ढंग से पालन किया जा सकता है। पुस्तकें उपयोग के लिए होती हैं, प्रत्येक पाठक को उसकी पुस्तक मिलनी चाहिए, प्रत्येक पुस्तक को पाठक मिलना चाहिए, पाठकों का समय बचना चाहिए और पुस्तकालय एक विकासशील संस्था है। ये नियम पुस्तकालयों की सुलभता, उपयोगकर्ता की आवश्यकताओं और उनके विकासशील स्वरूप के महत्व पर ज़ोर देते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता इन पाँच नियमों का बखूबी पालन कर सकती है। आज के सूचना युग में हर पल डेटा का ज्ञानरूपी विस्फोट हो रहा है, उस ज्ञान का अत्यल्प समय में योग्य पाठक तक पहुंचना बेहद आवश्यक होता है, इसलिए अब तकनिकी संसाधनों पर निर्भरता बढ़ गयी है। बहुत से क्षेत्रों में अब एआई का उपयोग बेहद प्रभावशाली ढंग से किया जा रहा है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता सूचना क्षेत्र में बदलाव ला रही है और पुस्तकालयाध्यक्षों के पारंपरिक कार्य को नया रूप दे रही है। शैक्षणिक और शोध पुस्तकालय अपनी सेवाओं और प्रतिस्पर्धात्मक लाभ को बेहतर बनाने के लिए नई तकनीकों को अपना रहे है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता इसका मुख्य साधन है। पाठकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता को सक्रिय नेतृत्वकर्ता के रूप में अपनाना होगा। यह उन्नत तकनीक पुस्तकालयाध्यक्षों के लिए नए मार्ग खोलेगी। नए नवोन्मेषी पदों और भूमिकाओं को संभालने, वर्तमान चुनौतियों का समाधान करने और उन्हें अप्रचलित होने से बचाने में मदद करेगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरण पाठकों के लिए योग्य पुस्तकें, लेख और अन्य साहित्य सामग्री तेज़ी से ढूँढना आसान बनाते हैं। मशीन लर्निंग के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता की क्षमताएँ शैक्षणिक पुस्तकालयों में व्यक्तिगत शिक्षण अनुभवों के द्वार खोलती हैं। उपयोगकर्ताओं के व्यवहार और प्राथमिकताओं का विश्लेषण करके, पुस्तकालय व्यक्तिगत आवश्यकताओं के आधार पर सुझाव और संसाधन तैयार कर सकते हैं। एआई साहित्यों के उपयोग पैटर्न का विश्लेषण करके और विशिष्ट संसाधनों की भविष्य की मांग का अनुमान लगाकर संग्रह विकास को अनुकूलित करने में मदद कर सकता है। अनुक्रमण स्वचालन पाठकों को नई सामग्री खोजने, विशिष्ट और सटीक साहित्य सामग्री उपलब्ध कराकर और विभिन्न विषयों के बीच नेविगेट करने में भी एआई मदद करेगा, जो मैन्युअल अनुक्रमण के साथ आसानी से संभव नहीं है, जिससे पाठकों और कर्मचारियों का समय बचेगा। किसी एक विषय पर दस्तावेज़ों का मिलान करना या समान विषय, समाधान या घटना का वर्णन करने वाले अनुभाग जोड़ना संभव है। विषय से प्रासंगिक रूप से संबंधित हज़ारों दस्तावेजों की सामग्री की तुलना कर सकते हैं। दुनियाभर में इंटरनेट पर उपलब्ध साहित्यों में से एआई विषय अनुसार दस्तावेज को खोजकर उसका अध्ययन करके उसका डाटा पाठकों को जल्द प्रदान करता है। शोधपत्रों के वास्तविक पाठ पर आधारित एआई एल्गोरिदम वास्तविक शोध की बेहतर मानचित्रण प्रणालियाँ तैयार करेगा, जिससे शोधकर्ताओं के लिए यह सहायक साबित होंगे। किसी भी पुस्तक या लेखों का सारांशीकरण एआई की मदद से करना बेहद आसान प्रक्रिया है, बड़े-बड़े डेटा को यह छोटे-छोटे पैराग्राफ में उपलब्ध कर देता है। एआई साधन नई पुस्तक, पत्रिका या अन्य साहित्य प्रकाशित होने पर अलर्ट साथ ही पाठकों को विशिष्ट पुस्तकालय संसाधनों तक निर्देशित कर सकते हैं। बार-बार दोहराए जाने वाले प्रश्नों के उत्तर देने की झंझट खत्म होगी, दुहराव रुकेगा, समय की बचत होगी। पुस्तकालय के काम में गुणवत्ता बढ़ेंगी। शोध का सत्यापन या पुनः प्रयोज्यता उसके पाठकों की संख्या से अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह ठोस और मान्य शोध ही है जो व्यापक पाठकों का हकदार है। पुस्तकालय प्रक्रियाओं और डिजिटल संसाधनों में मशीन लर्निंग को लागू करने से संग्रह विश्लेषण, विज़ुअलाइज़ेशन और संरक्षण को अनुकूलित किया जा सकता है और सेवाओं के प्रावधान से जुड़ी लागतों को कम किया जा सकता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरण उन्नत खोज क्षमताएँ प्रदान करके, प्रासंगिक संसाधनों की अनुशंसा कर डेटा विश्लेषण में सहायता द्वारा छात्रों और शोधकर्ताओं की मदद होती है। पुस्तकालयों में वर्चुअल असिस्टेंट और चैटबॉट का उपयोग काफी सामान्य हो गया है, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर देकर मार्गदर्शन होता है, इससे संबंधित कर्मचारियों का काम आसान हो गया है। एआई पुस्तकालय सेवाओं को बढ़ा सकता है और सतर्कता में सुधार कर सकता है, लेकिन यह एल्गोरिदम संबंधी पूर्वाग्रह, डेटा सुरक्षा, कॉपीराइट संबंधी चिंताएँ और मानवीय संपर्क के संभावित विस्थापन के बारे में चिंताएं भी पैदा करता है। एआई से कोई भी तथ्य प्राप्त कर सकता है, लेकिन यह समझना कि उन तथ्यों का क्या अर्थ है, वे कैसे जुड़ते हैं, और क्या वे विश्वसनीय हैं, यहीं पर मानवीय विशेषज्ञता अमूल्य हो जाती है। एआई-संचालित स्वचालन पुस्तकालय कर्मचारियों और पाठकों के बीच मानवीय संपर्क को कम कर सकता है, जिससे पुस्तकालयों द्वारा उपयोग किए जाने वाले व्यक्तिगत समर्थन और मार्गदर्शन पर संभावित रूप से असर पड़ सकता है। एआई का उपयोग गलत सूचना उत्पन्न करने और झूठ फैलाने के लिए भी होने की संभावना है, जिससे सूचना के एक विश्वसनीय स्त्रोत के रूप में पुस्तकालय की भूमिका को चुनौती मिल सकती है। विश्व में मोबाइल और कंप्यूटर क्रांति मनुष्य के विकास के लिए हुई, लेकिन इस तकनीक के नुकसान भी देखने मिल रहे है। आज साइबर क्राइम, सोशल मीडिया एडिक्शन, ऑनलाइन फेक पहचान, पैसे लगाकर खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम्स, असहज करने वाले भड़काऊ विज्ञापन, ई-अपशिस्ट, रेडिएशन इससे हर साल अरबों डॉलर का नुकसान होता है, साथ ही बड़ी मात्रा में जानमाल, अमूल्य स्वास्थ्य व पर्यावरण की हानि होती है। इसी तरह कृत्रिम बुद्धिमत्ता से भविष्य में होनेवाले दुरूपयोग या संकटों को भी नकारा नहीं जा सकता। एआई इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी में से ही सूचनाओं को आवश्यकतानुसार छानकर प्रस्तुत करता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

# क्या तीनों देश एक पाले में आ सकते हैं?

अमरीका के रूस-विरोधी रवैये के मद्देनजर शीत युद्ध के आसार बन गए हैं। रूस और अमरीका के बीच 8 दिसंबर, 1987 को एक संधि हुई थी कि दोनों देश 500 किमी. से 5000 किमी. तक प्रहार करने वाली मिसाइलों को नष्ट करेंगे। रूस ने 38 साल पुरानी वह संधि रद्द कर दी है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत पर जो 50 प्रतिशत टैरिफ थोपा है, उसका बुनियादी कारण रूस ही बताया है। अमरीकी राष्ट्रपति को रूस के साथ तेल और हथियारों के, भारत के कारोबार पर, घोर आपत्ति है। रूस ने न केवल टैरिफ बढ़ाने की निंदा की है, बल्कि अमरीका के साथ 38 साल पुरानी संधि भी तोड़ दी है। नतीजतन परमाणु युद्ध के खतरे की आशंकाएं बढ़ गई हैं। वैसे भी रूस के रडार पर सभी नाटो देश हैं। रूस उन पर कभी भी हमला कर सकता है। रूस के पास 16,000 किमी. तक हमला करने वाली बैलेस्टिक मिसाइलें भी हैं। अमरीका उनके प्रहार की परिधि में है। राष्ट्रपति को ट्रम्प पूर्व राष्ट्रपति रीगन के बयान पर चिंतन करना चाहिए। उन्होंने कहा था कि व्यापार और टैरिफ बदला लेने को नहीं होते। दूसरे देश भी पलटवार में ऊंचे टैरिफ लगा सकते हैं। अन्य देशों में नौकरियां जा सकती हैं और अमरीका में भी महंगाई के कारण अराजकता फैल सकती है। दरअसल राष्ट्रपति ट्रम्प जिस सोच के तहत देशों के आयात पर टैरिफ थोप रहे हैं, उससे रातोंरात अमरीका एक बार फिर महान नहीं बन सकता। फैक्टरियां और कारखाने नहीं खुल सकते। अमरीका देखते ही देखते मैन्युफैक्चरिंग का गढ़ नहीं बन सकता। एक उदाहरण केले का ही लें। अमरीका ने 2024 में 28,000 करोड़ रुपए का केला आयात किया। उसमें भारत से सबसे अधिक आयात किया गया। अमरीका फल-सब्जियों, ऑटो पाट्र्स, दवाओं, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर चिप्स, स्मार्ट फोन आदि के लिए भारत समेत अन्य देशों पर आश्रित है। किस-किस देश पर टैरिफ थोपेंगे? चीन को 90 दिनों की छूट क्यों दी गई है, जबकि अमरीका उसे सबसे बड़ा दुश्मन देश मानता है? अमरीका में 10 प्रतिशत लोग ही कृषि में नौकरी या काम करते हैं। कुल 2.21 करोड़ अमरीकी कृषि से जुड़े बताए जाते हैं। अमरीकी प्रशासन को 2025 में ही 3.65 लाख करोड़ रुपए की सबसिडी किसानों को देनी पड़ी है। अमरीका इस घाटे को पाटना चाहता है, लिहाजा भारत को लगातार बाध्य कर रहा है कि वह कृषि और डेयरी उद्योग के क्षेत्र अमरीका के लिए खोल दे। भारत अनुमति नहीं देने पर अडिग है। भारत-अमरीका के बीच टैरिफ और व्यापार समझौते का मुख्य विवाद यही है। अब तो राष्ट्रपति ट्रम्प ने बयान दे दिया है कि जब तक टैरिफ का विवाद नहीं सुलझता, तब तक व्यापार समझौते पर वार्ता भी नहीं होगी। क्या व्यापार समझौता भी खटाई में पड़ गया है? बहरहाल रूस ने नाटो देशों के खिलाफ अपना बैलेस्टिक मिसाइलें तैनात कर दी हैं और अमरीका ने भी परमाणु पनडुब्बियां सागर में उतार दी हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**राकेश दुबे**

# भारत के महान वैज्ञानिक विक्रम साराभाई अंतरराष्ट्रीय को नमन

(जन्मदिन 12 अगस्त पर विशेष)

भारत माता के महान सपूत जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया में देश का नाम ऊंचा किया ऐसे विक्रम अंबालाल साराभाई जैन का 12 अगस्त 1912 को जन्म हुआ था। जन्म दिवस के अवसर पर हम उन्हें स्मरण कर रहे हैं। डॉ विक्रम साराभाई के नाम को अंतरिक्ष कार्यक्रम से अलग नहीं किया जा सकता यह बात दुनिया को पता है की वह विक्रम साराभाई ही थे, जिन्होंने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाया।आपका जन्म अहमदाबाद में श्री अंबालाल साराभाई के प्रतिष्ठित जैन परिवार में हुआ था। आपकी माता जी श्रीमती सरला साराभाई थी। आपकी माता सरला साराभाई ने प्रारंभिक शिक्षा मैडम मारिया मांटेसरी की तरह शुरू हुए पारिवारिक स्कूल में दिलाई। गुजरात कॉलेज में इंटरमीडिएट तक विज्ञान की शिक्षा पूरी करने के बाद वे सन 1937 में कैंब्रिज इंग्लैंड चले गए, जहां 1940 में प्रणमाकृतिक विज्ञान में ट्रायपोज डिग्री प्राप्त की। द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने पर वे भारत लौट आए और बेंगलूरू स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान में नौकरी करने लगे।जहां पर वह सी. वी. रमन के निरीक्षण में कॉस्मिक रेंज पर अनुसंधान करने लगे। द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति पर वे कॉस्मिक रेज भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में अपनी डॉक्ट्रेट पूरी करने के लिए कैंब्रिज लौट गए। सन 1947 में उष्णकटिबंधीय अक्षांश ट्रॉपीकल लैटीट्यूड्स मैं कैंब्रिज विश्वविद्यालय ने उन्हें डॉक्ट्रेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। डॉ विक्रम साराभाई को भारत के महान संस्थान निर्माता माना जाता है। उनके द्वारा स्थापित लोकप्रिय संस्थानों में प्रमुख हैं भौतिकी अनुसंधान प्रयोगशाला पीआरएल अहमदाबाद, भारतीय प्रबंध संस्थान आई आई एम अहमदाबाद, सामुदायिक विज्ञान केंद्र अहमदाबाद,दर्पण अकादमी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स अहमदाबाद, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र तिरुअनंतपुरम्, डॉ विक्रम साराभाई सांस्कृतिक गतिविधियों में भी गहरी रूचि रखते थे। वे संगीत, फोटोग्राफी, पुरातत्व, ललित कलाओं और अन्य अनेक क्षेत्रों से जुड़े रहे। डॉक्टर विक्रम साराभाई के व्यक्तित्व का सर्वाधिक उल्लेखनीय पहलू उनकी रुचि की सीमा और विस्तार तथा ऐसे तरीके थे, जिन्होंने अपने विचारों को संस्था में परिवर्तित किया। सृजनशील वैज्ञानिक, सफल और दूरदर्शी उद्योगपति, उच्च कोटि के प्रवर्तक, महान संस्थाओं के निर्माता, अलग किस्म के शिक्षाविद, कला पारखी, सामाजिक परिवर्तन के ठेकेदार, अग्रणी प्रबंध प्रशिक्षक आदि ऐसी अनेक विशेषताएं उनके व्यक्तित्व में समाहित थी। उनकी सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह थी कि वे एक ऐसे उच्च कोटि के इंसान थे जिसके मन में दूसरों के प्रति असाधारण सहानुभूति थी, जो भी उनके संपर्क में आता उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रहता था। धर्मपत्नी श्रीमती मृणालिनी साराभाई के साथ मिलकर उन्होंने मंच कलाओं की सांस्कृतिक संस्था दर्पण का गठन किया। उनकी बेटी मल्लिका साराभाई बड़ी होकर भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी की प्रसिद्ध नृत्यांगना बनी। डॉक्टर होमी जे भाभा की जनवरी 1966 में मृत्यु के बाद डॉक्टर साराभाई को परमाणु ऊर्जा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया। साराभाई ने सामाजिक और आर्थिक विकास की विभिन्न गतिविधियों के लिए अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में छुपी हुई व्यापक क्षमताओं को पहचान लिया था। इन गतिविधियों में संचार, मौसम विज्ञान संबंधी भविष्यवाणी और प्राकृतिक संसाधनों के लिए अन्वेषण आदि सम्मिलित हैं। भारत के महान वैज्ञानिक बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉक्टर विक्रम साराभाई का 30 दिसंबर 1971 को कोवलम, तिरुअनंतपुरम् केरल में आसामयिक स्वर्गवास हो गया।इस महान वैज्ञानिक के सम्मान में तिरुअनंतपुर में स्थापित थुंबा एक्वेटोरियल रॉकेट लॉन्चिंग स्टेशन टी आर एल एस और संबंधी अंतरिक्ष संस्थाओं का नाम बदलकर विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र कर दिया गया। यह केंद्र एक प्रमुख भारतीय अंतरिक्ष केंद्र के रूप में उभरा है। सन 1974 में सिडनी स्थित अंतर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान संघ ने निर्णय लिया कि सीआफ सेरेनिटी पर स्थित बेसल नामक मून क्रेटर अब साराभाई क्रेटर के नाम से जाना जाएगा। डॉ विक्रम साराभाई को भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का जनक माना जाता है। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को भारतवासी हमेशा याद रखेंगे। उनका जीवन एवं अनुसंधान कार्य आज की युवा पीढ़ी के लिए निश्चित ही प्रेरणादायक है जन्मदिन पर हम डॉक्टर विक्रम साराभाई को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**विजय कुमार जैन**



## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

केरि, बेरि सब संग बढ़े, रक्खा उनको सींच।
टकराहट बढ़ने लगी, दिल, दिमाग के बीच।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# जलके समीप वृक्षारोपण : पद्मपुराण की अमर सीख

पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के परमाणु बम को लेकर दी गई धमकी पर भारत की तीखी प्रतिक्रिया आई है। भारत ने आसिम मुनीर के परमाणु धमकी वाले बयान की निंदा करते हुए गैर-जिम्मेदाराना बताया। उन्होंने कहा कि परमाणु हथियारों की धमकी देना पाकिस्तान की पुरानी चाल है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर आसिम मुनीर की निंदा की। प्रवक्ता ने बयान में कहा, "हमारा ध्यान पाकिस्तान के सेना प्रमुख द्वारा अमेरिका यात्रा के दौरान दिए गए एक बयान की ओर गया है। परमाणु हथियारों की धमकी देना पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है। उन्होंने कहा, "इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना बयान अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान के परमाणु कमांड और नियंत्रण की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने के लिए मजबूर करते हैं, खासकर जब वहां की सेना आतंकवादी समूहों के साथ मिलकर काम करती है। विदेश मंत्रालय ने कहा, "यह खेदजनक है कि ये टिप्पणियां एक मित्र देश (अमेरिका) की धरती से की गईं। भारत पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाता रहेगा। आसिम मुनीर का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण रिश्तों को लेकर वैश्विक स्तर पर चर्चा हो रही है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने परमाणु बम को लेकर भारत को धमकी दी थी। उन्होंने अपने बयान में कहा था, "इस्लामाबाद को भारत से अस्तित्व का खतरा महसूस हुआ, तो वह आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेगा।

## पावर बैंक में आग लगने के बाद विमान का केबिन हुआ धुआं-धुआं

**नई दिल्ली ।** एम्स्टर्डम जा रहे केएलएम बोइंग 777 विमान में उस वक्त हड़कंप मच गया जब ऊपर लगे लॉकर में अचानक आग लगने से धुआं भर गया। इस घटना के बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया और धुएं से बचने के लिए अपने चेहरे ढक लिए। यह घटना लैंडिंग से लगभग चार घंटे पहले तब हुई जब अधिकतर यात्री सो रहे थे। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है जिसमें यात्री खासे परेशान नजर आ रहे हैं। घटना को लेकर प्लेन में सवार एक यात्री ने इसे अपने जीवन की सबसे तनावपूर्ण यात्राओं में से एक बताया। उन्होंने कहा कि धुआं इतना ज्यादा था कि तकिए से उन्हें अपनी नाक को ढकना पड़ा।

## इंडोनेशिया में शरिया अदालत ने यौन हरकत करने पर 2 पुरुषों को सुनाई अजीब सजा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इंडोनेशिया के रूढ़िवादी आसेह प्रांत में एक इस्लामी शरिया अदालत ने सोमवार को दो पुरुषों को यौन कृत्य में लिप्त रहने के जुर्म में सार्वजनिक रूप से 80-80 बेंत मारने की सजा सुनाई। प्रांतीय राजधानी बैंडा आसेह की इस्लामी शरिया जिला न्यायालय में यह मुकदमा बंद कमरे में चला। न्यायाधीशों को यह अधिकार है कि यदि मामला व्यभिचार से संबंधित है तो वो जनसाधारण की अदालती कार्यवाही में पहुंच को सीमित कर सकते हैं और केवल निर्णय सुनाए जाने के समय उसे सार्वजनिक कर सकते हैं। दोनों पुरुषों (उम्र 20-21 साल) को अप्रैल में तब गिरफ्तार किया गया था जब बैंडा आसेह के तमन सारी सिटी पार्क में लोगों ने उन्हें एक ही शौचालय में घुसते देखा तथा इलाके में गश्त कर रही शरिया पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने शौचालय में घुसकर दोनों पुरुषों को एक-दूसरे को चूमते और गले लगाते हुए पकड़ा, जिसे अदालत ने यौन कृत्य माना।

### सरकार के पास नहीं है इस बात का अधिकार



आसेह को मुस्लिम बहुल इंडोनेशिया के अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक धार्मिक माना जाता है। यह एकमात्र ऐसा प्रांत है, जहां इस्लामी शरिया कानून के एक संस्करण को लागू करने की अनुमति है। सोमवार का यह फैसला आसेह में साल 2015 में इस्लामी कानून लागू होने के बाद से समलैंगिकता के लिए सार्वजनिक रूप से बेंत से पीटने की 5वीं सजा है। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपराधिक संहिता समलैंगिकता को नियंत्रित नहीं करती है। लेकिन, केंद्र सरकार के पास आसेह में शरिया कानून को रद्द करने का अधिकार नहीं है।

### चीन : चोंगकिंग में भारी बारिश का कहर

## सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए गए 15 हजार से अधिक लोग

**चोंगकिंग (आईएएनएस)**

दक्षिण-पश्चिम चीन के चोंगकिंग नगर पालिका में भारी बारिश के कारण 15,000 से अधिक निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। नगर निगम के मौसम विभाग के अनुसार, रविवार सुबह 7 बजे से सोमवार सुबह 7 बजे तक 16 जिलों और काउंटियों में मूसलाधार बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश हेचुआन जिले में दर्ज की गई, जहां 167 मिमी बारिश हुई। नगर निगम के आपातकालीन प्रबंधन विभाग ने बताया कि सोमवार सुबह 6 बजे तक चोंगकिंग में 15,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मौसम विज्ञान वेधशाला और जल विज्ञान निगरानी स्टेशन ने सोमवार दिन से रात तक चोंगकिंग के कई क्षेत्रों (जिसमें केंद्रीय शहरी क्षेत्र, मध्य और दक्षिण-पूर्वी हिस्से और उत्तर-पूर्वी हिस्से के दक्षिणी क्षेत्र शामिल हैं) में भारी से मूसलाधार बारिश का अनुमान लगाया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, सोमवार सुबह 8 बजे से बुधवार सुबह 8 बजे तक चोंगकिंग के अधिकांश छोटे और मध्यम आकार की नदियों में जल स्तर में विभिन्न स्तरों तक वृद्धि होने की संभावना है। इससे पहले, 10 अगस्त को चीन के राष्ट्रीय बाढ़ नियंत्रण और सूखा राहत मुख्यालय ने सिचुआन प्रांत के लिए स्तर-4 बाढ़ नियंत्रण आपातकालीन प्रतिक्रिया शुरू की थी। यह कदम मौसम अधिकारियों की उस भविष्यवाणी के बाद उठाया गया, जिसमें रविवार से मंगलवार तक सिचुआन बेसिन में मध्यम से भारी बारिश और कुछ क्षेत्रों में भारी से मूसलाधार बारिश की चेतावनी दी गई थी। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने रविवार को बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया था, जिसमें कहा गया कि रविवार सुबह 8 बजे से सोमवार सुबह 8 बजे तक जियांगसू, शंघाई, अनहुई, हेनान, हुबेई, हुनान, गुइझोउ, युन्नान, सिचुआन, चोंगकिंग, शानक्सी, इनर मंगोलिया और हेइलोंगजियांग के कुछ हिस्सों में भारी बारिश और मूसलाधार बारिश की उम्मीद है। इनमें से कुछ क्षेत्रों में तेज, लेकिन भारी बारिश की संभावना है।






## भारत को छोड़कर दुनियाभर में रिलीज होगी वाणी कपूर और फवाद खान की अबीर गुलाल

कहानी फिल्म जगत की

लंबे विवादों के बाद, बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर और पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अबीर गुलाल' आखिरकार 29 अगस्त को दुनिया भर में रिलीज होने जा रही है। हालांकि, फिल्म के निर्माताओं ने भारत में इसे सिनेमाघरों में रिलीज नहीं करने का फैसला किया है।



### क्या है विवाद का कारण?

इस फिल्म की रिलीज पहले मई में होने वाली थी, लेकिन पहलगाम आतंकवादी हमले और भारत द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच राजनयिक तनाव काफी बढ गया था। इस तनाव के कारण भारत में पाकिस्तानी कलाकारों पर प्रतिबंध लगा दिया गया, जिसकी वजह से 'अबीर गुलाल' को अपनी तय तारीख पर रिलीज नहीं किया जा सका। बिज़एशिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में फवाद खान की मौजूदगी के कारण फिल्म को विरोध का सामना करना पडा। फिल्म के टीजर और गानों को भारतीय दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी और फवाद के प्रशंसक भी नौ साल बाद भारतीय सिनेमा में उनकी वापसी को लेकर उत्साहित थे, लेकिन हमले के बाद माहौल बदल गया। समाज के विभिन्न वर्गों से फिल्म के बहिष्कार की मांग उठने लगी, जिसके बाद निर्माताओं को यह फैसला लेना पडा। इस फिल्म से जुडने के कारण अभिनेत्री वाणी कपूर को कड़ी आलोचना झेलनी पड़ी।

## सदर अस्पताल में मरीज को पैदल ले जाने पर जवाब तलब

**रांची।** सदर अस्पताल में एंबुलेंस से मरीज को उतारकर पैदल ले जाने के मामले में हाईकोर्ट ने सरकार को तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। जीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने भविष्य में इस तरह की घटना न हो, इसके लिए उठाए गए कदम की जानकारी सरकार को देने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर को होगी। सोमवार को सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन कोर्ट में उपस्थित हुए। महाधिवक्ता ने अदालत को बताया की मीडिया रिपोर्ट पूरी तरह सही नहीं है। अस्पताल परिसर में गाड़ी लगी हुई थी, जिस कारण गेट जाम था। जाम के कारण एंबुलेंस अंदर नहीं जा सकी थी, इस कारण मरीज को उतारकर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में पार्किंग निजी कंपनी के पास है। कंपनी से भविष्य में गेट जाम न हो, इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के प्रति युवाओं को प्रेरित करें : सेठ



● रक्षा राज्य मंत्री ने दिल्ली में एनसीसी कैडेट और एनएसएस स्वयंसेवकों से किया संवाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** देशभर से 2000 की संख्या में एनसीसी के कैडेट्स और एनएसएस के स्वयंसेवक स्वतंत्रता दिवस (आईडीसी-25) में भाग लेने नई दिल्ली पहुंचे हैं। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को लाल किला पहुंचकर इनसे संवाद किया। इस दौरान भारत माता की जय और जय हिंद से लाल किला परिसर गुंजायमान रहा।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एनसीसी के कैडेट्स और एनएसएस के स्वयंसेवकों के साथ संवाद किया एवं राष्ट्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस के स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के प्रति देश के युवाओं के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करें। हर युवा को इस लक्ष्य के लिए कार्य करने को प्रेरित करें।

इस अवसर पर एनसीसी के महानिदेशक, लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह, रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव अमिताभ प्रसाद और माई भारत की निदेशक वंदिता पांडे भी मौजूद थीं।

## रक्षा मंत्री ने दिल्ली में किया 'फैमिली प्रोटेक्शन लॉगबुक' का अनावरण



**रांची।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में 'फैमिली प्रोटेक्शन लॉगबुक' का अनावरण किया। उन्होंने इसका अवलोकन भी किया और इस कार्य के लिए खूब सराहना की। इस पुस्तक की अवधारणा रांची के सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की है। मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, यह एक बहुत अच्छी पहल है। आज के आधुनिक युग में लोग अपने-अपने कामों में व्यस्त रहते हैं और इस तरह की पुस्तिका, जिसमें आपकी जीवन का सारा संग्रह एक जगह समाहित है, की सोच के लिए आपको बहुत धन्यवाद। एक राजनेता को राजनीति के साथ सामाजिक कार्य भी करने चाहिए। जो आप निरंतर करते आ रहे हैं। इस कार्य के लिए आपको ढेर सारी शुभकामनाएं। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा, मेरी सोच थी कि परिवार की पूरी जानकारी का दस्तावेजीकरण एक साथ हो और यह अब मूर्तरूप धारण कर चुकी है। बहुत जल्द ही इसका वितरण शुरू होगा। ज्ञात हो कि इस लॉगबुक का वितरण रांची लोकसभा क्षेत्र में किया जाएगा। यह ऐसी पुस्तिका है, जिसमें परिवार के हर सदस्य का ब्यौरा एक साथ रखा जा सकेगा।

### दिशोम गुरु को श्रद्धांजिल अर्पित करने वालों का लगा तांता

# लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर गहरी संवेदनाएं व्यक्त की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्मृति-शेष पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग आज नेमरा गांव पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेमरा स्थित पैतृक आवास पर लोगों ने स्मृति-शेष "गुरुजी" की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। "गुरुजी" को श्रद्धांजलि देने वालों में आम और खास सभी लोग शामिल थे। मौके पर लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की। मालूम हो कि स्मृति-शेष पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के "श्राद्ध कर्म" के सातवें दिन सुबह से ही उनके नेमरा स्थित पैतृक आवास में उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा।

स्मृति-शेष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए लोगों ने कहा कि अलग झारखंड राज्य के निर्माण में "गुरुजी" का अतुलनीय योगदान रहा। झारखंडवासी सदैव उनका ऋणी रहेंगे। "गुरुजी" ने अपना जीवन आदिवासी, गरीब, दलित, शोषित ,वंचित एवं उपेक्षित समुदाय के उत्थान के लिए समर्पित किया। स्मृति-शेष दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी का संघर्ष, आदर्श एवं उनके द्वारा दिखाए रास्ते राज्यवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा, सिर्फ झारखंड ही नहीं बल्कि पूरा देश "गुरुजी" को हमेशा जननायक के रूप में याद रखेगा। स्मृति-शेष दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में राज्य के मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, पूर्व मंत्री, सांसद एवं विधायकसहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।





## सीएम हेमंत सोरेन ने पिता शिबू सोरेन के सातवें दिन की श्राद्ध क्रिया पूरी की



**रांची/रामगढ़।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्धकर्म का सोमवार को सातवां दिन था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने परिजनों संग दिवंगत आत्मा की शांति के लिए आज 'सात कर्म' का पारंपरिक विधान पूरा किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मर्माहत हृदय से न सिर्फ एक बेटे का कर्तव्य निभा रहे हैं, बल्कि दिवंगत 'गुरुजी' के यादों को समेटे हुए अपने पैतृक गांव नेमरा से ही राजकाज की जिम्मेदारी का भी निर्वहन भी पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ कर रहे हैं।

## नेमरा पहुंचे जदयू के नेता, सीएम सोरेन से मिलकर उन्हें दी सांत्वना



**रांची/रामगढ़।** जनता दल यूनाइटेड के लोग सोमवार को पूर्व सीएम दिवंगत शिबू सोरेन के गांव नेमरा पहुंचे। इसमें जदयू के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी, प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता सौमेन दत्ता, प्रदेश महासचिव आशीष शीतल मुंडा, प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के मोहम्मद हुसैन, मीर असरार, इम्तियाज अहमद खान, रिंकू, मोहम्मद साजिद खान, नदीम खान, अशरफ समीर, सद्दाम हुसैन शामिल थे। जदयू के नेताओं ने दिवंगत शिबू सोरेन के पुत्र सीएम हेमंत से मुलाकात कर उन्हें भागवत गीता भेंट की और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि इस विषम परिस्थिति में जदयू आपके साथ है।

## नगीना सांसद पहुंचे नेमरा गुरुजी को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** यूपी के नगीना लोस सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सीएम हेमंत से मिलने नेमरा स्थित पैतृक आवास पहुंचे। वहां स्मृति-शेष पूर्व सीएम दिशोम गुरु की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस विकट दु:ख को सहन करने शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## विस्थापितों को मुआवजा के साथ पुनर्वास सुनिश्चित हो : अंबा प्रसाद



**रांची।** कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद ने कहा कि हमारी ही जमीन से हमें जबरन भगाया जा रहा है। अवैध माइनिंग कर कोयला निकाला जा रहा है, जो कॉरपोरेट माफिया और भ्रष्ट अधिकारी अवैध माइनिंग के इस खेल में शामिल हैं, वो लाल हो रहे हैं। उनके बाल बच्चे विदेशों में पढ़ाई कर रहे हैं और हम दर-दर भटकने को मजबूर हैं। विस्थापन की कीमत चूका रहे परिवारों को देखने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि कि कोयला खनन क्षेत्र के विस्थापितों को न्यायपूर्ण मुआवजा और सम्मानजनक पुनर्वास दिया जाना अत्यंत आवश्यक है। यहां के आदिवासी और स्थानीय लोगों के अधिकारों की रक्षा नियमों के तहत पूरी सख्ती से होनी चाहिए, ताकि उनकी आजीविका, संस्कृति और जमीन सुरक्षित रह सके। जल, जंगल और जमीन की अंधाधुंध लूट को रोकना होगा। उन्होंने कहा कि विस्थापित लोग जो हमारे ही परिवार का हिस्सा हैं, हम अपने लोगों के लिए हर चुनौती का सामना करने को तैयार हैं। उन्हें और उनके परिवार को वर्षों से प्रताड़ित किया जा रहा है, लेकिन वह यह लड़ाई जारी रखेंगी। कोयलांचल में मची लूट को बंद करने के लिए हर कीमत भुगतने को तैयार हैं। जबरन लोगों को घरों से बेदखल किया जा रहा है, ताकि यहां के संसाधनों को लूटा जा सके। कोयलांचल के जल-जंगल-जमीर की लड़ाई में वह और उनका परिवार झुकने वाला नहीं है।

## व्हाट्सएप कॉल पर रिम्स निदेशक को मिली धमकी

**रांची।** राजधानी रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के निदेशक डॉ राजकुमार को सोमवार की सुबह व्हाट्सएप कॉल पर धमकी मिली है। जानकारी के अनुसार, रिम्स निदेशक ने इस संबंध में बरियातू थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई है। रिम्स निदेशक के अनुसार, सोमवार की सुबह व्हाट्सएप कॉल पर उन्हें धमकी देने वाले शख्स ने कहा- 15 दिन के अंदर तुम्हें जूते से मार मारकर रांची से बाहर करूंगा।

## पृष्ठ एक के शेष

**हजारीबाग में धंसा बभनबे...**

पहाड़ों की तलहटी में बसे घरों और जर्जर मकानों में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने का निर्देश दिया गया है। वहीं, मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। भारी बारिश से भूस्खलन का खतरा और बढ़ सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, पत्थरों के खनन और लगातार बारिश ने पहाड़ की मिट्टी को ढीला कर दिया है, जिसकी वजह से इस तरह का हादसा सामने आया है। उनका कहना है कि यह घटना एक चेतावनी है, सिर्फ मौसम के लिए नहीं, बल्कि पहाड़ की देखभाल के लिए भी। इधर, ग्रामीण प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में इस तरह के खतरे को टाला जा सके।

**कई कारणों से होता...**

गतिविधियों से होने वाली गड़बड़ी, या इनमें से किसी भी संयोजन के कारण ढलानों में भूस्खलन शुरू हो सकता है।स्खलन के कई रूप होते हैं। इन्हें मुख्य रूप से गति और सामग्री के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है।

**सुप्रीम कोर्ट ने तलाक ए हसन पर...**

बोर्ड का तर्क है कि ये मुद्दे निजी कानून के दायरे में आते हैं। वहीं, अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने कोर्ट में दलील दी कि तीन तलाक मामले में कोर्ट ने तलाक-ए-हसन जैसे अन्य तरीकों पर फैसला नहीं दिया था। लेकिन, अब इसकी जरूरत है। उन्होंने समाचार एजेंसी से बातचीत में कहा कि एकतरफा तलाक, चाहे वह चिट्ठी, ईमेल, व्हाट्सएप या एसएमएस से हो, बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने केंद्र सरकार को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। उपाध्याय ने कहा, इस फैसले से देश की महिलाओं को न्याय मिलेगा और तलाक की प्रक्रिया हर किसी के लिए समान होगी। गुजारा भत्ता भी सभी को समान रूप से मिलना चाहिए और एक समान कानून लागू होना चाहिए, जो एकतरफा तलाक पर रोक लगाए।

**लोकसभा में नया आयकर...**

योजना (एनपीएस) के लाभों के साथ संरेखित करता है। यह भारत में निवेश करने वाले सऊदी अरब के पब्लिक इनवेस्टमेंट फंड और इसकी सहायक कंपनियों को आयकर अधिनियम की धारा 10 (23एफई) के तहत प्रत्यक्ष कर राहत भी प्रदान करता है। इसके अलावा, विधेयक में आयकर खोज मामलों में ब्लॉक असेसमेंट से जुड़ी प्रक्रियाओं को और स्पष्ट किया गया है। इसका मकसद यह है कि जब तलाशी अभियान चल रहा हो, उस समय चल रहे असेसमेंट और री-असेसमेंट (पुनर्मूल्यांकन) के मामलों को ठीक तरीके से और आसान तरीके से निपटाया जा सके। इन विधायी महत्व के बावजूद सत्र विपक्ष के उन विरोध प्रदर्शनों से प्रभावित रहा, जो एसआईआर प्रक्रिया को वापस लेने की मांग कर रहे थे। उनका दावा है कि यह मतदाता अखंडता से समझौता करता है। अध्यक्ष ने सदन को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया। इन विधेयकों का पारित होना सरकार की भारत के कर ढांचे को आधुनिक बनाने की मंशा को दर्शाता है, जो एक राजनीतिक रूप से तनावपूर्ण मॉनसून सत्र के बीच हो रहा है।

## स्वतंत्रता दिवस पर मोरहाबादी में राज्यपाल करेंगे ध्वजारोहण

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार इस वर्ष राजधानी रांची के मोरहाबादी में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के राजकीय समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। राज्यपाल गंगवार को राज्य सरकार ने स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर मोरहाबादी में ध्वजारोहण करने के लिए प्रस्ताव दिया था। इस प्रस्ताव पर उन्होंने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

ज्ञात हो कि परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर राज्यपाल उप राजधानी दुमका में तथा मुख्यमंत्री रांची के मोरहाबादी में ध्वजारोहण करते हैं। लेकिन, दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के कारण इस वर्ष मुख्यमंत्री स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में भाग नहीं ले रहे हैं।

### अगस्त क्रांति पर स्वदेशी वस्तुओं के लिए शंखनाद, बोले महेश पोद्दार

# स्वदेशी का संकल्प घर-घर तक पहुंचाएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अगस्त क्रांति के अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में सोमवार को सरला बिरला विवि के सभागार में 'स्वदेशी शंखनाद' का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर वर्तमान परिवेश में स्वदेशी घर-घर तक पहुंचे, इसके लिए स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के पत्रिका का लोकार्पण भी हुआ। इसका उद्देश्य स्वदेशी संकल्प को घर-घर तक पहुंचना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सदस्य महेश पोद्दार ने विवि के छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ को इस पीढ़ी देखना है एवं इस देश को स्वावलंबी बनाना है। इसी की शिक्षा देश के प्रधानमंत्री ने हम सभी को दी है। उन्होंने स्वदेशी के लिए संकल्प करने का घर-घर जाकर सूची बनाने का आग्रह किया है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि भाजपा झारखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि हमें अपने उपयोग में आने वाली सभी वस्तुओं की सूची बनाकर स्वदेशी सामग्री की खरीद करनी होगी। स्वदेशी सामग्रियों का इस्तेमाल करेंगे, तो इसका फायदा देश को ही होगा। इस कार्यक्रम की भूमिका और प्रस्तावना रखते हुए स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय कुमार ने कहा कि हमें छोटा सा ध्यान करना है कि जब भी हम दुकान पर जाएं, दुकानदार भैया से पूछें कि जो सामान दे रहे हैं, यह विदेशी सामग्री तो नहीं है। उसके बाद ही सामग्री की खरीदारी करें। सरला बिरला विवि के महानिदेशक गोपाल पाठक ने कहा कि हमें ब्रांडेड सामान खरीदने की स्वतंत्रता तो है, पर हमें अपने आचरण को भी ब्रांडेड बनाने की आवश्यकता है। मौके पर विवि के सभी छात्र-छात्राओं को प्रभु श्रीराम और हस्तकला से बना हुई मंदिर प्रदान किया गया। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के विजय छापरिया, प्रकाश हेतमसरिया, सत्य प्रकाश पांडे, सरला बिरला विवि के पूर्व सचिव सह डीन विजय कुमार सिंह, कुल सचिव श्रीधर, अंचल तिवारी, आलोक प्रमार, राधिका सिंह, देवंती कुमारी, ब्रजेश कुमार, हिमांशु, आशुतोष द्विवेदी, प्रशांत कुमार, प्रवीण कुमार, रवींद्र तिवारी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

**स्मृति शेष** — पूर्व विधायक ने बताई दिवंगत शिबू सोरेन के प्रजेंस ऑफ माइंड की कहानी

# ...जब गुरुजी ने मेरी पोस्टिंग गोला में कराई : लंबोदर महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन जब मुख्यमंत्री थे, तब राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रहे पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो उनके गृह प्रखंड रामगढ़ जिला के गोला में बीडीओ थे। दिशोम गुरु ने ही उनका पदस्थापन वहां कराया था। डॉ लंबोदर महतो बताते हैं कि कैसे उनके स्थानांतरण को लेकर दो विधायकों के बीच की लड़ाई को उन्होंने अपने प्रजेंस ऑफ माइंड से सुलझाया था। डॉ लंबोदर महतो ने इसकी जानकारी एक प्रेस वक्तव्य जारी कर दी है।बकौल पूर्व विधायक, मैं वर्ष 2006- 07 में पाकुड़ जिले के महेशपुर प्रखंड में बीडीओ के रूप में पदस्थापित था। गुरुजी मुख्यमंत्री थे। सुफल मरांडी महेशपुर के झामुमो विधायक थे और चंद्र प्रकाश चौधरी रामगढ़ के विधायक और गठबंधन सरकार में मंत्री। चंद्र प्रकाश चौधरी ने मेरा एक साल के अंदर ही महेशपुर से बीडीओ के रूप में गोला ट्रांसफर करवा दिया। इस मामले को लेकर विधायक सुफल मरांडी गुरुजी के पास पहुंच गए। उन्होंने गुरुजी से कहा कि या तो लंबोदर महतो का ट्रांसफर रोकिए, या मेरा इस्तीफा ले लीजिए। डॉ लंबोदर महतो के अनुसार, जब यह बात मंत्री चंद्र प्रकाश चौधरी के पास पहुंची, तो वे भी गुरुजी पास चले गए और उनसे कहा कि अगर लंबोदर महतो का ट्रांसफर रद्द हुआ, तो सुफल जी विधायक होकर इस्तीफा दे सकते हैं तो मैं भी मंत्री और विधायकी से इस्तीफा दे दूंगा। इस पर गुरुजी किंकर्तव्यविमूढ़ हो गए कि क्या करें, क्या नहीं करें। तब गुरुजी ने अपने प्रजेंस ऑफ माइंड का प्रयोग करते हुए सुफल जी को बुलाकर उन्हें समझाया कि लंबोदर महतो चूंकि एक अच्छे पदाधिकारी हैं, इसलिए मैंने ही कहा था कि इनकी पोस्टिंग मेरे गृह प्रखंड गोला में करो। मेरे कहने पर ही इनकी पोस्टिंग गोला हुई है। महेशपुर में जिस अधिकारी का कहो, पोस्टिंग करवा देंगे। इस पर सुफल जी मान गए और मामला शांत हो गया। दरअसल, सुफल मरांडी उनका तबादला इसलिए रोकवाना चाहते थे, क्योंकि डॉ लंबोदर अपने प्रशासनिक कार्यों व जन साधारण के साथ जुडाव की वजह से महेशपुर में लोकप्रिय हो गए थे। इधर, गोला स्थानांतरण के बाद गुरुजी के निर्देश पर एसजीआरआई से उनके घर के सामने और पीछे का तालाब और सामने रोड का निर्माण उन्होंने ही कराया था। डॉ लंबोदर महतो बताते हैं, वर्ष 1980 की बात है। कसमार प्रखंड के हिसीम गांव में गुरुजी की जनसभा थी। इस जनसभा में मैं भी मंच पर गुरुजी के साथ उपस्थित हुआ था। यह मेरे छात्र जीवन एवं राजनीतिक जीवन का पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था, जिसमें मेरा पहला भाषण हुआ था। मेरे भाषण से गुरुजी काफी प्रभावित होकर मुझे झारखंड आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने और राजनीति में आने के लिए प्रोत्साहित किए थे।


**कार्यालय:उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर (जिला नजारत शाखा)**

**शुद्धि पत्र 359137**

जिला नजारत शाखा, पलामू द्वारा पलामू समाहरणालय अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों एवं शाखाओं द्वारा प्राप्त अधियाचना के आलोक में अधियाचित स्टेशनरी एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति करने के निमित निविदा खोलने की तिथि 25.08.2025 को निर्धारित है के शर्त संख्या– 09 में "**न्यूनतम निर्वाचन दर**" अंकित हो गया है जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए इसके जगह पर उपरोक्त सामग्री के क्रस हेतु "**अधिकतम विधान सभा आम चुनाव 2024 में निर्धारित दर**" मान्य होगा।

शेष सभी नियम एवं शर्त यथावत रहेगा।

नजारत उप समाहर्त्ता, पलामू

PR 359301 District(25-26).D

**कार्यालय-कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०, लातेहार**
(E-mail ID- nrep.ltr@gmail.com)

**नोटिस**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या 08/2025-26/EE/NREP/LATEHAR जिसका PR No. –358354 (Rural Development)25-26*D में प्रकाशित निविदा में को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 359330 Rural Development(25-26).D

**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
District Planning Office, Latehar, 829206

**R.F.P**

REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FOR SELECTION OF AGENCY FOR SUPPLY, INSTALLATION, TESTING & COMMISSIONING OF KITCHEN EQUIPMENT AS "MODULAR KITCHEN" AT ST RESIDENTIAL SCHOOL CHHIPADOHAR, LATEHAR

**Fact Sheet**

| | |
|---|---|
| Name of the work | Request for Proposal (RFP) for selection of Agency for Supply, Installation, Testing & Commissioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" at ST Residential School Chhipadohar, Latehar. |
| Office of Issue | Office of the District Planning Officer, Latehar |
| Date of Publication of RFP | 11/08/2025, 11:00 AM |
| Last date and time for submission of bids. Address for Bid Submission | 25/08/2025, 05:00PM at http://jharkhandtenders.gov.in |
| Date and time for technical bid opening | 28/08/2025, 11:00 AM |
| Date and time for financial bid opening and evaluation | 28/08/2025, 3:00 pm |
| Tender Fee online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 5000/- |
| Earnest Money Deposit (EMD) online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 1,00,000/- (One lakh rupees only) |
| Method of selection | Cost -Based Selection (CBS) Method - **State 1: -** The eligibility criteria documents as per Annexture-A, Bid Fee & EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first state. The bidders meeting the Technical Evaluation criteria only will be shortlisted for further Financial Bid evaluation **State 2: -** Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. |

Note:
1. The Office of the District Planning Office, Latehar reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet.
3. Complete Bid Document, terms & conditions are available on official website of the district: - https://latehar.nic.in/
**Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.**

District Planning Officer Latehar

PR 359316 Planning and Development (25-26)_D

**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
District Planning Office, Latehar, 829206

**R.F.P**

REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FOR SELECTION OF AGENCY FOR SUPPLY, INSTALLATION, TESTING & COMMISSIONING OF KITCHEN EQUIPMENT AS "MODULAR KITCHEN" AT KGBV RESIDENTIAL SCHOOL BARWADIH, LATEHAR

**Fact Sheet**

| | |
|---|---|
| Name of the work | Request for Proposal (RFP) for selection of Agency for Supply, Installation, Testing & Commissioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" at KGBV Residential School Barwadih, Latehar. |
| Office of Issue | Office of the District Planning Officer, Latehar |
| Date of Publication of RFP | 11/08/2025, 11:00 AM |
| Last date and time for submission of bids. Address for Bid Submission | 25/08/2025, 05:00PM at http://jharkhandtenders.gov.in |
| Date and time for technical bid opening | 28/08/2025, 11:00 AM |
| Date and time for financial bid opening and evaluation | 28/08/2025, 3:00 pm |
| Tender Fee online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 5000/- |
| Earnest Money Deposit (EMD) online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 1,00,000/- (One lakh rupees only) |
| Method of selection | Cost -Based Selection (CBS) Method - **State 1: -** The eligibility criteria documents as per Annexture-A, Bid Fee & EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first state. The bidders meeting the Technical Evaluation criteria only will be shortlisted for further Financial Bid evaluation **State 2: -** Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. |

Note:
1. The Office of the District Planning Office, Latehar reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet.
3. Complete Bid Document, terms & conditions are available on official website of the district: - https://latehar.nic.in/
**Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.**

District Planning Officer Latehar

PR 359314 Planning and Development(25-26)D

### दलीप ट्रॉफी की सभी टीमों की लिस्ट

- **साउथ जोन:** तिलक वर्मा (कप्तान), मोहम्मद अजहरुद्दीन (उप-कप्तान), तन्मय अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल, मोहित काले, सलमान निजार, नारायण जगदीसन, त्रिपुरना विजय, आर साई किशोर, तनय त्यागराजन, विजयकुमार वैशाक, निधीश एमडी, रिकी भुई, बासिल एनपी, गुरजापनीत सिंह, स्नेहल कौथंकर।
**स्टैंडबाय:** मोहित रेडकर, आर स्मरन, अंकित शर्मा, एडहेन एप्पल टॉम, आंद्रे सिद्धार्थ, शेख रशीद
- **ईस्ट जोन:** ईशान किशन (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन (उप-कप्तान), संदीप पटनायक, विराट सिंह, डेनिश दास, श्रीदाम पॉल, शरनदीप सिंह, कुमार कुशाग्र, रियान पराग, उत्कर्ष सिंह, मनीषि, सूरज सिंधु जायसवाल, मुकेश कुमार, आकाश दीप, मोहम्मद शमी।
**स्टैंडबाय:** मुख्तार हुसैन, आसिरवाद स्वैन, वैभव सूर्यवंशी, स्वस्तिक सामल, सुदीप केआर घरामी, राहुल सिंह
- **वेस्ट जोन:** शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, आर्य देसाई, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, रुतुराज गायकवाड़, जयमीत पटेल, मनन हिंगराजिया, सौरभ नवाले (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, तनुश कोटियन, धर्मेंद्रसिंह जडेजा, तुषार देशपांडे, अर्जन नागवासवाला।
**स्टैंडबाय:** महेश पिथिया, शिवालिक शर्मा, मुकेश चौधरी, सिद्धार्थ देसाई, चिंतन गाजा, उर्वील पटेल, मुशीर खान

# स्टार खिलाड़ियों के बीच होगी जंग




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का नया घरेलू क्रिकेट सीजन 28 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। इस सीजन की शुरुआत दलीप ट्रॉफी से होगी। इस बार दलीप ट्रॉफी पुराने जोनल फॉर्मेट में खेली जाएगी। इस बार टूर्नामेंट में पहले की तरह 6 टीमें हिस्सा लेने वाली हैं। देश के तमाम बड़े खिलाड़ियों को नॉर्थ, साउथ, वेस्ट, ईस्ट, सेंट्रल और नॉर्थ ईस्ट जोन की टीमों में बांटा गया है। ये सभी मैच बेंगलुरु के नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे। इस फर्स्ट-क्लास टूर्नामेंट में कई बड़े खिलाड़ी खेलते हुए दिखेंगे जिनमें भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह और अभिमन्यु ईश्वरन शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेले थे। इसके अलावा श्रेयस अय्यर, ईशान किशन और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ी भी वापसी करने के लिए बेताब होंगे। पिछला सीजन ये टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में खेला गया था। लेकिन इस बार नॉकआउट मुकाबले भी होंगे। 2023 में हुए पिछले जोनल एडिशन के फाइनलिस्ट, साउथ जोन और वेस्ट जोन सीधे सेमीफाइनल में खेलेंगे। बाकी चार टीमें सेंट्रल, ईस्ट, नॉर्थ और नॉर्थईस्ट क्वार्टरफाइनल में भिड़ेंगी।

### दलीप ट्रॉफी की सभी टीमों की लिस्ट

- **नॉर्थ जोन:** शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजुरिया, अंकित कुमार (उप-कप्तान), आयुष बडोनी, यश ढुल, अंकित कलसी, निशांत संधू, साहिल लोटरा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी, कन्हैया वाधवान।
**स्टैंडबाय:** शुभम अरोड़ा (विकेटकीपर), जस्करनवीर सिंह पॉल, रवि चौहान, आबिद मुश्ताक, निशंक बिरला, उमर नजीर, दिवेश शर्मा
- **सेंट्रल जोन:** ध्रुव जुरेल (कप्तान/विकेटकीपर), रजत पाटीदार, आर्यन जुयाल, दानिश मालेवार, संजीत देसाई, कुलदीप यादव, आदित्य ठाकरे, दीपक चाहर, सरंश जैन, आयुष पांडे, शुभम शर्मा, यश राठौड़, हर्ष दुबे, मानव सुथार, खलील अहमद।
**स्टैंडबाय:** माधव कौशिक, यश ठाकुर, युवराज चौधरी, महिपाल लोमरोर, कुलदीप सेन, उपेंद्र यादव

**नार्थईस्ट जोन की टीम का ऐलान नहीं हुआ है**

### क्वार्टरफाइनल का शेड्यूल इस प्रकार है

**क्वार्टरफाइनल 1: 28-31 अगस्त, 2025: नॉर्थ जोन बनाम ईस्ट जोन**
**क्वार्टरफाइनल 2: 28-31 अगस्त, 2025: सेंट्रल जोन बनाम नॉर्थईस्ट जोन**
**सेमीफाइनल 1: 4-7 सितंबर, 2025: साउथ जोन बनाम क्वार्टरफाइनल 1 का विजेता**
**सेमीफाइनल 2: 4-7 सितंबर, 2025: नॉर्थ जोन बनाम क्वार्टरफाइनल 2 का विजेता**
**फाइनल: 11-15 सितंबर, 2025: सेमीफाइनल 1 का विजेता बनाम सेमीफाइनल 2 का विजेता**

### पाकिस्तान बनाम वेस्टइंडीज

# निर्णायक होगा तीसरा वनडे

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बीच त्रिनिदाद में वनडे सीरीज का तीसरा और निर्णायक मैच खेला जाना है। सीरीज का पहला मैच पांच विकेट से जीतने के बाद मेहमान टीम को अगले मुकाबले में डकवर्थ-लुईस नियम के तहत पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। सीरीज का दूसरा मैच बारिश से प्रभावित रहा, जिसमें पाकिस्तान ने 37 ओवरों में सात विकेट खोकर 171 रन बनाए। वेस्टइंडीज को डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 35 ओवरों में 181 रन का टारगेट मिला, जिसे मेजबान टीम ने 10 गेंदें शेष रहते हासिल कर लिया। पाकिस्तान को तीसरे वनडे मुकाबले में सलमान आगा और मोहम्मद रिजवान से बल्लेबाजी में उम्मीदें होंगी, जबकि गेंदबाजी का जिम्मा शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के पर होगा। वहीं, वेस्टइंडीज की टीम कीसी कार्टी और शाई होप से बल्लेबाजी को मजबूती देने की उम्मीद करेगी, जबकि जेडन सील्स और रोस्टन चेज पाकिस्तान के बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।

पाकिस्तान ने साल 1975 से अब तक वेस्टइंडीज के खिलाफ 139 वनडे मैच खेले, जिसमें वेस्टइंडीज का पलड़ा भारी रहा है। पाकिस्तान की टीम अब तक 64 मैच जीत सकी है, जबकि वेस्टइंडीज के नाम 72 मुकाबले रहे। वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ छह साल से भी ज्यादा समय बाद वनडे मैच जीता है। इससे पहले मई 2019 में वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के विरुद्ध वनडे मैच सात विकेट से अपने नाम किया था।

वेस्टइंडीज की नजरें वनडे विश्व कप 2027 पर हैं। यह टीम साल 2023 में इस प्रमुख टूर्नामेंट में जगह बनाने से चूक गई थी। वेस्टइंडीज की टीमः ब्रैंडन किंग, इविन लुईस, कीसी कार्टी, शाई होप (कप्तान और विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोस्टन चेज, जस्टिन ग्रीव्स, गुडाकेश मोटी, शमर जोसेफ, जेडन सील्स, जेदिया ब्लेड्स, रोमारियो शेफर्ड, ज्वेल एंड्रयू, जोहान लेने और अमीर जंगू।

## रिजवान को अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद



**एजेंसी। त्रिनिदाद**

वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के निर्णायक मुकाबले से पहले पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने भरोसा जताया कि उनके गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

बारिश से प्रभावित दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर सीरीज़ 1-1 से बराबर कर दी। यह मैच सोमवार को त्रिनिदाद एंड टोबैगो के ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी मैदान में खेला गया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए पाकिस्तान ने 37 ओवर में 7 विकेट पर 171 रन बनाए। हसन नवाज़ और हुसैन तलत ने तीस-तीस रन की अहम पारियां खेलीं। बीच-बीच में बारिश रुकावट बनी। डकवर्थ-लुईस-स्टर्न (डीएलएस) नियम के तहत वेस्टइंडीज़ को 35 ओवर में 181 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उन्होंने 10 गेंद शेष रहते ही हासिल कर लिया। रोस्टन चेज़ और जस्टिन ग्रीव्स ने 72 गेंदों में नाबाद 77 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई।

चेज़ और ग्रीव्स ने पाकिस्तान के पार्ट-टाइम गेंदबाज सैम अय्यूब और सलमान आगा पर जमकर रन बनाए। दोनों ने अपने-अपने स्पेल में 33-33 रन दिए।

आईसीसी ने रिजवान के हवाले से कहा कि वह अभी यह तय नहीं कर पाए हैं कि ये दोनों खिलाड़ी फाइनल में खेलेंगे या नहीं, लेकिन अगर मौका मिला तो उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कहा, "आज हमारे पांचवें गेंदबाज़ ने ज़्यादा रन दे दिए, लेकिन हाल के वर्षों में, सलमान आगा और सैम अयूब दोनों

## इंग्लैंड से लौटे आकाश दीप

**रोहतास।** भारतीय क्रिकेटर आकाश दीप ने इंग्लैंड दौरे पर गेंद के साथ बल्ले से भी बेहतरीन योगदान दिया। इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया ने सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म की, जिसके बाद आकाश दीप अपने गृहनगर लौटे। रोहतास आगमन पर उनका भव्य स्वागत हुआ। फैंस ने आकाशदीप का स्वागत फूल-माला के साथ किया। कुछ लोग हाथ में तिरंगा लिए नजर आए। फैंस ने अपने इस हीरो के साथ सेल्फी भी ली। आकाश दीप ने इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में खेले गए सीरीज के दूसरे मुकाबले में कुल 10 विकेट अपने नाम किए थे। पहली पारी में चार विकेट लेने के बाद आकाश दीप ने इंग्लैंड की दूसरी पारी में छह शिकार किए थे। उनके इस प्रदर्शन की बदौलत टीम इंडिया ने मैच 336 रन से जीता। इसके बाद लॉर्ड्स टेस्ट में आकाश दीप ने एक विकेट अपने नाम किया। 'द ओवल' में खेला गया पांचवां टेस्ट निर्णायक था, जिसमें आकाश दीप ने 2 विकेट लेने के अलावा 66 रन की जुझारू पारी भी खेली। आकाश दीप चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। उन्होंने भारत की दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल के साथ 107 रन की साझेदारी की।

# रोहित शर्मा में अब भी भूख : कोच दिनेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**



रोहित शर्मा के बचपन के कोच दिनेश लाड मानते हैं कि इस सलामी बल्लेबाज को वनडे विश्व कप-2027 में खेलना चाहिए। साल 2027 में वर्ल्ड कप अक्टूबर और नवंबर 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में आयोजित होगा।

रोहित शर्मा इस साल की शुरुआत में बतौर कप्तान भारत को चैंपियंस ट्रॉफी जिता चुके हैं। उन्होंने इंग्लैंड दौरे से पहले मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया। 38 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीतने के बाद इस फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान किया था।

आगामी वनडे विश्व कप में दो साल से ज्यादा का समय है। इस बीच भारत ने कई वनडे मैच खेलने हैं, लेकिन इस फॉर्मेट में रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं।

अनुभवी कोच ने रोहित को वनडे विश्व कप-2011 से बाहर किए जाने की घटना को याद करते हुए उन्होंने कहा कि इस दाएं हाथ के बल्लेबाज में अभी भी देश के लिए योगदान देने की 'भूख' और 'दृढ़ संकल्प' है।

लाड ने आईएएनएस से कहा, "रोहित शर्मा को वनडे विश्व कप-2027 में जरूर खेलना चाहिए। ट्रॉफी जीतना हमेशा से उनका सपना रहा है। हालांकि, वह 2011 की विजयी टीम का हिस्सा बनने से चूक गए। रोहित टीम का नेतृत्व करेंगे या नहीं, यह बीसीसीआई और चयनकर्ताओं को तय करना है, लेकिन उन्हें विश्व कप टीम का हिस्सा होना चाहिए।"

रोहित शर्मा भारत के लिए 273 वनडे मैच खेले चुके हैं, जिसमें उन्होंने 32 शतक और 58 अर्धशतक के साथ 11,168 रन बनाए। उनके नाम इस फॉर्मेट में तीन दोहरे शतक लगाने का अनोखा रिकॉर्ड भी है।

### विमेंस वर्ल्ड कप से पहले युवराज सिंह की सलाह, बोले-

# उम्मीदों के बोझ तले न दबें खिलाड़ी

**एजेंसी। मुंबई**




पूर्व भारतीय स्टार युवराज सिंह ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को परिस्थिति के अनुसार खेलने और फैंस की भारी उम्मीदों के बोझ तले न दबने की सलाह दी है। भारतीय महिला टीम 30 सितंबर से शुरू हो रहे वनडे विश्व कप में ट्रॉफी के सूखे को खत्म करने की उम्मीद कर रही है।

भारत को साल 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले युवराज सिंह सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में मौजूद थे। यहां युवी ने कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी को यह विश्वास रखना होगा कि वह अपने दम पर मैच जीत सकता है।

युवराज सिंह ने कहा, "परिस्थिति के अनुसार खेलें, उम्मीदों के अनुसार नहीं। यह इतिहास रचने का एक शानदार मौका है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप शुरुआत से ही इसे जीतने के बारे में सोचते रहें। आपको इसका पूरा अनुभव करना होगा। आपको यह महसूस करना होगा कि आपने पूरी प्रक्रिया में मेहनत की है और परिणाम जरूर आएंगे।"

उन्होंने कहा, "अगर आप विश्व कप जीतना चाहते हैं, तो दबाव में होंगे, चीजें ठीक नहीं होंगी। ऐसे में अनुभव और आत्मविश्वास की जरूरत होती है। यह विश्वास होना चाहिए कि आप उस दिन अपने देश के लिए मैच जीतना चाहते हैं।"

पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कहा, "आप यह नहीं सोच सकते कि हरमन, स्मृति या जेमिमा मैच जिताएंगी। आपको यह विश्वास होना चाहिए कि आप हर मैच अपने दम पर जीत सकते हैं।"

वहीं, महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने भी खिलाड़ियों से टूर्नामेंट में अपना शत-प्रतिशत देने की बात कही।



## एयर इंडिया का ऐलान, 1 सितंबर से दिल्ली-वॉशिंगटन डीसी के लिए उड़ान सेवाएं बंद

**एजेंसी। गुरुग्राम**




एयर इंडिया ने सोमवार को घोषणा की है कि वह 1 सितंबर से दिल्ली और वॉशिंगटन डीसी के बीच सीधी उड़ानें अस्थायी रूप से बंद कर रहा है। यह फैसला कुछ संचालन से जुड़ी वजहों के चलते लिया गया है ताकि एयर इंडिया अपने पूरे रूट नेटवर्क की विश्वसनीयता बनाए रख सके।

यह सेवा रोकने का मुख्य कारण एयर इंडिया के बेड़े में विमान की अस्थायी कमी है। एयर इंडिया ने पिछले महीने 26 बोइंग 787-8 विमानों का रीफिटिंग (नई सजावट और सुविधाएं) कार्यक्रम शुरू किया है। इस बड़े बदलाव का मकसद यात्रियों को बेहतर अनुभव देना है, लेकिन इसके कारण कई विमान लंबे समय तक सेवा से बाहर रहेंगे। यह प्रक्रिया 2026 के अंत तक जारी रहेगी। इसके अलावा, पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र के अब भी बंद होने से लंबी दूरी की उड़ानों का रूट लंबा और जटिल हो गया है, जिससे संचालन में और दिक्कतें आ रही हैं। जिन यात्रियों ने 1 सितंबर 2025 के बाद वॉशिंगटन डीसी के लिए एयर इंडिया से टिकट बुक किए हैं, उन्हें एयर इंडिया की तरफ से संपर्क किया जाएगा। उन्हें अन्य विकल्प दिए जाएंगे, जिसमें दूसरी उड़ानों पर बुकिंग या पूरा रिफंड जैसा ऑप्शन शामिल है। एयर इंडिया वॉशिंगटन डीसी के लिए सीधी उड़ान बंद कर रही है, लेकिन यात्री अब भी एयर इंडिया के चार अमेरिकी गेटवे (न्यूयॉर्क, नेवार्क, शिकागो और सैन फ्रांसिस्को) से एक स्टॉप के साथ यात्रा कर सकते हैं। इन रूट्स पर एयर इंडिया की साझेदारी अलास्का एयरलाइंस, यूनाइटेड एयरलाइंस और डेल्टा एयर लाइंस के साथ है, जिससे यात्रियों को एक ही टिकट और सीधे गंतव्य तक चेक-इन बैगेज की सुविधा मिलेगी।

# मिनिमम बैलेंस पर फैसला लेने का अधिकार बैंकों का अपना : आरबीआई



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने नॉन सैलरी अकाउंट के लिए मिनिमम बैलेंस लिमिट को लेकर सोमवार को कहा कि मिनिमम अमाउंट को लेकर निर्णय बैंकों द्वारा लिया जाएगा क्योंकि यह फैसला किसी भी नियामक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत नहीं आता है। आरबीआई गवर्नर की ओर से यह बात आईसीआईसीआई बैंक द्वारा मिनिमम एवरेज बैलेंस बढ़ाए जाने के बाद कही गई है। सोमवार को गुजरात में एक वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के साइडलाइन में मीडिया द्वारा आईसीआईसीआई बैंक के नए नियमों को लेकर आरबीआई की प्रतिक्रिया पूछे जाने पर गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, "केंद्रीय बैंक ने मिनिमम एवरेज बैलेंस तय करने का काम बैंकों पर छोड़ दिया है।" उन्होंने आगे कहा कि कुछ बैंकों ने इस सीमा को 10,000 रुपए तय किया है तो वहीं कुछ बैंकों ने ग्राहकों के लिए इस सीमा को 2000 रुपए रखा है। हालांकि, बहुत से ऐसे भी बैंक हैं, जिन्होंने अपने ग्राहकों के लिए इसे पूरी तरह से हटा दिया है। उन्होंने कहा "यह फैसला रेगुलेटरी डोमेन में नहीं आता है।" भारत के दूसरे सबसे बड़े ऋणदाता आईसीआईसीआई बैंक की ओर से हाल ही में सेविंग अकाउंट में न्यूनतम बैलेंस रखने पर नए नियम लागू किए गए है। बैंक की वेबसाइट पर जारी नवीनतम अधिसूचना के अनुसार, मेट्रो और शहरी क्षेत्रों के नए ग्राहकों के लिए मिनिमम एवरेज बैलेंस 10,000 रुपए से बढ़ाकर 50,000 रुपए कर दिया गया है। बैंक के नए नियम इस महीने 1 अगस्त से लागू हो चुके हैं। हालांकि पुराने ग्राहकों के लिए मिनिमम एवरेज बैलेंस 10,000 रुपए ही रहेगी। अर्ध-शहरी क्षेत्रों

### डिजिटल लिटरेसी की ओर बढ़ाएं अपने कदम : आरबीआई गवर्नर

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को महिला सशक्तीकरण और डिजिटल लिटरेसी को बढ़ावा देने पर जोर दिया। गुजरात के मेहसाणा जिले में स्थित गोजरिया गांव में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की ओर से आयोजित केवाईसी अपडेट एवं जन सुरक्षा संतृप्ति कार्यक्रम में पहुंचे आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मुझे यह जानकर बेहद खुशी हुई है कि यहां के लोगों ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए काम किया है। महिलाएं पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। उन्होंने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा, "यहां महिला को सरपंच बनाया गया है, जो कि महिला सशक्तीकरण की एक मिसाल है।" उन्होंने सभी से डिजिटल साक्षरता की ओर अपने कदम बढ़ाने का आग्रह करते हुए कहा, "जैसा कि पहले कहा जाता था कि अगर आप पढ़ेंगे नहीं तो बढ़ेंगे नहीं, ठीक यही बात आज के समय में 'डिजिटल लिटरेसी' पर लागू होती है। क्योंकि डिजिटल लिटरेसी के बिना आपकी शिक्षा अधूरी है।" उन्होंने आगे बताया कि डिजिटल लिटरेसी के लिए सरकार और केंद्रीय बैंक दोनों की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यूपीआई की बढ़ते महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि एक क्लिक में आप दूर दराज के गांव में भी आसानी से पैसे भेज सकते हैं।

## एफआईआई की वापसी से भारतीय शेयर बाजार में उछाल

**एजेंसी। मुंबई**



पिछले कारोबारी सत्र की गिरावट के बाद सोमवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की खरीदारी के बीच भारतीय शेयर बाजार लगभग 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ।

एफआईआई की वापसी, पहली तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के सकारात्मक नतीजों और व्यापक बाजार में खरीदारी ने तेजी के रुझान को बढ़ावा दिया। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) द्वारा जारी किए गए मजबूत म्यूचुअल फंड प्रवाह आंकड़ों ने भी आखिरी कारोबारी घंटों में बाजार की गति को बढ़ाया। सेंसेक्स 746.29 अंक या 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,604.08 पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला सूचकांक पिछले सत्र के 79,857.79 के बंद स्तर के बाद शुरुआत में फ्लैट रहा। बाद में, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की वापसी और जुलाई के मजबूत म्यूचुअल फंड प्रवाह आंकड़ों के बीच सूचकांक में कुल मिलाकर भारी खरीदारी देखी गई। सूचकांक ने दिन के कारोबार में 80,636.05 का उच्चतम स्तर छुआ। निफ्टी 221.75 अंक या 0.91 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,585.05 पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "बाजार में तीन महीने के निचले स्तर के बाद राहत भरी तेजी देखी गई; सकारात्मक वैश्विक संकेतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की क्रमिक वापसी ने धारणा को बल दिया।"बैंकिंग क्षेत्र की प्रमुख कंपनी के पहली तिमाही के नतीजों के बीच सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने सुर्खियाँ बटोरीं, जबकि सभी क्षेत्रों में व्यापक गति देखी गई। नायर ने कहा कि निवेशक इस सप्ताह होने वाले अमेरिका-रूस समिट का सकारात्मक आकलन कर रहे हैं, जिससे भू-राजनीतिक तनाव में कमी आने की संभावना है।